राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-247
लखनऊ, शनिवार 27 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कांग्रेस राजनीति के तालिबानीकरण पर उतारू : योगी आदित्यनाथ 03

ओबीसी विरोधी पार्टी है कांग्रेस : अमित शाह 12

# दूसरे चरण में हुआ 61 प्रतिशत मतदान

## लोकसभा चुनाव 2024 के इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर हुई वोटिंग

▸ कई राज्यों में 60 फीसदी से अधिक हुआ मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 60.7 प्रतिशत औसत मतदान हुआ है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान कराया गया।

शाम पांच बजे तक असम में 70.66 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 67.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90 प्रतिशत, केरल में 63.97 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत, मणिपुर में 76.06 प्रतिशत, राजस्थान में 59.19 प्रतिशत, त्रिपुरा में 77.53 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 52.74 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा राजस्थान की बागीदौरा सीट पर 73.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान हो रहा है। केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एर्नाकुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान हो रहा है। त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व ; उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, बुलन्दशहर; पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान हो रहा है।



### मेरठ में ईवीएम खराब होने से मतदान बाधित

**मेरठ, समृद्धि न्यूज।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान चल रहा है। मेरठ के लखवाया बूथ पर ईवीएम मशीन खराब होने से मतदान बाधित रहा। बाद में ईवीएम बदलने पर मतदान शुरू हुआ। भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने हापुड़ में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया मेरठ लोकसभा सीट के लखवाया गांव में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दौरान लगभग 55 मिनट तक ईवीएम मशीन खराब रही। ईवीएम मशीन खराब होने के बाद मतदान बाधित हुआ और इससे मतदाता परेशान रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट दूसरी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे। जिसके बाद दोबारा से मतदान शुरू हुआ। इसके बाद मतदाताओं ने राहत की सांस ली। मेरठ सीट से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने शुक्रवार को हापुड़ में आर्य कन्या पाठशाला में बने मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। अरुण गोविल ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है। भाजपा के मुकाबले में कोई नहीं है। 400 पार सीटों के साथ नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। मेरठ में भाजपा के सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी, सांसद राजेंद्र अग्रवाल, सांसद कांता कर्दम, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, महापौर हरिकांत अहलूवालिया ने भी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद लोगों से मतदान करने की अपील की।

### यूपी की आठ सीटों पर हुआ 52.74 प्रतिशत मतदान




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण में प्रदेश की 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों 09-अमरोहा, 10-मेरठ, 11-बागपत, 12-गाज़ियाबाद, 13-गौतमबुद्धनगर, 14-बुलंदशहर (अ0जा0), 15-अलीगढ तथा 17-मथुरा में मतदान शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ। निर्वाचन क्षेत्र 09 जनपदों अमरोहा, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़ तथा मथुरा में अवस्थित हैं। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जनपदों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सायं 05 बजे तक 52.74 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें 09-अमरोहा 61.89 प्रतिशत, 10-मेरठ 55.49 प्रतिशत, 11-बागपत 52.74 प्रतिशत, 12-गाजियाबाद 48.21 प्रतिशत, 13-गौतमबुद्धनगर 51.66 प्रतिशत, 14-बुलंदशहर (अ0जा0) 54.34 प्रतिशत, 15-अलीगढ 54.36 प्रतिशत तथा 17-मथुरा 46.96 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय के 7वें तल स्थित सभाकक्ष में प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में द्वितीय चरण के मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाये रखे जाने के उद्देश्य से प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु कुल 8852 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। उक्त के अतिरिक्त 967 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की गई। द्वितीय चरण के पोस्टल बैलेट मतदान हेतु अर्ह श्रेणियां में 9,746 मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट कास्ट किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की बैलेट पेपर से मतदान की याचिका

▸ जस्टिस दत्ता ने लोकतंत्र विश्वासों में सामंजस्य स्थापित करने पर दिया जोर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान) 100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली याचिकाएं पर शुक्रवार को सर्वसम्मति से खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर अलग-अलग, लेकिन सहमति वाली फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि दो निर्देश जारी किए कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील कर दिया जाना चाहिए और 45 दिनों की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि ईवीएम नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपीएटी को मतगणना के परिणाम घोषित होने के 07 दिनों के भीतर (माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम में नष्ट हुई मेमोरी की जांच) उम्मीदवार के लिखित अनुरोध पर विनिर्माण कंपनियों के इंजीनियरों एक टीम द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में आने वाले खर्च अनुरोध करने वाले संबंधित उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा। इसके विपरित यदि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ पाई जाती है तो अनुरोध करने वाले उम्मीदवार/उम्मीदवारों को खर्च वापस किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा कि उसने ईवीएम और वीवीपैट प्रोटोकॉल का अध्ययन करने के बाद निर्देश पारित किये। न्यायमूर्ति दत्ता ने लोकतंत्र विश्वासों में सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया कि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रणाली लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। शीर्ष अदालत ने कहा, हमारे दृष्टिकोण को साक्ष्य और कारणों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर सार्थक सुधार के लिए जगह मिल सके। इसके द्वारा हम अपने लोकतंत्र की नींव को मजबूत कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने 93 बच्चों को लेकर जा रही संदिग्ध बस को पकड़ा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवकाली के पास पुलिस ने समुदाय विशेष के 93 बच्चों और मौलवी को लेकर जा रही संदिग्ध बस को पकड़ लिया है। अयोध्या थाने की पुलिस के मुताबिक इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। यह बस बच्चों को लेकर बिहार के अररिया से सहारनपुर के देवबंद स्थित किसी मदरसे में जा रही थी। फिलहाल इंटेलिजेंस और पुलिस की टीम बस के चालक-परिचालक और मौलवी से पूछताछ कर रहे हैं। सभी बच्चों को पुलिस लाइन ले जाया गया है। इस मामले में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 640.33 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** लगातार दूसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में 2.28 अरब डॉलर लुढ़कर 640.33 अरब डॉलर रहा गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 19 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार कई सप्ताह तक बढ़ने के बाद 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब रह गया था। मुद्रा भंडार का अहम घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.79 अरब डॉलर घटकर 560.86 अरब डॉलर रह गई है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 1.01 अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। हालांकि, विशेष आहरण अधिकार 4.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.03 अरब डॉलर रह गया है। आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित जमा भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रह गई है।

### पंजाब में संगठित आपराधिक गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने केंद्रीय एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में चरणजीत सिंह उर्फ राजू शूटर द्वारा संचालित संगठित आपराधिक गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने को बताया कि सितंबर 2023 में यह गिरोह तरनतारन के गांव ढोटियां में एक बैंक को लूटने के असफल प्रयास में शामिल था, जिसमें आरोपी व्यक्तियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## 16 दिन से एमडीएम को तरस रहे बच्चे, प्रधान को दिया नोटिस

समृद्धि न्यूज

**हमीरपुर।** ग्राम प्रधान की लापरवाही के कारण विकासखंड कुरारा के चकोठी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चे 16 दिनों से मिड डे मील के लिए तरस रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने इसकी जांच कराई और प्रधान की लापरवाही को देखते हुए शुक्रवार को उसे नोटिस देखकर तत्काल मिड डे मील की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि चकोठी गांव के ग्रामीणों ने प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को मिड डे मील न मिलने की शिकायत की गई थी। जिस पर उन्होंने गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अजीत कुमार निगम व जिला समन्वयक समग्र शिक्षा हमीरपुर को भेजकर मामले की संयुक्त रूप से स्थलीय जांच कराई। जांच के दौरान संयुक्त रूप से बताया कि विद्यालय में बीते 10 अप्रैल से मध्याह्न भोजन नहीं बन रहा है। जिसका मुख्य कारण ग्राम प्रधान ने माह जुलाई 2023 से चेक पर हस्ताक्षर पारित न किए जाने के कारण कोई धनराशि आहरित नहीं हो सकी।

## दरभंगा में आतिशबाजी से लगी आग में परिवार के छह लोगों की मौत

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को यहां बताया कि अंटोर गांव में गुरुवार की देर रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी। शामियाना एवं बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बारातियों ने पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की, जिससे शामियाना में आग लग गई।

## लखनऊ पूर्वी से भाजपा के ओपी श्रीवास्तव ने दाखिल किया नामांकन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रस्तावक त्रिलोक अधिकारी, महानगर महामंत्री,अरुण कुमार तिवारी पार्षद राजीव गांधी द्वितीय वार्ड साथ में उपस्थित रहे।

बता दें कि इससे पहले भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओं के साथ अपना नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे।



इस दौरान उनके साथ भाजपा का झंडा लिए लोगों का भारी हुजूम उमड़ा। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी आज सुबह अपने घर से हनुमान सेतु मंदिर पहुंचे जहां दर्शन-पूजन करने के बाद वो कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। बीजेपी प्रत्याशी के नामांकन जुलूस में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल, बीजेपी युवा नेता नीरज सिंह, एमएलसी, लखनऊ के चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, लखनऊ महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सुधीर हलवासिया सहित भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा-सपा सहित 14 ने खरीदा नामांकन पत्र

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव के लिहाज से सियासी माहौल नामांकन बिक्री के पहले ही दिन दिलचस्प हो गया। समर्थकों ने पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार और पूर्व मंत्री मतेश सोनकर के नाम पर पर्चे खरीद कर सभी को चौंका दिया। हालांकि, दोनों ही नेताओं ने अभी इस बाबत साफ तौर पर कुछ भी बोलने से इंकार किया है। कौशाम्बी संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान होना है। इसके पहले शुक्रवार से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो गई। पहले दिन कुल 14 प्रत्याशियों ने पर्चे की खरीद की।

## केन्द्र से भेजा पैसा खा जाते हैं ममता सरकार के मंत्री : मोदी

एजेंसी

**कोलकाता।** देश भर के 13 राज्यों की 88 सीटों पर शुक्रवार को दूसरे चरण के लिए मतदान के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि केंद्र से जो भी पैसा बंगाल के लोगों के लिए भेजा जाता है, उसे ममता बनर्जी के मंत्री और नेता खा जाते हैं। मालदा में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आप लोग इतनी



बड़ी संख्या में आए हैं कि मैदान छोटा पड़ गया है। पीएम मोदी ने कहा कि यहां क्या-क्या नहीं हो रहा है। यहां शिक्षक घोटाला, राशन घोटाला सब कुछ चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने गरीबों को पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना को रोक रखा है। इसके अलावा हमने बंगाल के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत आठ हजार करोड़ रुपये भेजे हैं। इसे भी बंगाल की टीएमसी सरकार ने रोक रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल को आपकी चिंता और परेशानी से कोई लेना-देना नहीं है।

### बीजेपी ने भ्रष्टाचारियों, माफिया को अपने गोदाम में रखा : अखिलेश



**एटा।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि भाजपा ने देश के सभी ''भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और माफिया'' को अपने गोदाम में रख लिया है। सपा प्रमुख ने एटा लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य के समर्थन में चुनावी बॉण्ड का मुद्दा भी उठाया और दावा किया कि मौजूदा महंगाई की वजह इस चंदे के रूप में की गई वसूली है। यादव ने आरोप लगाया, भाजपा ने जो चंदा लिया वह चंदा नहीं है, बल्कि वह वसूली है और भाजपा के लोग चुनावी बॉण्ड के बारे में बात नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, देश में जितने भी भ्रष्टाचारी, अपराधी, माफिया हैं, भाजपा ने उन्हें अपने गोदाम में रख लिया। बैंकों को लूटने और उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं।

## जयपुर एयरपोर्ट को फिर मिली बस से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** एक बार फिर जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिला है। मेल मिलने के बाद प्रशासन ने आनन फानन में पूरे एयरपोर्ट परिसर की तलाशी ली गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। इस पर एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस पूरे मामले को लेकर जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज करवाया है। इस मामले की जांच साइबर टीम भी कर रही है। पुलिस के अनुसार जयपुर एयरपोर्ट की ऑफिशियल मेल आईडी पर शुक्रवार दोपहर ई-मेल के जरिए अज्ञात व्यक्ति ने एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी दी।

## संदेशखाली में सीबीआई का छापा, बंदूकें भारी मात्रा में गोला व बारूद बरामद

एजेंसी

**कोलकाता।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किये गये।

अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखाली में उस समय हमला किया गया था, जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी।अधिकारियों के मुताबिक जांच के दौरान जानकारी मिली थी कि संदेशखाली में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं। इसके बाद शुक्रवार सुबह सीबीआई की टीम ने तलाशी अभियान प्रारंभ किया और उस दौरान विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार बरामद हुए। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर केंद्रीय एजेंसी ने पांच जनवरी की घटनाओं पर तीन प्राथमिकी दर्ज की थीं।

## न्याय की निष्पक्षता व कानूनी प्रणाली को खतरे में डाल रही पुलिसिया जांच

समृद्धि न्यूज

▸ डीजीपी को तत्काल एक्शन लेने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपराधों की जांच करने वाली पुलिस की जांच प्रक्रिया सहित उसके द्वारा दाखिल किए जा रहे आरोप पत्रों पर गम्भीर टिप्पणी की है। कहा है कि पुलिसिया जांच न्यायिक निष्पक्षता और कानूनी प्रणाली को खतरे में खड़ा कर रही है।

कोर्ट ने ऐसे मामलों में पुलिस महानिदेशक से हस्तक्षेप करने की जरूरत बताई और कहा कि तुरंत उचित दिशा निर्देश जारी कर जरूरी कदम उठाए जाने की जरूरत है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने आगरा के शाहगंज थाने में हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी पर जमानत की मांग कर रहे याची भूदेव और फर्रूखाबाद के शमशाबाद थाने में दर्ज प्राथमिकी की याचिका पर जमानत की मांग कर रहे सूरज सिंह की जमानत अर्जी पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है।

दरअसल मामले में प्राथमिकी आईपीसी की धारा 302 के तहत दर्ज हुई थी लेकिन जांच अधिकारी ने 302 को परिवर्तित करते हुए उसे 306 में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। कोर्ट ने कहा कि दोनों ही मामले में जांच अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों से यह नहीं पता चल रहा है कि मृतक ने खुद जहर खाया था या उसे आरोपी व्यक्तियों द्वारा दिया गया था।

लोकतंत्र का उत्सव

### 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने जीती थी 14 में 13 सीटें, कई मंत्रियों की परीक्षा

## पांचवें चरण में यूपी की 14 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरु

**अवध व बुन्देलखंड की इन सीटों में मोहनलालगंज सु., लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन सु., झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी सु., बाराबंकी सु., फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा शामिल**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश की 14 सीटों पर नामांकन दाखिले की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। अवध और बुन्देलखंड की इन सीटों में मोहनलालगंज सु., लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन सु., झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी सु., बाराबंकी सु., फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा शामिल हैं। इन सीटों पर तीन मई तक नामांकन दाखिला होगा। चार मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। छह मई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 20 मई को मतदान होगा। इन 14 में चार सीटें सुरक्षित हैं।

इन सीटों में कई प्रतिष्ठा वाली सीटें मानी जाती हैं। लखनऊ सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फिर भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं, लखनऊ के ग्रामीण इलाके की सीट मोहनलालगंज सु.सीट पर केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर को भाजपा ने फिर प्रत्याशी बनाया है। अमेठी सीट पर पिछले चुनाव में कांग्रेस के राहुल गांधी को हराने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी फिर भाजपा प्रत्याशी हैं। इण्डिया गठबंधन से अभी तक अमेठी व रायबरेली जैसी प्रतिष्ठित सीट पर सस्पेंस है। जालौन सु. सीट पर मौजूदा केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।



### 2019 में कई जगह लहराया था भगवा

2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में मोहनलालगंज सु. कौशल किशोर भाजपा 629999 पाकर विजयी हुए, प्रमुख विपक्षी सीएल. वर्मा बसपा 539795 वोट पाकर दूसरे नम्बर पर थे। लखनऊ में राजनाथ सिंह भाजपा ने 633026 मत पाकर कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णन को हराया था। प्रमोद कृष्णन को 180011 मत मिले थे। वही रायबरेली में सोनिया गांधी कांग्रेस ने 534918 मत पाकर दिनेश प्रताप सिंह भाजपा को हराया था। दिनेश प्रताप सिंह को 367740 मत ही मिल सके थे। अमेठी से बीजेपी की स्मृति ईरानी ने 468514 मत है हासिल कर कांग्रेस के राहुल गांधी को पराजित किया था। हमीरपुर कुं.पुष्पेन्द्र चन्देल भाजपा, बांदा आरके सिंह पटेल भाजपा, फतेहपुर निरंजन ज्योति भाजपा, कौशाम्बी सु. विनोद सोनकर भाजपा, बाराबंकी सु. उपेन्द्र रावत भाजपा, फैजाबाद लल्लू सिंह भाजपा, कैसरगंज बृजभूषण शरण भाजपा और गोण्डा कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा ने भगवा लहराया था।

# आग लगने से पांच घर जले, नकदी समेत सामान जला

**सूचना पाकर गोला कोतवाली पुलिस और क्षेत्रीय लेखपाल भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के होने वाले नुकसान की जाँच की**



**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

गोला कोतवाली क्षेत्र के गांव दलेल नगर में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से पांच घर जल गए जिससे पचपन हजार रूपये की नकदी समेत अन्य घरेलू सामान जल गया। गोला कोतवाली क्षेत्र के गांव दलेल नगर निवासी श्रीकेशन के यहां सुबह करीब दस बजे अचानक आग लग गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमक़ल की टीम और ग्रामीण ज़ब तक आग पर काबू पाते तब तक पांच लोगों के घर आग की चपेट में आ गए। श्रीकेशन के यहां 21अप्रैल को बिटिया की शादी हुई थी। जिसके दहेज़ का सामान भी कुछ रखा हुआ था। श्रीकेशन की पत्नी सुमन देवी ने बताया आग की चपेट में आने से चालीस हजार की नगदी समेत दहेज़ में आये बर्तन समेत अन्य घरेलू सामान जल गया। राजाराम के घर में रखी दस हजार की नकदी समेत साईकिल, और सारा अनाज जलकर राख हो गया। बालक राम के पांच रूपये, चारा काटने वाली मशीन अनाज समेत सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जबकि रमेश और सुमित के मात्र छप्पर जल पाए थे तब ग्रामीणों और दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया। सूचना पाकर गोला कोतवाली पुलिस और क्षेत्रीय लेखपाल भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के होने वाले नुकसान की जाँच की।

## डांगा गांव में आग लगने के दो दर्जन घर जलकर राख



तिकुनिया खीरी। समृद्धि न्यूज कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के डांगा गांव में आग लगने के कारण दो दर्जन घर जलकर राख हो गए वही परिजनों को रो रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार दुधवा नेशनल पार्क के जंगलों से निकली आग ने खेतो से होते हुए डांगा गावँ में पहुच गई जिसकी वजह से डांगा गांव के लगभग दो दर्जन घर जलकर पूरी तरह राख हो गए आग इतनी भयानक थी कि कोई नजदीक नही जा पा रहा था इस दौरान एसएसबी के रघुनगर व डांगा के जवानों ने काफी कड़ी मशक्कत कर महिलाओं व बच्चों को गांव से बाहर निकाला इस दौरान तेज हवा चलने के कारण रोड बाए तरफ आग थी लेकिन हवा तेज होने के कारण रोड पार करके बीच गांव में जलने लग गया मौके पर एसएसबी के जवान,ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियो ने आग पर किसी तरह काबू पाया। इस दौरान एसडीएम अश्वनी कुमार,तहसीलदार भीमचंद, एसएसबी कंपनी कमांडर रघुनगर संजय कुमार व डांगा रौनक त्यागी,कोतवाल मनोज कुमार चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार सहित काफी संख्या में जवान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# बाइक नहर में गिरने से युवक की मौत, शव बरामद

**शुक्रवार की सुबह पुलिस ने शव को निकलवाकर परिवार को सूचना दी**

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली गोला की पुलिस चौकी मूड़ा खुर्द (सवारान)क्षेत्र में एक युवक का शव बाइक सहित नहर में देखा गया। शव नहर में पानी के अंदर बाइक उसके ऊपर थी और वह नीचे दबा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के मूड़ा खुर्द में एक युवक का शव सुबह नहर में दिखाई पड़ा। नहर में शव देखकर लोगो में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते नहर में शव मिलने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरफ फैल गई और देखने वालो का तांता लग गया। स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया और गाड़ी के कागज व आधार कार्ड से मृतक युवक की पहचान हुई। मृतक युवक का नाम अजय कुमार उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र सुरेश कश्यप जोकि तहसील पलिया के निरालानगर का निवासी था। घटना गुरूवार देर रात्रि की है। मृतक अजय कुमार मूड़ा क्षेत्र में पड़ने वाले गांव तिनावा में एक समारोह में आया था वही से वापस अपने घर पलिया जा रहा था। लोगो का मानना है वापस घर जाते समय बाइक अनियंत्रित हो गयी होगी जिससे वह सीधे नहर में जा गिरा होगा और दोबारा न उठ पाया। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने शव को निकलवाकर परिवार को सूचना दी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



**वर्जन**

सूचना मिलने पर जब पहुंचे थे तो शव बाइक के नीचे ही दबा हुआ था। परिजनों को सूचित कर, शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

मूड़ा चौकी प्रभारी हेमन्त कटियार

# बसपा ने घोषणा पत्र प्रगति के दस कदम के नाम से किया जारी

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

जिले मैं चौथे चरण का मतदान 13 मई को संपन्न होना है। जिसको लेकर सभी राजनैतिक दल अपने-अपने घोषणा पत्र जनता के बीच पहुंचा रहे हैं। 26 अप्रैल शुक्रवार को बसपा ने अपना घोषणा पत्र प्रगति के दस कदम के नाम से जारी किया है। घोषणा पत्र को लेकर शहर के अस्पताल रोड एसबीआई बिल्डिंग में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई है। जारी किए गए घोषणा पत्र में 10 मुद्दों को दर्शाया गया है जिसमें आम जन की रसोई में मात्र 2 में भरपेट खाना, हर जोन में जन सहायता केंद्र, युवाओं के लिए डिजिटल ट्रेनिंग और ई लाइब्रेरी, महिला सशक्तिकरण केंद्र की स्थापना, महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर, सरकारी ठेकों में स्थानीय श्रमिकों को 70त्न आरक्षण, 30 दिन के अंदर गन्ने की फसल का भुगतान, जिले में पर्यटन विकास, बीज केंद्रों में ग्रीन हाउस प्रशिक्षण, किसानों की जमीन का कोई अधिग्रहण नहीं, सशक्त कानून व्यवस्था, झूठे केस बंद फास्ट्रेक व्यवस्था के केस से त्वरित निदान। हथियार युक्त महिला पुलिस को वरीयता दी गई है।

इसी दौरान बसपा उम्मीदवार को भाकमा संगठन ने समर्थन दिया। भारतीय किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने मंच साझा करते हुए अपने दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ संगठन के अध्यक्ष पिंदर सिंह सिद्धू ने अपना समर्थन दे दिया। सपा भाजपा पर निशाना साधते हुए अंशय कालरा ने कहा यह जुमले बाज सरकार है।

# बरेली के कलाकारों ने कीर्तन से दर्शकों को किया सराबोर

**गोला गोकर्णनाथ खीरी। समृद्धि न्यूज**

छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती 2024 के सांस्कृतिक मंच पर खाटू श्याम का भव्य दरबार बनाकर बरेली के कलाकार राम श्याम द्वारा संगीतमयी वाद्यंत्रों पर कीर्तन कर दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। सांस्कृतिक मंच पर खाटूश्यामजी के संकीर्तन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सेवादार सुखविंदर सिंह टोनी, अध्यक्ष श्याम दीवाने सेवा समिति दीपक राजपूत, आर्य समाज प्रतिनिधि सभा उप्र के पदाधिकारी श्रवण माहेश्वरी, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधान श्री गुरुद्वारा समिति ज्ञानी गुरमुख सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर बरेली के भजन गायक राम श्याम बन्धु द्वारा खाटू श्याम जी की प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत बाबा तेरी फुल कृपा है, दे दो दरश सांवरे। हम श्याम के दीवाने तू खाटू हम हैं दीवाने तेरे नाम के। क्यो घबराऊं मै मैरा तो श्याम से नाता है। काली कमली बाला मेरा यार है। सारी दुनिया है दीवानी राधा रानी आपकी। सखि सपने में एक अनोखी बात हो गई। सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये हैं गाकर ऐसा रंग जमाया कि दर्शकदीर्घा में बैठे दर्शक देर रात तक भक्ति रस में झूमते रहे।

सांस्कृतिक मंच का संचालन करते हुए मेला प्रभारी मोहित गिरि ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष व्यापार मण्डल अरुण अवस्थी, नगर अध्यक्ष विनोद मिश्रा, विजय मिश्रा, संजीव गुप्ता, आदर्श सोनी,श्री श्याम दिवाने सेवा समिति संरक्षक अनिल जलोटा, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, रामसिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# इंडोनेशिया से बने विश्व कीर्तिमान में गोविन्द हुये शामिल

**अपनी सृजनात्मक रचनाओं से विश्व में लोकप्रिय**

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

कवि गोविन्द गुप्ता ने एक और विश्व कीर्तिमान में हिस्सा लेकर जनपद को गौरवान्वित किया है, हमारा तिरंगा चाँद पर पहुँचा,चंद्रयान-3 की सफलता को समर्पित यह विश्व कीर्तिमान उन सभी देशभक्त वैज्ञानिकों को समर्पित है जिन्होंने अपने अनवरत प्रयास से हर भारतवासी का सपना साकार किया इस पुस्तक में गोविन्द गुप्ता की रचनाओं को स्थान दिया गया और औऱ उप सम्पादक का दायित्व भी निभाया है, इस पुस्तक की प्रति



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी भेंट स्वरूप दी जाएगी एवं इसरो के सभी वैज्ञानिकों तक भी यह पुस्तक पहुँचेगी। इंडोनेशिया में रह रही भारतीय मूल की निवासी इंदु नांदल के संयोजन में यह रिकार्ड दर्ज किया गया। विश्व के विभिन्न देशों के रचनाकार इसमे शामिल हुये, मोहम्मदी कस्वे के लिये गौरव है कि मोहम्मदी की प्रतिभा का डंका पूरे विश्व मे बज रहा है,यह करिश्मा गोविन्द गुप्ता अठारहवीं बार कर चुके है,उन्हें बधाई देने वालों में उनके मित्र,पत्रकार,सामाजिक कार्यकर्ता व जन प्रतिनिधि है,।

## जानवर बांधने को लेकर हुई कहासुनी में ससुर ने बहु को पीटा

**पसगवॉ खीरी।** पसगवॉ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पीपरोला कुंवरपुर निवासी प्रेमा पत्नी शेरु कुशवाहा ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि घटना 24 अप्रैल दोपहर 3:00 बजे की है वह अपने जानवर बाध रही थी तभी उसके ससुर सुरेंद्र पुत्र भगवन्नू, देवर आशीष पुत्र सुरेंद्र सुखरानी पत्नी सुरेंद्र ने गाली गलौज किया विरोध करने पर लात घूँसों से पीटा। उसने आरोप लगाते हुए बताया है कि आरोपियों ने उसके पुत्र और बचाने आई उसकी देवरानी रिंकी पत्नी अमन को भी मारा पीटा। विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है?

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की दर्दनाक मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर बारा गांव के निकट आज सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। जानकारी के अनुसार बड़ागांव निवासी अमरनाथ पुत्र राम हरख 65 वर्ष शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे गांव स्थित घर से लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे के किनारे स्थित अपनी बाग में महुआ बिना ने आ रहे थे कि तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची एंबुलेंस ने घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचा है जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, लड़की सहित दो घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना लोनी कटरा अंतर्गत बीरमपुर मोड़ के निकट कार सवार द्वारा पीछे से टक्कर मार देने से बाइक सवार लड़की सहित दो लोग घायल हो गए। गंभीर घायल लड़की को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी बिन्नू दीक्षित गांव की ही रहने वाली पूजा पुत्री लल्लू पासी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर कान्हीपुर चौराहा की तरफ आ रहे थे। सुबह लगभग 9:30 बजे जब वह मोटरसाइकिल से बीरमपुर मोड़ के निकट पहुंचे कि तभी गौरी की ओर से आ रही कार ने पीछे से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते पूजा को रेफर कर दिया गया।

### मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शराब के नशे धुत्त होकर मारपीट करने वाले चार लोगों के विरुद्ध जैदपुर पुलिस द्वारा मुक़दमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। बताते चलें कि विजय कुमार पुत्र सुखलाल निवासी नवाबपुर कोडरी थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि दिनांक 10/4/2024 की रात लगभग 9 बजे उसकी पत्नी अपने घर के पास खडी थी।और पुरानी दुश्मनी को लेकर नशे में चूर मुन्नालाल अपनी पत्नी के साथ आकर गंदी गन्दी गालियां देते हुये मारने लगे। जिससे पीड़ित की पत्नी की उंगली टूट गयी। और काफी चोटिल भी लग गयी।

### मजदूरी का पैसा मांगने पर दबंगों ने दलित को पीटा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** मजदूरी का पैसा मांगने गए एक दलित मजदूर की पिटाई कर दी गई। पिता की तहरीर पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं। कोतवाली हैदरगढ़ के कादीपुर मजरे शाहपुर निवासी पुत्ती रावत ने बताया कि उनका पुत्र हेमराज कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मजरे बारा गांव में शुक्रवार की शाम गेहूं की मड़ाई का पैसा मांगने के लिए गया हुआ था जहां पर ओमप्रकाश व उनके भतीजे सुनील ने बुरी तरह पिटाई कर दी इस घटना में मेरे बेटे का सिर फट गया है।

## विवाहिता से अश्लीलता करने वाले तीन पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** रात में शौच के लिये निकली महिला से अश्लील हरकतें व पति को मारने पीटने पर एसपी के आदेश पर जैदपुर पुलिस एक अभियुक्त सहित तीन अज्ञात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज जांच पड़ताल में जुट गयी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पनिहल का जहां संजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि वो मज़दूरी का काम करता है। 17/3/2024 की रात में 8 बजे उसकी पत्नी शौच के लिए गयी थी। रास्ते में मैसर पुत्र रहमत अली के अश्लील हरकतें करने पर महिला चिल्लाने लगी। अपने को फंसता देख धमकी देते हुये फरार हो गया। 18/3/2024/ को पीड़ित का पति उक्त बातें पूछने लगा तो विपक्षी गालियां देते हुये लात धूंसों से मारा जिसकी शिकायत जैदपुर थाने पर करने पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।





## आंगनबाड़ी केंद्र पर हुआ दीक्षांत समारोह

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर बाल विकास परियोजना सिरौलीगौसपुर में 6 वर्ष पुर्ण करने वाले बच्चो का दीक्षांत समारोह कराया गया । जिसमें आंगनवाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चो को परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराए जाने के बारे में चर्चा की गई । समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी संजय राय बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा की उपस्तिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया । बच्चो को रोली टीका लगाकर अभिभावक को बच्चो का मूल्यांकन कार्ड खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा वितरित किया गया तथा बच्चो को प्राथमिक विद्यालय में एडमिशन कराने हेतु प्रेरित भी किया गया। जिसमें रॉकेट लर्निंग से पंकज का भी योगदान रहा । सिरौलीगौसपुर में कुल 172 आंगनवाड़ी केंद्र है जिसमे से 6 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चो की सांख्या 1081 है। शुक्रवार को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर दीक्षांत समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया।

# नहर में पानी न होने से किसानों की फसल हो रही बर्बाद

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

सिंचाई विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते सीतापुर रजबहा खण्ड द्वितीय में पानी संचालन मानक के अनुरूप न होने के कारण नहर में लगे कुलाबो से पानी नहीं निकल पा रहा है। किसानों की गन्ने की फसल सिंचाई के अभाव में सुख रही है।

किसानों के हितों का दम भरने वाली भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी किसानों के हितों को दरकिनार कर अपनी मनमानी पूर्वक नहरों में पानी का संचालन करते हैं। किसानों में त्राहि त्राहि मची हुई है। सीतापुर रजवाहा खंड द्वितीय में पानी का संचालन तो किया जा रहा है किंतु नहर से पानी ही नहीं निकलता। गांव गरीब किसान के हितों का दम भरने वाले भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि किसानो की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं जिसके कारण किसानो की गन्ने की फसल खेतों में सूख रही है। किसानों का कथन है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा देश के प्रधानमंत्री के नाम पर गांव गरीब किसान द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई गई किंतु किसान के हितों का कोई भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। लोकसभा के चुनाव में किसानो की अनदेखी का खामियाजा भारतीय जनता पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। क्षेत्रीय किसानों ने बताया मात्र एक सप्ताह सीतापुर रजबहा खंड द्वितीय में पानी का संचालन मानक के अनुरूप किया गया जिससे कुछ किसानों ने अपनी फसलों की सिंचाई कर ली। गरीब किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पाए। जब गरीब किसानों का सिंचाई करने का समय आया तब नहर में पानी का संचालन ही बंद कर दिया गया। लघु सीमांत किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी खीरी से सीतापुर रजवाखंड द्वितीय में पानी का संचालन मानक के अनुरूप कराए जाने की मांग की है।



# तनुज पुनिया ने तेज किया जनसम्पर्क, मांगा समर्थन

**सरौली गौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने शुक्रवार को ब्लाक सिरौलीगौसपुर के ग्राम अमरा कटेहरा, शेषपुर टुटरु, सिरौलीगुंग ,मदरापुर, बदोसराय सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों में बैठक कर लोगों से भारी मतों से जिताने की अपील किया। इस अवसर पर गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि किसानों नौजवानों की आशाओं का गठबंधन है।

इंडिया गठबंधन किसानों नौजवानों बेरोजगारों के सतत विकास का संपूर्ण वादा करता है। भारतीय जनता पार्टी जनता की मूलभूत आकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी। भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पूरे देश से समाप्त कर देना चाहती है। उन्होंने ने कहा कि रामनगर विधानसभा के लोगो ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास किया है। कांग्रेस नेता न्याय पंचायत किन्तूर के प्रभारी बदरुद्दीन वारसी के संयोजन में आयोजित नुक्कड़ सभा को ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमें एक साथ कई मोर्चों पर लड़ना है संवैधानिक मूल्यो को बचाने के लिए आपको आगे आना होगा। कार्यकर्ता जनता के बल पर इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी भारी बहुमत से जीतेगा ।ऐसा हमें विश्वास है। पूर्व सदस्य जिला पंचायत विनोद यादव, आदिल काजमी, नियाज अंसारी , अमित कुमार त्रिवेदी, औन मियां,संजय यादव, माता प्रसाद यादव ,अंकुर यादव ,राहुल यादव ,रामलखन अवस्थी सुधांशु वर्मा, शिवकुमार यादव सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## नामांकन प्रक्रिया शुरू सजाया गया नामांकन स्थल

**बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार के निर्देशन में नामांकन स्थल को आदर्श नामांकन स्थल के रुप में स्थापित किया गया है। नामांकन स्थल की बहुत ही भव्य सजावट की गई है, जिससे नामांकन स्थल पर आने वाले लोगो को सुखद अनुभूति हो। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, उप जिलाधिकारी विजय त्रिवेदी तथा अन्य अधिकारियो के साथ नामांकन स्थल का स्थल का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव का पर्व देश का महापर्व है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर तोड़ी शादी, मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

दहेजलोभियों ने शादी मे सिफ्ट डिजायर गाडी एवं एक लाख इक्यावन हजार की मांग पूरी न करने पर शादी से इंकार कर दिया पीड़िता की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर निवासी रामशंकर मौर्या की पुत्री रिचा मौर्या की शादी अभिषेक कुमार मौर्य पुत्र राम कुशल मौर्य निवासी परसपुर रोड निकट बस स्टाप करनेलगंज गोंडा से तय हुई थी तथा पिछले वर्ष 16 मार्च को महादेवा मे दिखाई हुई थी जिसमे शादी की सहमति बनी थी तथा दोनो पक्षों का आना जाना शुरु हो गया था कुछ दिन बाद वर पक्ष के लोगो ने शादी मे सिफ्ट डिजायर गाड़ी व एक लाख इक्यावन हजार की मांग करते हुए शादी से इंकार कर दिया।

जिसपर रिचा की माता ने करनेलगंज कोतवाली मे तहरीर दी 27 दिसंबर को करनेलगंज कोतवाली मे हुए समझौते मे शादी के वर पक्ष तैयार हो गये थे और 26 अप्रेल को वरीक्षा होनी थी लेकिन दहेज लोभियों ने पुनः गाड़ी व नगदी न मिलने पर शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर अभिषेक मौर्य, रामकुशल मौर्य व लड़के की माता सुनीता पर दहेज की मांग का मुकदमा दर्ज कराया है।

# नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन आठ प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन पत्र



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के निर्वाचन क्षेत्र-53 बाराबंकी (अनु.जाति) के अंतर्गत पहले दिन 08 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत, निर्दलीय प्रत्याशी राम अनुज पुत्र स्व जंगबहादुर, स्वतन्त्र अभिव्यक्ति पार्टी से आशादेवी पत्नी राम प्रवेश निवासी मऊ जानीपुर, डॉ भीमराव अंबेडकर दल से सन्तोष रावत, राष्ट्रीय विकल्प पार्टी से सुधा गौतम पुत्री रामप्रसाद निवासी सिद्धार्थनगर पैसार, निर्दलीय रामलखन पासी, निवासी लखनऊ, आवामी समता पार्टी से महेन्द्र कुमार निवासी सीतापुर और निर्दलीय प्रत्याशी बाबूराम पुत्र दूधनाथ निवासी जमालपुर हैदरगढ़ ने अपना नामांकन पत्र क्रय किया है वहीं भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने अपना नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार के समक्ष दाखिल किया।

# भाजपा का झूठ फरेब आया जनता के सामने : रामसागर

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

भाजपा सरकार की झूठ फरेब की कहानी जनता के सामने आ गयी है देश की जनता को विश्वास हो गया है कि भाजपा विकास की नहीं बदले की राजनीति करती है भाई से भाई के बीच नफरत की दीवार खड़ी करने वालों को सत्ता में बने रहने का कोई हक नही है पिछले दस वर्षो से भाजपा सबका साथ सबका विकास का राग अलाप रही है लेकिन हकीकत में दस सालों मे भाजपा ने अपने पूंजीपति मित्रों को ही लाभ पहुंचाया है और किसानों, नौजवानों मजदूरों सभी के अरमानों का गला घोटने का काम किया है गांव गरीब खलिहान की खुशहाली के लिये इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को हाथ के पंजे के निशान का बटन दबाकर भारी बहुमत से कामयाब बनायें।



उक्त उद्गार पूर्व सांसद राम सागर रावत ने आज सिविल लाइन रोड स्थित श्रीमती मोहसिना किदवई जी की कोठी में इण्डिया गठबन्धन के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के पश्चात् कही, जिसमें मुख्य रूप से सपा विधायक सुरेश यादव, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व सांसद पी.एल.पुनिया, विजय बहादुर वर्मा, इरफान कुरैशी, अजय रावत, जियाउररहमान, आदर्श वर्मा, अंकित वर्मा, अखिलेश वर्मा, रमन द्विवेदी, रमेश कश्यप, दिलशाद वारसी, अन्नपूर्णा तिवारी, मीरा गौतम, तस्लीमन खान, मुइनुद्दीन अंसारी, मजहर अजीज मज्जू, शब्बर, अकील अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में सपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता का फाइनल 27 को

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

शुक्रवार को सतरिख स्थित टी.आर.सी. लॉ कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल तथा सेमीफाइनल राउण्ड आयोजित किया गया।

मूटकोर्ट के द्वितीय दिवस प्रारम्भिक चरण के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। शनिवार को प्रतियोगिता का फाइनल चरण आयोजित किया जाएगा। शनिवार को फाइनल चरण के बाद सम्मान समारोह कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस क्वार्टर फाइनल चरण आयोजित किया गया जिसमें कुल आठ टीम 2, टीम 3, टीम 5, टीम 10, टीम 11, टीम 15, टीम 16 एवं टीम 18 ने प्रतिभाग किया। क्वार्टर फाइल को डा. आलोक पाण्डेय, अमित वी महाजन, डॉ. नितेश चतुर्वेदी, रुदांश सिंह ने जज किया। प्रतियोगिता के द्वितीय सत्र के शुरू होने से पूर्व प्रथम सत्र में आयोजित क्वार्टर फाइनल चरण के प्रतिभागियों को विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार गुप्ता द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं निर्णय देने वाले जजों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया।

## विद्युत चोरी रोकने गई टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला, मुकदमा दर्ज

**मसौली, बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर कटरा मे विद्युत चोरी रोकने पहुंची विद्युत विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया जिसमे अवर अभियंता को चोटे आयी है तथा ग्रामीणों ने मोबाइल तोड़ दिया है। अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बताते चले कि विद्युत उपकेंद्र मसौली के अवर अभियंता लालजी सिंह को सूचना मिली कि रामपुर कटरा मे कुछ लोग डायरेक्ट कटिया बांध कर लूम चला रहे है मौके पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने देखा कि अतीक उर रहमान पुत्र महफूज उर रहमान का लूम विद्युत चोरी से चलाया जा रहा है।

# देश में बहुजन-हितैषी अच्छी सरकार के लिए वोट करने के लिए आगे आएं : मायावती

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पश्चिम की आठ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान शुक्रवार सुबह सात बजे शुरू हो गया है। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। अपने सोशल अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए मायावती ने कहा कि देश में आज लोकसभा के लिए दूसरे चरण के मतदान हो रहा है। इसमें खासकर गरीबों, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं व अन्य वंचितों को यह जरूर सोचना है कि भाजपा के अच्छे दिन तो आपने ला दिए लेकिन आपके 'अच्छे दिन' लाने के उनके बहुप्रचारित लुभावने वादे का क्या हुआ? बल्कि उनका जीवन इतना त्रस्त क्यों है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 'गरीबी हटाओ' की तरह भाजपा द्वारा भी बड़ी वादाखिलाफी, जबकि देश को संविधान के मानवतावादी व कल्याणकारी पवित्र उद्देश्य के तहत चलाकर बहुजनों का अपेक्षित विकास सरकार का मूल कर्तव्य। फिर करोड़ों गरीबों, एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों का जीवन लगातार लाचार, बदहाल क्यों? बसपा प्रमुख ने आगे कहा कि किसी व्यक्ति या पार्टी विशेष के बजाय देश व देश के करीब सवा सौ करोड़ मेहनतकश जनता की गरीबी व बेरोजगारी-मुक्त 'अच्छे दिन' लाने के लिए वोट करने में ही देश व जनहित निहित। देश में बहुजन-हितैषी 'अच्छी सरकार' के लिए वोट करने के लिए आगे आयें। अतः 'पहले मतदान फिर जलपान'।

# आयोग के निर्देशों के पालन में कोताही बर्दाश्त नहीं : रिणवा

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 494 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 25 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4677 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,62,973 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 21,23,557 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 7807 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7948 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 418 बम बरामद कर सीज किया गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3285 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 149 केन्द्रों को सीज किया गया। 25 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 40 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 116 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,266 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 83 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 92 कारतूस बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 54 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 01 केन्द्र को सीज किया गया।

### प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों के कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 25 अप्रैल तक 32281.70 लाख की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3181.54 लाख रुपये नकद धनराशि, 4435.47 लाख की शराब, 21346.72 लाख की ड्रग, 2161.59 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 अप्रैल को 127.51 लाख की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 13.93 लाख रुपये नकद, 49.95 लाख की 18628.60 लीटर शराब, 63.62 लाख की 193367.70 ग्राम ड्रग व 0.01 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी। 25 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में मिर्जापुर की मड़िहान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 38 लाख की 152000 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

## खबरें एक नजर में

### 42 डिग्री तापमान के साथ का सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में सुबह से ही चटक धूप के साथ में हवाएं चल रही हैं। अप्रैल में ही भीषण गर्मी बढ़ने से लोग परेशान हो रहे हैं। घरों से निकलने वाले लोग चेहरा ढक कर और जरूरी उपाय कर घर से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग सड़क किनारे पेड़-पौधे के नीचे, छाया वाली जगहों पर रूक-रूक कर सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज शुक्रवार को लखनऊ में इस वर्ष का सबसे अधिक तापमान 42 डिग्री तक दर्ज किया गया, जो कि सामान्य तापमान से करीब तीन डिग्री तक ज्यादा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि तेज धूप निकलने के साथ तापमान में अब अगले कुछ दिनों तक लगातारबढ़त देखने को मिलेगी। तापमान अभी इस साल के अधिकतम स्तर तक पहुंच जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को तापमान 25 डिग्री से 42 डिग्री के बीच में रहेगा। विभाग का पूर्वानुमान है कि 1 मई तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री के आसपास बना रहेगा। लखनऊ में बारिश की कोई संभावना भी नहीं है।
पारा में बंद मकान को चोरों ने खंगाला,

### लाखों रूपए की नकदी व जेवरात ले गए चोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रूपये की नकदी और जेवरात चोरी कर ले गए । चोरों की करतूत पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित की लिखित शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर चोरों की तलाश शुरू कर दी हैं। पारा इलाके में स्थित सन सिटी नरपत खेड़ा में आशुतोष कुमार द्विवेदी एक निजी कंपनी में काम कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। उन्होंने जानकारी देते बताया कि वह बीती 22अप्रैल को परिवार संग अपने पैतृक गांव जनपद अंबेडकर नगर गए हुए थे,बीती गुरुवार देर शाम पड़ोसी ने उन्हें फोन कर घर में चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही शुक्रवार सुबह वह घर पहुंचे तो देखा कि चोरों ने खिड़की काट कर अंदर दाखिल हुए और सभी कमरों के दरवाजे, अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखी करीब एक लाख रुपए की नकदी सहित लाखों के जेवरात,टीवी व अन्य कीमती सामान सहित घर में लगे कैमरे का डीवीआर उठा ले गए हैं। पीड़ित का कहना है कि घर के पास लगे सीसीटीवी में चोर घर के अंदर जाते दिख गए है। पीड़ित ने पारा कोतवाली पहुंच कर अज्ञात चोरों के खिलाफलिखित तहरीर दी हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं।

### आज के लिए 8वीं तक के स्कूलों का समय बदला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के 8वीं तक के सभी परिषदीय और मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालन के समय में शनिवार के लिए बदलाव किया गया हैं। पहली से आठवीं तक के स्कूलों में सुबह 7.30 से 11.30 बजे तक स्कूलों का संचालन होगा। शुक्रवार को बेसिक शिक्षा विभाग के निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने इससे जुड़ा आदेश राज्य के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारी और मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक को जारी कर दिया। अहम बात ये हैं कि ये बदलाव 28 अप्रैल तक लागू होगा। यानी सिर्फ27 अप्रैल को शनिवार के दिन से इस शेड्यूल से स्कूलों का संचालन किया जाएगा जबकि 28 अप्रैल को रविवार होने के कारण सभी स्कूल बंद रहेंगे इसके बाद 29 अप्रैल से पहले जारी का आदेश के अनुसार सुबह साढे सात बजे से 1 बजे तक स्कूल संचालित किए जाएंगे। बता दें कि 24 अप्रैल तक यूपी के सभी परिषदीय स्कूलों का सुबह 8 बजे से 2 बजे तक का संचालन किया जा रहा था।

### अशोक पांडे ने अवध बार एसो. के अध्यक्ष पद पर किया नामांकन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पांडे ने आज अवध बार एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष पद पर हजारों समर्थकों के बीच नामांकन किया। नामांकन के बाद अपने अधिवक्ता भाइयों के बीच उन्होंने बहुत ही खुले शब्दों में कहा कि अगर न्यायपालिका को बचाना है न्यायिक प्रक्रिया को चुस्त दुरुस्त करना है एवं सभीलोगों को सुलभ सहज न्याय दिलाना है तो इस क्रांतिकारी बदलाव और न्याय व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करना है तो लोग मुझे वोट एंड सपोर्ट करें मैं विश्वास दिलाता हूं न्याय का सम्मान वकीलों का सम्मान और सबको सहज सुलभ न्याय दिलाने एवं बार और बेंच में हनुमान सेतु का काम करूंगा आप सभी से वोट एंड सपोर्ट की अपेक्षा है जिसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं और मेरे सभी शुभचिंतकों अधिवक्ता भाइयों को इस न्याय की लड़ाई में इस सम्मान की लड़ाई में आप सभी जी जान से जुट जाइए और सुभाष चंद्र बोस का जो नारा है तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आप मेरा साथ दीजिए मैं न्याय व्यवस्था को लोगों को सुलभ और सहज न्याय दिलाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाऊंगा यह मेरा आप सबको वादा है।

### हटाए गए पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,21,70,187 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 74,24,648 तथा निजी स्थानों से 47,45,539 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,13,466, पोस्टर के 34,35,430, बैनर के 20,91,697 एवं अन्य 10,84,055 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,43,341, पोस्टर के 21,82,652 बैनर के 11,72,845 एवं अन्य 7,46,701 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में, लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 99 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 105 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है

# कांग्रेस राजनीति के तालिबानीकरण पर उतारू

**सीएम योगी ने कांग्रेस पर साधा निशाना**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राजनीति का तालिबानीकरण करने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि सहयोगी दल मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं यह भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक है।

उन्होंने कहा कि माओवादी दुष्प्रवृत्ति को फिर से लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। पर्सनल लॉ के जरिए तीन तलाक जैसी कुप्रथा को पुनर्स्थापित करके महिलाओं का अपमान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसीलिए इन मुद्दों को आज के परिप्रेक्ष्य में भाजपा पुरजोर तरीके से उठाकर इसका विरोध कर रही है। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार योगी ने कहा कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है। चुनाव में अप्रासंगिक मुद्दे उठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव में उतरी थी। उन्होंने कहा कि पहले चरण का मतदान इन्हीं मुद्दों पर हुआ, मगर विपक्षी गठबंधन के सबसे महत्वपूर्ण घटक कांग्रेस के घोषणापत्र ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने कहा श्श्भाजपा हर हाल में इसका पुरजोर विरोध करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के सलाहकार सैम पित्रोदा का वक्तव्य सबने पढ़ा है और संप्रग सरकार के दौरान रंगनाथ मिश्रा कमेटी और सच्चर कमेटी की रिपोर्ट कांग्रेस लेकर आई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार पिछड़े वर्ग के आरक्षण में जबरदस्ती मुस्लिमों को डालकर ओबीसी के अधिकार का बंदरबांट कर रही है।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दें भाजपा को वोट : ब्रजेश पाठक



**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत की साख दुनिया में बढ़ी है। यह आपके वोट की ताकत से हुआ है।पिछली सरकारों के प्रधानमंत्री को विश्व के लोग गम्भीरता से नहीं लेते थे। जर्मनी के राष्ट्रपति कहते हैं कि मोदी जैसा कोई नहीं। उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिले के इटवा तहसील मुख्यालय पर स्थित माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज के प्रांगण में भाजपा द्वारा आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन में दिया है।

बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। कांग्रेस की सरकार में भारत की छवि भ्रष्टाचार को लेकर थी। इनके कई मंत्री घोटालों में जेल चले गए। वर्ष 2014 में भाजपा की सरकार बनने पर गरीबों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क आवास, उज्ज्वला गैस योजना आदि शुरू की गई। सरकार सत्तर वर्ष तक के लोगों को आयुष्मान कार्ड पांच लाख रुपये तक इलाज की गारंटी दे रही है। कांग्रेस सरकार में गैस के लिए लम्बी लाइन लगती थी। पहले की सरकारों में पीने के लिए शुद्ध पेयजल नहीं मिलता था। लेकिन मोदी जल जीवन मिशन के तहत हर घर को शुद्ध पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में कायाकल्प योजना के तहत व्यवस्था बेहतर की गई है। प्राइवेट विद्यालयों की तरह इसमें भी अच्छी सुविधा मिलने से अब पढ़ने वाले बच्चों की संख्या काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि बिजली की व्यवस्था में भी बहुत सुधार किया गया। सपा सरकार में बिजली इटावा और रामपुर में रहती थी। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं।मेडिकल सीटें दुगनी हो चुकी हैं।सभी जिलों को फोर लेन से जोड़ा जा रहा है। सपा सरकार में गुंडों का आतंक था। अब गुंडों में खौफ है। हमारी सरकार ने प्रदेश को माफिया मुक्त बनाया है। हमारी सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट दिया है। लेकिन सपा ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया था। अब अपराधी गले में पट्टा बांधकर क्षमा मांगते घूम रहे हैं।आपको निर्णय लेना है। भारत की तस्वीर और तकदीर बदलना है। मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं।

### सीएम के खिलाफ शिकायत का आयोग ने लिया संज्ञान, डीएम से मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीएम मथुरा से रिपोर्ट मांगी है। चुनाव आयोग से शिकायत में अमिताभ ठाकुर ने कहा था कि सीएम योगी आदित्यनाथ वोट हासिल करने के लिए मेरठ, मथुरा, बदायूं, बरेली, पीलीभीत सहित अपने चुनावी भाषणों में लगातार अयोध्या के राम मंदिर के साथ मथुरा, काशी प्रकरण तथा कांवड़ यात्रा के संबंध में टिप्पणियां कर रहे हैं, जो आचार संहिता के प्रस्तर 1 के उपप्रस्तर 1 और 3 का उल्लंघन है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसचिव संजय प्रकाश मौर्य ने इस पर डीएम मथुरा को कार्रवाई कर 2 दिनों में तथ्यात्मक आख्या देने का आदेश दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भाजपा द्वारा बड़े-बड़े पोस्टर और होर्डिंग लगाने, बेहिसाब और अभूतपूर्व खर्च करने तथा आधिकारिक एक्स हैंडल से आचार संहिता का उल्लंघन करने की उनकी शिकायत पर भी डीएम लखनऊ को कार्यवाही कर दो दिन में आख्या देने के निर्देश दिए हैं।

### कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने उपचुनाव के लिए किया नामांकन

**लखनऊ।** शुक्रवार को लखनऊ पूर्वी विधानसभा से उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी हैं कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अपनी जीत का दावा कर ते हुए उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है और समाज में फैली नकारात्मक ताकतों का इस उपचुनाव में वो सफाया कर देगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भी हमारे इंडिया गठबंधन की जीत होगी। बता दें कि लखनऊ की पूर्वी विधानसभा सीट भाजपा विधायक आशुतोष टंडन गोपालजी के निधन के चलते रिक्त हुई है। बता दें कि इस सीट के लिए आज ही भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। मुकेश सिंह चौहान कांग्रेस के महासचिव और पार्षद हैं, साथ ही कांग्रेस प्रवक्ता के पद पर भी रह चुके हैं। शुक्रवार को उन्होंने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन में पूर्व विधायक आचार्य रामलाल और आलोक मिश्रा प्रस्तावक बने। इस दौरान मुकेश सिंह चौहान के साथ पूर्व विधायक आचार्य रामलाल, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, और क्षेत्र के हजारों समर्थकों, सहयोगियों, मित्रों, कांग्रेस और सपा इंडिया गठबंधन के नेता भी शामिल रहे।

# तुष्टिकरण कर समाज का विभाजन करने वालों को जनता दे रही जवाब

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने दूसरे चरण की सभी आठ सीटों पर जीत का दावा किया है। उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर कहा कि जिस उत्साह के साथ पहले चरण में प्रदेश की जनता ने भाजपा का साथ दिया था, दूसरे चरण में वह और भी तेज हो गया है। भाजपा सभी सीटें जीत रही है। विपक्षी को जनता ने नकार दिया है।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि इस बार जनता मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति पर विपक्ष को नकार दिया है। जनता ने जाति, पात, पंथ, मजहब के आधार पर बांटने वालों को जवाब दिया है। जब-जब यूपी में इन लोगों की सरकार रही है, तब-तब प्रदेश में गुंडाराज और अपराध बढ़ा है। इस चरण में भाजपा को सभी सीटें मिल रही हैं। यूपी की सभी 80 सीटों ओर भाजपा जीतेगी। एक बार फिर मोदी सरकार बन रही है। हम जनता जनार्दन की सेवा करेंगे। कम वोटिंग पर स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि गर्मी और लू की वजह से मतदान कम हो सकता है लेकिन भाजपा सभी सीटों पर जीत दर्ज कर रही है। राहुल गांधी के अयोध्या जाने के सवाल पर कहा कि पहले यह लोग राम, सनातन और कावंड़ यात्रा का विरोध करते थे। अब राम की बात कर रहे हैं। यह करके अब यह लोग अपना चेहरा छिपा रहे हैं। यह लोग हिन्दू आतंकवाद की बात करते हैं। विपक्ष का चाल चरित्र और चेहरा खतरनाक है। सत्ता में आने के बाद बदल जाते हैं। ओबीसी का हिस्सा छीनकर मुसलमानों को आरक्षण दिए जाने के सवाल पर स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कांग्रेस कभी आरक्षण के पक्ष में थी ही नहीं। भाजपा पूज्य बाबा साहेब आंबेडकर के आदर्शों की अनुयाई है। हम बाबा साहब अम्बेडकर और संविधान को मानने वाले हैं। बाबा साहब द्वारा दिए गए संविधान को कोई समाप्त नहीं कर सकता है। इस मौके पर सहकारिता मंत्री जीपीएस राठौर, भाजपा प्रवक्ता हरिश्चंद्र श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### बड़े पैमाने पर गांजे की तस्करी करने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। गरिफ्तार किए गए आरोपियों के पास से 362 किग्रा गॉजा बरमाद किया गया है। बरामद किए गए गांजे की कीमत 90 लाख बताई जा रही है। एसटीएफने कार्रवाई करते हुए आरोपी जगदीश, गुलाम हसन व ललित को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी प्रयागराज के रहने वाले हैं। गिरफ्तार तीनों आरोपियों के पास से 361.700 किग्रा गांजा, एक आयशर ट्रक, 16,200 रु0 नगद, तीन मोबाइल फोन, एक डीएल, एक पैन कार्ड, आधार कार्ड बरामद किया गया। तीनों आरोपियों को आज दिनांक 26-04-2024 सुबह 07.45 बजे देवताराम तालाब, ग्राम नकरामपुर, थाना फूलपुर, प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया है। पिछले कुछ दिनों से यूपी एसटीएफ को उडीसा, आन्ध्र प्रदेश जैसे राज्यों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएँ मिल रही थी। जिसके बाद एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों व टीमों को गैंग के बारे में जानाकरी जुटाने के लिए लगाया गया।

# पूरा होगा अबकी बार 400 पार का लक्ष्य : धर्मपाल

**परिवारवाद बनाम राष्ट्रवाद के अंतर को लेकर करेंगे संवाद**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने आज फिरोजाबाद में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब, किसान, युवा व महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के साथ भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूरा करना है। परिवारवाद बनाम राष्ट्रवाद के बीच के अंतर को लेकर जनता से संवाद करना है। कांग्रेस, सपा, बसपा सहित सभी

विपक्षी दल कुनबे की मजबूती और युवराजों की ताजपोशी के लिए राजनीति कर रहे है। गरीब के पक्के घर के सपने, 80 करोड़ लोगो तक पहुंचने वाले राशन, किसानों की सम्मान निधि, निशुल्क ईलाज की सुविधा को दलाली तथा कमीशनखोरी करके इंडी गठबंधन के लोग गरीबों के हक को हड़पना चाहते है। इंडी गठबंधन तुष्टिकरण की राजनीति से देश में खत्म हो चुके आतंकवाद तथा नक्सलबाद को फिर जिंदा करना चाहता है। कांग्रेस देश के बहुसंख्यक नागरिकों की मेहनत से कमाई गई संपत्तियों पर कब्जा करके उसे दंगाई, बलबाइयों, उन्मादियों व घुसपठियों के बीच बांटना चाहते है। यह सत्य प्रत्येक बूथ, प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने का काम करना है। धर्मपाल सिंह जिला भाजपा कार्यालय, फिरोजाबाद में लोकसभा संचालन समिति एवं विधानसभा के प्रभारी, संयोजकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में लक्ष्य 80 और अबकी बार 400 पार के लिए चुनाव तक पदाधिकारियों, नेताओ, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ताओं को मतदान पूर्ण होने तक मिलकर व जुटकर काम करना है। पन्ना प्रमुखों की मजबूत संरचना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकारी की योजनाएं तथा ऐतिहासिक निर्णय को जनता तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन आयोजित कियें जाए। मतदाताओं तक परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी का पत्र लेकर हर घर की दहलीज तक पहुंचना है। संगठनात्मक जिम्मेदारी समर्पण, सहयोग व सामंजस्य के साथ निभाना है और मतदान पूर्ण होने तक बूथ पर डटे रहना है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, जम्मू कश्मीर से 370 की समाप्ति, सीएए, तीन तलक पर रोक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक केंद्रों का विकास, गरीब की भलाई के लिए समर्पित मोदी सरकार राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की योजनाएं और निर्णय तथा कार्यकर्ताओं का परिश्रम अबकी बार 400 पार के लक्ष्य पूर्ण करेगा।

# जांच में दोषी अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता और सुपरवाइजर निलंबित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी के जानकीपुरम क्षेत्र में बीते मंगलवार को सीवर में गिरने से आठ साल के मासूम की मौत मामले में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के निर्देश पर सख्त कार्रवाई करते हुए जाँच कर उपरांत दोषी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता और सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया गया है।

कार्यदायी संस्थान एस. के. इंटरप्राइजेज के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा रही है।लखनऊ के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में एपीजे अब्दुल कलाम विवि के पास मंगलवार (23 अप्रैल 2024) को भंडारे से प्रसाद लेकर बहन और अन्य साथियों के साथ लौट रहा सीतापुर के अकबरपुर का रहने वाला आठ साल के शाहरुख खान की खुले सीवर में गिरने से मौत हो गयी थी। बच्चा अपने परिवार के साथ जानकीपुरम सेक्टर सात में रहता था।

घटना की जानकारी होते ही नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। जिसकस उपरांत नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायरफाइटर की संयुक्त कार्यवाही से बच्चे को 18 फिट गहरे मेनहोल से रेस्क्यू करके उसे बाहर निकालकर ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। मंत्री श्री शर्मा ने मामले की विभागीय जांच कराकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

### फर्जी शिकायत निस्तारण में दो पर कार्रवाई की अनुसंशा

**लखनऊ ।** जन समस्याओं के निस्तारण के लिए नगर निगम के एप 311 पर आई शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर सूचना अपलोड़ करने वाले दो नगर निगम कार्मिकों पर अनुशासनात्मक और दण्डात्मक कार्रवाई की अनुसंशा की गई है। उक्त कार्मिक को मय फोटो भेजी गई सूचना को फोटो के साथ छेंडछाड़ कर समस्या का निस्तारण बताकर अपलोड़ कर दिया गया था। जोन छह में नूरबड़ी से कूड़ एकत्र होने की मय फोटो सूचना, काजमैन रोड़ पर कूड़े की फोटो सहित सूचना, सहादतगंज से कूड़े की फोटो सहित सूचना और शाहगंज और बीबीगंज रोड़ से नाले में सिल्ट और एकत्र कूड़े की सूचना मय फोटो भेजकर नागरिकों ने इसके निस्तारण का अनुरोध किया था। इन समस्याओं के निस्तारण की जिम्मेदारी सफाई एंव खादय निरीक्षक रामजी पाण्डेय ओर सफाई निरीक्षक नूरूल हसन की थी।

**कटाक्ष** | यूपी कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने पीएम मोदी से किया सवाल

# मोदी सरकार में फसलों के दाम दोगुने नहीं दर्द हुआ सौ गुना

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रधानमंत्री के आज बरेली में होने वाले रोड़ शो से पहले एक पत्रकार वार्ता हुई। इसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' ने पीएम मोदी से कुछ सवालों के जवाब मांगा।

उन्होंने कहा कि इसी बरेली में फरवरी 2016 में हुई रैली में प्रधानमंत्री ने किसानों से 2022 तक फसलों के दाम दोगुना करने का वादा किया था। प्रधानमंत्री फिर कुछ झूठे वादों के साथ बरेली पहुंच गये। किसानों के फसलों के दाम तो दोगुने नहीं हुए पर दर्द सौ गुना जरूर हो गया। मोदी सरकार के एन.एस.एस.ओ. ने बताया कि किसानों की आमदनी मात्र 27 रुपये प्रतिदिन रह गई है। मोना ने कहा कि सवाल तो यह भी किया जायेगा क्या फसलों के दाम दोगुने करने की बात कर रहे थे और आपकी ही सरकार में फसलों के दाम मांगने पर किसानों के साथ लखीमपुर में बर्बरता की गयी। किसानों को दिल्ली के दरवाजे पर बर्बरता से क्यों मारा गया और उनकी राह में कील और कांटे क्यों बिछाये गये ?

### ओबीसी, एससी और एसटी के अधिकार छीनने की साजिश कर रही कांग्रेस : केशव

लखनऊ,26 अप्रैल 2024 (यूएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अधिकारों को छीनकर इन्हें मुस्लिमों को देने की ''साजिश रची है। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकार छीनकर इन्हें ''घुसपैठियों को देने की कांग्रेस की ''खतरनाक सोच उसके चुनावी घोषणापत्र में स्पष्ट देखी जा सकती है। डिप्टी सीएम कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा, '' उन्होंने अपने घोषणापत्र में साफतौर पर कहा है कि अगर उन्हें मौका दिया गया तो वे बहुसंख्यकवाद को पूरी तरह खत्म (देश में) कर देंगे। हमारे देश में ओबीसी, एससी, एसटी 'बहुसंख्यक हैं। उन्होंने कहा कि 70 साल तक देश के दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के साथ किए गए ''अन्याय की सजा कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में मिलेगी। कांग्रेस ने ''ओबीसी, एससी और एसटी के अधिकारों को छीनने और इन्हें मुसलमानों को देने की साजिश रची है।

### दूसरों पर सवाल खड़ा करने से पहले अपना घर देखें केशव मौर्या : कांग्रेस

लखनऊ,26 अप्रैल 2024 (यूएनएस)। कर्नाटक पर बात करने से पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य जान लें कि कर्नाटक की ही जनता ने 50 फीसदी कमीशन लेने वाली भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर किया था। वह कर्नाटक पर सवाल खड़ा करके कांग्रेस पर सवाल नहीं कर रहे हैं कर्नाटक की देवतुल्य जनता पर सवाल कर रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य उस बीजेपी सरकार के मंत्री हैं जिस सरकार से उत्तर प्रदेश संभल नहीं पा रहा है, जातीय जनगणना पर भाजपा से सवाल नहीं कर पा रहे, निजी स्वार्थ में पिछड़ों, अति पिछड़ों के हितों की जातीय जनगणना जिसकी घोषणा कांग्रेस ने की है ,उसकी तारीफ न करें तो बुराई तो न करें कम से कम, पिछड़े समाज का तो ध्यान रखें।

# मुस्लिम-यादव के साथ ही सजातीय कुर्मी वोटरों को साधने में जुटी सपा

नरेंद्र लाल गुप्ता

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** साल 1998 में गोण्डा लोकसभा सीट पर बाहुबली बृजभूषण शरण सिंह को पराजित कर अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत करने वाले मनकापुर राजघराने के कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने 2004, 2014 और 2019 के चुनाव में भी फतह हासिल कर अपनी लोकप्रियता और रसूख का न सिर्फ लोहा मनवाया, बल्कि जिले की राजनीति के पितामह कहे जाने वाले अपने पिता पूर्व सांसद राजा आनंद सिंह की विरासत को सियासी फलक पर पहुंचाकर अपनी अलग पहचान बनाई है। हालांकि, इस बार उनके लिए चुनाव की डगर बहुत आसान नहीं दिख रही है। सच कहा जाए तो मुस्लिम-यादव वोटों के साथ ही सजातीय कुर्मी मतों के भरोसे रण में उतरीं दिग्गज समाजवादी नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा ने चुनावी समीकरण को बदल दिया है।
एक समय था जब कुंवर आनंद सिंह उर्फ अन्नू भैया की जिले की राजनीति में तूती बोलती थी। गोण्डा लोकसभा सीट पर एकक्षत्र राज करने वाले राजा आनंद सिंह ने पोस्ट ग्रेजुएट करने के बाद वर्ष 1998 में अपने इकलौते बेटे कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को राजनीति की रपटीली राह पर उतार दिया। राजा भैया साल 1998 में गोण्डा लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े और बीजेपी कैंडिडेट बृजभूषण शरण सिंह को पटखनी देकर संसद में पहुंचे। हालांकि एक साल बाद 1999 में हुए चुनाव में वह बृजभूषण शरण सिंह से हार गए थे, लेकिन वर्ष 2004 में पुनः सपा के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने यह सीट भाजपा से छीन ली। राजा भैया ने भाजपा प्रत्याशी रहे घनश्याम शुक्ला को 36,998 वोटों से पराजित किया। वर्ष 2009 में हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बेनी प्रसाद वर्मा ने राजा भैया को 23,675 मतों से हरा दिया था। वर्ष 2014 में राजा भैया ने साइकिल की सवारी छोड़ दी और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने सपा की नंदिता शुक्ला को


कीर्तिवर्धन सिंह श्रेया वर्मा

▸ गोण्डा लोकसभा सीट पर बहुत कठिन है राजा भैया के हैट्रिक की डगर

1,60,416 मतों के भारी अंतर से हराया। इसके बाद साल 2019 में हुए चुनाव में भी कीर्तिवर्धन सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर शानदार जीत हासिल कर गोण्डा लोकसभा सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा। अब लगातार तीसरी बार भाजपा ने मौजूदा सांसद राजा भैया पर भरोसा जताते हुए उन्हें गोण्डा लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। दरअसल, राजा भैया की साफ-सुथरी छवि न सिर्फ उनकी दावेदारी को मजबूती प्रदान करती है,

### पांचों विधानसभा सीटों पर है बीजेपी का कब्जा

गोण्डा लोकसभा क्षेत्र में सदर सीट के अलावा मनकापुर सुरक्षित, मेहनौन, गौरा तथा बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा सीटें आती हैं। इन सभी पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। इनमें बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र प्रतीक भूषण सिंह गोण्डा सदर से विधायक हैं। इनके अलावा मनकापुर से पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री, मेहनौन से विनय कुमार द्विवेदी, गौरा से प्रभात कुमार वर्मा और उतरौला से राम प्रताप वर्मा विधायक हैं।

बल्कि आम आदमी से सीधे जुड़ाव और सरलता उनकी लोकप्रियता को फलक पर पहुंचाती है। राजा भैया जन-विश्वास और उनके भरोसे को ही अपनी पूंजी मानते हैं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भी पूरा भरोसा है। यही वजह है कि अपनी जीत को लेकर वे पूरी तरह आश्वस्त हैं। वह कहते हैं कि इस बार गोण्डा लोकसभा क्षेत्र की जनता हैट्रिक लगाने जा रही है। वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी ने भी राजा भैया के हैट्रिक को रोकने के लिए चुनावी बिसात पर तुरुप का इक्का चला है। सपा ने वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर गोण्डा लोकसभा सीट से चुनाव जीतने वाले दिग्गज समाजवादी नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को मैदान में उतारकर मुश्किलें खड़ी कर दी है। इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी द्वारा अभी तक प्रत्याशी न उतारे जाने से भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच सीधी लड़ाई होती दिखाई दे रही है। सपा कैंडिडेट श्रेया वर्मा अपने दादा बाबूजी (स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा) के अधूरे कामों और उनके सपनों को पूरा करने का दावा कर रही हैं। इसके साथ ही वह विकास का भी मुद्दा पूरी दमदारी से उठा रही हैं। श्रेया वर्मा सीधे जनता के बीच जाकर सवाल करते हुए कहती हैं कि हैं जिस सांसद से फोन पर बात न हो पाती हो, जिस सांसद से मुलाकात न हो पाती हो, जिस सांसद से जनता का भला न होता हो, ऐसा सांसद चुनने से क्या फायदा? दरअसल, समाजवादी पार्टी की नज़र लोकसभा क्षेत्र में अपने वोट बैंक के साथ ही कुर्मी वोटरों पर भी है। श्रेया वर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने के पीछे पार्टी की मंशा जगजाहिर है। बताते हैं कि गोण्डा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण लगभग 22 प्रतिशत, क्षत्रिय करीब 4 प्रतिशत, कुर्मी 14 प्रतिशत, यादव 8 प्रतिशत, दलित 21 प्रतिशत, मुस्लिम 24 फीसदी के साथ ही 7 प्रतिशत अन्य हैं। सपा यह मानकर चल रही है कि 24 फीसदी मुस्लिम, 8 फीसदी यादव और 14 प्रतिशत कुर्मी वोटरों के सहारे नैया पार हो जाएगी। हालांकि, यह भविष्य के गर्भ में है लेकिन इतना तो तय है कि सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने बीजेपी के राजा भैया के हैट्रिक लगाने की डगर को मुश्किल कर दिया है। यहां भाजपा और सपा के बीच कांटे की टक्कर है। जनता के मन में जो सबसे बड़ी बात है वह यह कि श्रेया वर्मा कहीं जीतने के बाद अपने दादा की तरह हरियाणा में ना जाकर बस जाएं जिससे यहां की जनता अपने आप को ठगा महसूस करने लगे?

# डॉक्टर के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

▸ मृतका के पति ने दर्ज कराया मुकदमा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

डॉक्टर के लापरवाही से प्रसूता के मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए यशोदा हॉस्पिटल को सील कर दिया है। वहीं अस्पताल के डॉक्टर के विरुद्ध मृतका के पति के शिकायती पत्र पर गैर इरादतन हत्या सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

खोड़ारे पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में मृतका के पति ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उसकी पत्नी लल्ली देवी गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी को बुक्कनपुर के यशोदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां पर मौजूद डॉक्टर राजेश पाण्डेय ने उसकी पत्नी के आपरेशन करने की बात कहकर पैंतीस हजार रुपया जमा करवाया था। आरोप है कि ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टर राजेश ने लापरवाही पूर्वक लल्ली का ऑपरेशन किया,जिससे जच्चा बच्चा ने दम तोड़ दिया। मृतका के पति ने आरोप लगाते हुए यह भी कहा है कि लापरवाही पूर्वक ऑपरेशन की शिकायत करने पर डॉक्टर राजेश ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए धमकी दी।

पीड़ित के शिकायती पत्र पर खोड़ारे पुलिस ने आरोपी डॉक्टर राजेश के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या,गाली गलौज, जान माल की धमकी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर अस्पताल को सीज कर दिया गया है। अस्पताल के पास केवल ओपीडी करने का रजिस्ट्रेशन है। किसी भी प्रकार की सर्जरी करने के लिए अस्पताल का पंजीकरण नहीं है।




### क्या है पूरा मामला

मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार के 11 बजे प्रसव पीड़ा होने पर खोड़ारे थाना क्षेत्र अंतर्गत केशवनगर ग्रांट पश्चिमी बिजहरिया गांव के रहने वाले रविन्दर शर्मा पुत्र राम स्वरूप शर्मा ने अपने पत्नी लल्ली देवी को प्रसव करवाने के लिए यशोदा हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। इस दौरान मृतका के पति ने मौजूद डाक्टर को ऑपरेशन के लिए 35000 रुपए दिया था। लेकिन ऑपरेशन थिएटर में लेकर जाने के बाद जच्चा और बच्चा की मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने जमकर हंगामा काटा था।

### दोषी पाए जाने पर हुई कार्रवाई

मामले की जानकारी होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित कर दी थी। जांच के दौरान यशोदा अस्पताल के डॉक्टर प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए। जांच में पाया गया कि हॉस्पिटल अनियमित रूप से संचालित हो रहा था। मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल को सील करवा दिया।

# सगे भाइयों के हिस्से की भूमि पत्नी को कर दिया बैनामा

▸ मामले में सात लोगों के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

एक व्यक्ति द्वारा अपने दो सगे भाइयों के हिस्से की भूमि को पत्नी के नाम बैनामा कर देने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सात लोगों के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना कटरा बाजार के ग्राम पूरे बहोरी निवासी अशोक कुमार मिश्रा ने तहरीर में कहा है कि वादी अशोक कुमार मिश्रा के बड़े भाई नरेंद्र कुमार मिश्रा समेत वह तीन भाई हैं। जिसमें बड़े भाई ने सगे भाइयों को धोखा देकर षड्यंत्र के तहत अपने सगे दामाद राजेश कुमार निवासी सर्वांगपुर व समसुल हक से सांठगांठ कर तथ्य को छुपाते हुए कूट रचित दस्तावेज तैयार कर दोनों भाइयों के हक हिस्से की जमीन को हड़पने की नीयत से अपनी पत्नी कमला देवी के नाम बैनामा कर दिया।

जानकारी होने पर वह भाई से पूछने गए,तो लोगों ने उनके साथ गाली गलौज और जानमाल की धमकी देते हुए भगा दिया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर नरेंद्र कुमार मिश्रा निवासी ग्राम पूरे बहोरी, राजेश कुमार निवासी ग्राम सर्वांगपुर, समसुल हक निवासी ग्राम चैपुरवा, कमला देवी निवासिनी पूरे बहोरी, सुशील कुमार, मनोज कुमार, आशुतोष कुमार निवासी कर्नलगंज के विरुद्ध धारा 419,420, 467, 468, 471, 504, 506, 120 बी के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# लोकसभा क्षेत्र गोण्डा से कुल 17 फार्म व कैसरगंज से छह फार्म बिके

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में 26 अप्रैल, 2024 को दो लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। जिसके अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र गोंडा से कुल 11 लोगों ने नामांकन फॉर्म लिया है जिसमें कुल 17 फार्म बिके हैं, इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से 6 लोगों ने नामांकन फार्म लिया है जिसमें कुल 6 फार्म गये हैं।

लोकसभा क्षेत्र गोंडा से कीर्ति वर्धन सिंह के प्रतिनिधि द्वारा दो सेट फॉर्म लिया गया भाजपा पार्टी से, गौतम प्रसाद शर्मा निवासी धौरहरा के द्वारा लोकसभा कैसरगंज एवं गोंडा से एक-एक सेट फॉर्म खरीदा गया निर्दलीय, विनोद कुमार सिंह निवासी बछईपुर के द्वारा लोकसभा गोंडा से एक सेट फॉर्म लिया गया निर्दलीय, लोकसभा गोंडा से श्रेया वर्मा निवासी सिरौली बाराबंकी के प्रतिनिधि द्वारा चार सेट फॉर्म लिया गया समाजवादी पार्टी से, लोकसभा गोंडा से राघवेंद्र निवासी नवागांव देवरिया अलावल के द्वारा स्वयं दो सेट फॉर्म लिया गया भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से मोहम्मद शाकिर निवासी इमामबाड़ा के द्वारा स्वयं एक सेट फार्म लिया गया निर्दलीय, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से राम उजागर निवासी भरथापुर बलरामपुर ने स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा निर्दलीय, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से ओमप्रकाश तिवारी निवासी किरतापुर रेहरा बाजार बलरामपुर के द्वारा स्वयं एक सेट फॉर्म लिया गया।

निर्दलीय, लोकसभा कैसरगंज से दीपक पाठक निवासी बड़ाहाट जनपद बहराइच ने स्वयं एक सेट फार्म लिया कांग्रेस पार्टी से, लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से विनोद कुमार पटेल निवासी नेवादा प्रतापगढ़ ने स्वयं एक सेट फॉर्म लिया सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से सय्यद अब्दुल रऊफ निवासी मेवातियान गोंडा के द्वारा स्वयं एक सेट फॉर्म लिया गया।

निर्दलीय, लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज अरुणिमा पांडेय निवासी मकान नंबर 4/105 गोमती नगर लखनऊ के प्रतिनिधि द्वारा एक सेट फॉर्म लिया गया निर्दलीय, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से अरुणिमा पांडेय निवासी मकान नंबर 4/105 गोमती नगर लखनऊ के प्रतिनिधि द्वारा एक सेट फार्म लिया गया।

निर्दलीय, लोकसभा गोंडा से राकेश कुमार वर्मा निवासी सिरौली गौसपुर बाराबंकी के प्रतिनिधि द्वारा एक सेट फॉर्म लिया गया निर्दलीय, लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से वैभव कुमार श्रीवास्तव निवासी गरीबी पुरवा गोंडा के द्वारा एक सेट फॉर्म लिया गया निर्दलीय, लोकसभा कैसरगंज से नरेंद्र पांडेय निवासी इंदिरा नगर लखनऊ ने स्वयं एक सेट फॉर्म लिया निर्दलीय।

# अचानक टूट कर गिरा झूला, कई घायल

▸ गंभीर रूप से घायल बच्ची को पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जरवल नगर पंचायत में लखनऊ हाइवे के निकट बाबा अहमद शाह के उर्स में लगा झूला बच्चों को झुलाते समय अचानक टूट गया। इसके चलते आधा दर्जन लोग घायल हो गए। एक बालिका की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल नगर पंचायत में लखनऊ हाइवे के निकट बाबा अहमद शाह की मजार है। मजार पर सालाना उर्स का आयोजन गुरुवार को चल रहा था। उर्स के मौके पर दूर दराज से दुकानें लगी हुई है। बाहर से किसी के द्वारा झूला भी लगाया गया है। जिसका संचालन रात में हो रहा था। रात 10 बजे के आसपास झूला बच्चे झूल रहे थे। तभी अचानक झूला टूट



गया। इससे झूले में बैठी सूफिया (16) पुत्री वसीम निवासी बसहिया, प्रतिभा चौधरी पुत्री सियाराम समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। उर्स मेले में झूला टूटने से भगदड़ मच गई।आसपास के लोगों की सूचना पर चौकी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर सूफिया को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। जबकि अन्य घायलों को इलाज के बाद घर घर भेज दिया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# परसोहर विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

▸ गरीब बच्चे हासिल करेंगे बेहतर शिक्षा
▸ मतदाताओं को दिलाई शपथ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को जिले के जरवल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा परसोहर में कम्पोजिट विद्यालय परसोहर में स्मार्ट क्लास रूम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी, व विशिष्ट अतिथि बीईओ तजवापुर अखिलेश वर्मा, बीईओ जरवल अरविंद सिंह द्वारा फीता काटकर स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया गया।

संचालन एआरपी मो अहमद ने किया। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों को 20 मई को मतदान के लिए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां




सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत सहित मतदान हेतु प्रेरणा गीत, सहित देशभक्ति गानों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि स्मार्ट क्लास रूम की उपलब्धता से बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने का आधुनिक दृश्य श्रव्य साधन उपलब्ध हुआ है जिससे विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा बच्चों गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविंद सिंह ने बताया कि विभागीय योजना के तहत विकास खण्ड के चयनित विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाये जाने का कार्य चल रहा है जिसे आगामी 10 से 15 दिनों में पूर्ण कर उसका संचालन प्रारम्भ कर दिया जायेगा। बीईओ तजवापुर री वर्मा ने शिक्षकों से स्मार्ट क्लास का बेहतर व सुचारू ढंग से संचालन करने की अपेक्षा जताई जिससे विद्यालय में अध्ययनरत समस्त कक्षाओं के विद्यार्थियों को बेहतर एवं उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान हो सकें। इसके अलावा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद छात्रों के अभिभावकों को बीडीओ जरवल के द्वारा 20 मई को मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत मे प्रधानाध्यापक आसिफ अली की ओर से अन्य शिक्षकों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद पाठक, जिला मंत्री विजय उपाध्याय, एआरपी कल्पना मिश्र, अब्दुल मोमिन, रियाज अहमद, ग्राम प्रधान सबीना, प्रतिनिधि तौहीद , प्रबन्ध समिति अध्यक्ष कमल कुमार, शिक्षिका ऋतु त्रिपाठी, विजय सिंह वर्मा, नसतरन आब्दी, सीमा अस्थाना, नेहा तिवारी, बीनू शर्मा, बीनू शुक्ला, रंजना वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से लगी आग में कई घर जलकर राख



**कटरा बाजार/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ग्रामसभा गंडाही के मजरा अहिरन पुरवा में अज्ञात कारणों से लगी आग से एक दर्जन से अधिक घरों की गृहस्थी जल कर राख हो गई।आग सुबह करीब 10 बजे लगी देखते ही देखते पूरे गांव में फैल गई। आग की चपेट में आने से एक मवेशी की झुलस कर मौत हो गई वहीं दो अन्य मवेशी झुलस कर घायल हो गए हैं। घंटो बाद किसी तरह से आस पास के गांव के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया।ग्रामीणों ने बताया की फायर ब्रिगेड की गाड़ी करीब दो घंटे बाद पहुंची तब तक ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू कर लिया गया था। साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि राम पियारे यादव, भागीरथ, उदयभान, नानमून, भुलावन, गोपी, रक्षाराम, विजयकुमार, लहरी, अवधराम, चिंताराम, पप्पू लाल, ननके व जिलेदार,राज कुमार का घर जलकर राख हो गया साथ ही गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।एक मोटरसाइकिल भी जल गया है इस अग्निकांड से करीब लाखों का नुकसान हुआ है फायर बिग्रेड की गाड़ी समय से पहुंचती तो आग पर काबू पाया जा सकता था लेकिन सूचना के करीब दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तब तक ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया जा सका था।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए बच्चों के माध्यम से भेजवाएं संदेश : बीएसए



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने कार्यालय के सभागार में अकादमी टीम की बैठक की। बीएसए ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी प्रयोग शिक्षक करें। बच्चों के द्वारा अभिभावकों को संदेश भेजवायें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी स्टेट रिसोर्स ग्रुप एकेडमिक रिसोर्स पर्सन को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आगामी 13 और 20 मई को जिले में मतदान होगा। लोकसभा निर्वाचन में जहां भी विद्यालय निरीक्षण करने जाएं वहां पर मतदान करने की लोगों से अपील करें तथा अपने-अपने क्षेत्र में सत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लें साथ ही साथ विद्यालय निरीक्षण के समय-साथ प्रतिशत नामांकन दीक्षा एप का प्रयोग स्कूल रीडीनेस कार्यक्रम स्वीप कार्यक्रम रिमेडियल कक्षाओं का विशेष रूप से संचालन आदि का भी विशेष रूप से निरीक्षण करें। बीएसए ने आगामी सत्र को बहुत ही प्रभावी व आकर्षक बनाने के लिए कोई कसर न छोड़ने की बात कही। समीक्षा बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी, अजीत सिंह, अनुराग मिश्रा, कमलेश मिश्रा, अकादमी रिसोर्स पर्सन राजेश कुमार मिश्रा, कार्यालय लिपिक सलीम अहमद अंसारी, रहमान अहमद, इसरार अहमद, जिला समन्वयक निर्माण राकेश कुमार सिंह, आशीष कुमार, दशरथ, पूनम, रमेश, अनिल, लक्ष्मीकांत भानु पवन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क किनारे मिला नवजात शिशु, जिला अस्पताल में भर्ती

▸ लावारिस फेंके गए नवजात शिशु की उचित देख-देख की सीडब्लूसी पीठ ने ली जिम्मेदारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के जमापुरवा गांव में सड़क किनारे नवजात शिशु को किसी ने फेंक दिया। लावारिस फेंके गए नवजात शिशु की उचित देख देख की जिम्मेदारी सीडब्लूसी पीठ ने ली। शिशु को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर उचित इलाज कराए जाने के निर्देश दिए।इस बारे में अस्पताल जाकर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने ड्यूटी पर मौजूद मिले बाल रोग



विशेषज्ञ से शिशु के स्वास्थ्य के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की और उन्होंने बच्चे को स्वस्थ करने के लिए हर संभव इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जमापुरवा के पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सड़क के किनारे एक नवजात शिशु को फेंक दिया गया था। इसके बारे में जानकारी होने पर पुलिस ने इस शिशु को बरामद करके सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराया और इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से बाल कल्याण समिति पीठ को दी। इस पर समिति के अध्यक्ष द्वारा आदेशित किया गया कि इस शिशु को बहराइच में जिला अस्पताल लाकर बाल रोग विशेषज्ञ से उसके स्वास्थ्य का समुचित परीक्षण कराया जाए और उसके स्वस्थ होने पर उन्हें अवगत कराया जाए, जिससे इस शिशु के उचित संरक्षण हेतु अग्रिम आदेश पारित किया जा सके। सीडब्लूसी के आदेश के अनुपालन में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के नीलम शुक्ला व अरुण कुमार द्वारा पुलिस के सहयोग से एंबुलेंस द्वारा कैसरगंज से बहराइच जिला अस्पताल लाकर पीसीएसयू वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां इसका इलाज शुरू हुआ।सीडब्लूसी पीठ के अध्यक्ष द्वारा अपने सदस्य नवनीत मिश्रा व आउट रीच स्टाफ आनंद कुमार के साथ अस्पताल पहुंचकर इस शिशु के स्वास्थ्य की जानकारी ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक से ली गई। अध्यक्ष सतीश ने बच्चें को स्वस्थ करने के लिए चिकित्सक से हर संभव इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आतिशबाजी के दौरान हाथ में दगा गोला




▸ युवक का हाथ व पंजा गंभीर रूप से घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

श्रावस्ती जिले के उल्हवा गांव में गुरुवार रात बारात में गोला दागते समय अधेड़ के हाथ में गोला दग गया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन मे उसे अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के परसा डेहरिया के बिलसवां गांव से बारात उल्हवा क्षेत्र में बारात गई थी। गुरुवार रात को मल्हीपुर थाना क्षेत्र के गद्दीपुरवा गांव निवासी शहाबुद्दीन पुत्र सुल्तान बारात में आतिशबाजी कर थे।एक गोला दागने के दौरान गोलंदाज के हाथ में ही फट गया। जिसके चलते उसका हाथ व पंजा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर ट्राली ने चार लोगों को रौंदा

## सगी बहनों की मौके पर ही मौत, दो गंभीर रूप से घायल

▸ सड़क किनारे खड़े होकर पी रहे थे जूस

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

. जिले के नानपारा इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने सड़क किनारे खड़े एक ही परिवार के चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया जहां पर इलाज के दौरान दो सगी बहनों की मौत हो गई। ईसा पुरावा के रहने वाले नियाज ने बताया कि भतीजे के यहां दावत से गुरुवार



के शाम को सभी लोग वापस लौटते वक्त जूस पीने के लिए हाड़ा चौराहे पर रुक गए। उसी समय एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने परिवार के चार लोगों को रौंद दिया। इसके बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घायलों को एंबुलेंस से बहराइच मेडिकल कॉलेज लाया गया। ग्रह पर गुरुवार की देर रात उजमा व उसकी बहन की मौत हो गई। जबकि हबीबुर्रहमान व जावेद की इलाज चल रहा है।

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

नानपारा थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क किनारे खड़े होकर जूस पी रहे एक ही परिवार के चार लोगों को ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया। हादसे में हुस्नुमा व काजमा नाम की दो सगी बहनों की मौत हो गई। दो लोग घायल हैं ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अल्ट्रासाउंड कराने गई युवती के पर्स से चोरों ने उड़ाई नगदी

▸ पीड़िता द्वारा पुलिस के ऑनलाइन एप पर दर्ज कराई गई शिकायत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

अल्ट्रासाउंड कराने गई युवती के पर्स से चोरों ने 5000 रुपये की नगदी उड़ा दिया। पीड़िता द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की गई पर पैसों का कोई पता नहीं चल सका। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात अंतर्गत शेखदहीर निवासिनी सुचिता सिंह अपनी भतीजी जनपद श्रावस्ती के परसा निवासिनी निवासिनी सोनू सिंह को लेकर शहर के जिला चिकित्सालय के सामने स्थित डॉक्टर अमित डायग्नोस्टिक सेंटर पर बृहस्पतिवार दोपहर 12:15 बजे के आसपास चिकित्सक की सलाह पर उसका अल्ट्रासाउंड कराने गई हुई थी। काउंटर पर उनकी भतीजी सोनू द्वारा अल्ट्रासाउंड की फीस भुगतान करने के दौरान ही किसी चोर ने उसके पर्स से 5000 रु. की नगदी उड़ा दिया। पीड़िता द्वारा मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की गई पर पैसों का पता नहीं चल सका। वहीं अल्ट्रासाउंड के काउंटर पर बैठे युवक ने शाम को सीसीटीवी फुटेज दिखाने की बात कही। पीड़िता द्वारा रुपए चोरी होने पर उत्तर प्रदेश पुलिस के यूपी काप ऐप पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई है।

## कतर्नियाघाट जंगल में लगी आग से कीमती वनसंपदा जलकर राख

# जंगल में प्रति दिन आग लगने की घटनाएं आ रही सामने

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के जंगल में इन दिनों आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। बतादें की अप्रैल महीने में ही गर्मी ने भीषण रूप लेना शुरू कर दिया है तेज धूप के कारण जंगल में लगे पेड़ों के पत्ते व झाड़ियां सूखे हुए हैं। ऐसे में आएदिन जंगल में अज्ञात कारणों से आग की घटनाएं सामने आ रही है।कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में गुरुवार को निशानगाड़ा-मुर्तिहा के बीच धर्मापुर रेंज के जंगल में रेलवे ट्रैक के किनारे भीषण आग लग गई। पटरियों के किनारे आग ने भीषण रूप ले लिया। इस बीच



पटरियों से गुजर रही ट्रेनों में हादसा होने का खतरा भी मंडराता रहा।आपको बता दें कि पूरा दिन जंगल जगह-जगह सुलगता रहा लेकिन आग को काबू करने के लिए कोई भी वनकर्मी आसपास नही दिखा। जबकि आग की घटना में जंगल के कई हरे भरे पेड़ों व कीमती वन संपदा का नुकसान हुआ है। यह सिर्फ एक दिन की बात नहीं है इस समय गर्मी बढ़ने के साथ आए दिन जंगल में आग लगने की घटनाएं घटित हो रही है।

### जंगल में न फेंके बीड़ी सिगरेट

जंगल के अंदर जाने वाले लोगों को वन विभाग ने काफी पहले ही अलर्ट किया हुआ है। वन विभाग की ओर से पहले ही कहा गया है कि जंगल के अंदर ना तो माचिस जलाएं और न ही बीड़ी सिगरेट जलती हुई फेके क्योंकि आग लगने की अधिकांश घटनाएं इसी लापरवाही के चलते होती है।

# खुद के पीएम आवास में लगा ताला और मां के घर को ही बना डाला धर्मशाला

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




खुद बनवा लिया प्रधानमंत्री आवास और है व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष लेकिन आवास में जहां लटक रहा है ताला और मां के घर को ही बना डाला धर्मशाला। बिना बिजली के बिना किसी सुविधा के जहां मां चूल्हे में पका रही है रोटियां वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित कुमार जायसवाल उर्फ रिंकू जायसवाल अपने ही घर में सेक रहे हैं राजनीतिक रोटियां आखिर किस तरह का उदाहरण पेश कर रहे हैं रिंकू जायसवाल।

महराजगंज नगर की गायत्री देवी ने अपने ही पुत्र अमित कुमार उर्फ रिंकू जायसवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि बेटा तो है लेकिन वह बेटा किस काम का जो घर में करता है तांडव और हम मां बेटियों को दिनभर करता है प्रताड़ित रुद्र नगर में रिंकू जायसवाल के नाम प्रधानमंत्री आवास बना हुआ है उस आवास में अब घास और कटीली झाड़ियां ने पैर पसार दिया है वही गायत्री देवी ने यह बताया कि मेरे पति जब जीवित थे तब उन्होंने एक कागज पर दस्तक किया जिसकी बदौलत रिंकू जायसवाल उर्फ अमित को आवास मिला और आवास मिलने के बाद आज तक अपने आवास में वह नहीं गए और मेरे ही मकान में जबरदस्ती कब्जा करके अवैध तरीके से रह रहे है |जहां एक मेरा और लड़का है वह दानेश्वर मंदिर के पीछे अपना मकान बनवाकर रह रहा है।

वही अमित कुमार जायसवाल हम को और हमारी बेटी को प्रताड़ित करते हैं ना खाने को देते हैं ना दवा कराते हैं जब हम लोग कहते हैं कि अपने मकान में जाओ तो कहते हैं कि हम मकान नहीं छोड़ेंगे जिसको जो करना हो कर लो हम अधिकारियों और कर्मचारियों के पास जाते हैं तो अधिकारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष होने के नाते अमित कुमार उर्फ रिंकू जायसवाल पर कोई कार्रवाई नहीं करते और उल्टा हम लोगों को ही दोषी ठहरा देते हैं क्या सुप्रीम कोर्ट का भी एक नियम है कि अगर मां-बाप चाहे तो बच्चों को रख सकता है लेकिन यहां पर तो बात दूसरी है जब पुत्र के पास अपना मकान है और वह भी बाकायदा प्रधानमंत्री आवास मिला हुआ है तो फिर आखिर क्यों मेरे साथ ज्यादती की जाती है गायत्री देवी ने कहा कि जब मेरे पति जिंदा थे तब तो हम लोगों को कुछ सम्मान मिलता था जब से उनकी मौत हुई है हम लोगों के जीवन को अमित कुमार पूर्व रिंकू जायसवाल ने नर्क बना दिया है।

### हनक के दम पर अवैध कब्जा

कस्बे के रुद्र नगर में व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ रिंकू जायसवाल प्रधानमंत्री आवास मिला हुआ है और वह बाकायदा बनकर कंप्लीट भी है लेकिन आवास में ताला लटक रहा है क्योंकि व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित हनक में अपनी ही मां के मकान में अवैध तरीके से दबंगई पूर्वक कब्जा कर रखा है और वही निवास कर रहे हैं।

### चर्चाओं का बाजार गर्म

आखिर किस तरह का उदाहरण पेश कर रहे हैं व्यापार मंडल अध्यक्ष जहां एक सोशल व्यक्ति होने के नाते व्यापार मंडल अध्यक्ष हैं लेकिन मां और बहन के साथ जिस तरह का व्यवहार और उनके मकान पर कब्जा कर रखा है कस्बे में इस बात की चर्चा जोरों पर है।

### हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और

मां का श्राप कहीं बर्बाद न कर दे व्यापार मंडल अध्यक्ष का करियर एक तरफ बड़ी-बड़ी बातें करने वाले व्यापार मंडल अध्यक्ष ने जहां खुद प्रधानमंत्री आवास ले रखा है वहीं आवास में लटकता हुआ ताला यह बताने के लिए काफी है की हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और हैं।

# अनियंत्रित बोलेरो पुलिया से टकराकर पलटी, चार की मौत



**आठ बरातियों को लेकर लालगंज जा रही थी बोलेरो**

**मिलएरिया रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में रायबरेली सुल्तानपुर हाईवे पर शुक्रवार की तड़के बारात से लौट रही एक बोलेरो मालिनपुरवा के पास पुलिया से टकराकर रोड पर पलट गई। घटना में बोलेरो सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना स्थल पर चीत्कार सुनकर रोड से गुजर रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। घायलों का उपचार जारी है।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के कटरियन का पुरवा गांव से एक बारात गुरुवार की शाम अमेठी जिले के फुरसतगंज थाना क्षेत्र के गांव में आई थी। सभी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद एक बोलेरो आठ बरातियों को लेकर लालगंज के लिए रवाना हुई। तड़के तीन बजे रायबरेली सुल्तानपुर हाईवे पर मालिनपुरवा के पास पहुंचते ही बोलेरो नैया नाला के पुल की रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और वह रोड पर ही पलट गई। घटना में बोलेरो सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मची चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां सवार लालगंज कोतवाली क्षेत्र के कटरियन का पुरवा निवासी पंकज पाल (26) पुत्र राजाराम पाल, दीपक पाल (25) पुत्र ब्रजन कुमार, अवधेश पाल (32) पुत्र प्यारे पाल व लालगंज थाना क्षेत्र के ही ऐहार निवासी राघवेंद्र यादव (35) पुत्र रामखेलावन सहित चारों लोगों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जाएगी। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कुटिया चौराहे पर तेज रफ्तार अर्टिगा ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग ने युवक को डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहा युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र तेलियानी गांव निवासी शैलेंद्र 23 वर्ष पुत्र अमृत लाल किसी काम से मुराईबाग की तरफ जा रहा था तभी कुटिया चौराहा भरसना के पास एक अर्टिका कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोगो ने उसे डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहा हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### निर्वाचन की अधिसूचना जारी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर, 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हर्षिता माथुर ने बताया है कि 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न करायी जायेगी, जिसके अनुसार 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 26 अप्रैल 2024 को निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। नाम निर्देशन दाखिल करने की अन्तिम तिथि 03 मई 2024, नाम निर्देशन की जांच 04 मई 2024 एवं उम्मीदवारों के नाम वापसी की अंतिम तिथि 06 मई 2024 निर्धारित है। 36 रायबरेली संसदीय क्षेत्र निर्वाचन का नामांकन स्थल न्यायालय कक्ष, जिला मजिस्ट्रेट रायबरेली है। नामांकन दाखिल करने का समय 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे के मध्य रिटर्निंग ऑफिसर जिला मजिस्ट्रेट रायबरेली या सिद्धार्थ चौधरी उप जिलाधिकारी ऊँचाहार/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 183-ऊँचाहार को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन किए जा सकेंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का फांसी से लटकता मिला शव

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला।घर के अंदर फांसी से लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सलोन कोतवाली क्षेत्र के गिलकैयापुर निवासी आलोक यादव पुत्र राम लखन उम्र लगभग 22 वर्ष ने अज्ञात कारणों से घर के अंदर रस्सी के सहारे पंखे से लटक कर आत्महत्या कर लिया।बताते हैं युवक घर पर अकेला था।परिजन किसी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे।परिजनों द्वारा युवक को फोन किया गया।फोन न उठाने पर किसी अनहोनी की शंका होने पर भाग कर घर आए।अंदर देखा था तो युवक का शव पंखे से लटक रहा था।घटना से परिजनों का रो रो का बुरा हाल है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

### पटाखा व्यवसायी के घर से धमाकों की आवाज से हड़कंप



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पटाखा व्यवसायी के घर में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में पटाखा दगने की आवाज से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विदित हो कि 26 अप्रैल शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया पर एक पटाखे में विस्फोट का वीडियो वायरल हुआ। जिसको लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। मिली जानकारी के मुताबिक वायरल वीडियो थाना क्षेत्र बछरावां अंतर्गत ग्राम राजामऊ का बताया जा रहा है। जिसमें पटाखा व्यवसायी के घर पर दूसरी मंजिल पर बने कमरे में अचानक पटाखों का विस्फोट होने लगा। तड़प तड़प की आवाज सुनकर सड़क से गुजर रहे राहगीर तथा आसपास के सैकड़ो की संख्या में लोग एकत्रित हो गए। विस्फोट के साथ ही आज की लपटे भी निकलने लगी। जिसे देखकर नजदीक जाने की हिम्मत किसी की नहीं पड़ रही थी। करीब आधे घंटे तक विस्फोट लगातार होता रहा तब जाकर आवाज कम हुई। वायरल वीडियो बृहस्पतिवार दोपहर 3:00 बजे के आसपास का बताया जा रहा है। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### पंचायत भवन पर लटक रहा ताला, पंचायत सहायक नदारद

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जहां एक ओर प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों में ग्राम विकास अधिकारीयों के कार्य भार को कम करते हुए प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायकों के पद पर सदस्यों को नियुक्त किया, और उन्हें आर्थिक मानदेय भी दे रही है, ताकि ग्रामीणों को ग्राम पंचायत से संबंधित परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र आदि छोटे-मोटे कागजों के लिए विकासखंड के चक्कर न काटने पडे, परंतु सरकार की इस व्यवस्था पर क्षेत्र के कुछ पंचायत सहायक पानी फेरते हुए नजर आ रहे हैंद्य ताजा मामला विकासखंड के प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण नारायण के ग्राम पंचायत बिशनपुर का है जहां समय पर पंचायत सहायक द्वारा अनुशासनहीनता एवं समयबद्धता को ताक पर रख दिया गया और पंचायत भवन में ताला लटका हुआ मिलाद्य वही ग्रामीणों की मानी जाए तो उनका कहना है कि पंचायत भवन में अक्सर ताला लटका हुआ मिलता है, क्योंकि पंचायत सहायक के पद पर नियुक्त व्यक्ति का खुद का बिजनेस और वह दिन में अधिक समय अपनी दुकान पर देते हैं। इस संबंध में जब संवाददाता ने पंचायत सहायक अधिकारी सीताराम से बातचीत की तो उन्होंने कहा किया आपके द्वारा मेरे संज्ञान में यह घटना आई है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नियमित टीकाकरण पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



नियमित टीकाकरण माइक्रोप्लानिंग और सुदृढ़ीकरण विषय पर बृहस्पतिवार को शहर के होटल शालीमार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से हुआ इसमें यूएनडीपी और यूनिसेफ़ ने भी प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि नियमित टीकाकरण से ही शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी आई है सही माइक्रोप्लानिंग से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम सुदृढ़ हो सकता है। उन्होंने बताया कि शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए जिला अस्पताल एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण होता है इसके साथ ही शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोमवार को छोड़कर प्रतिदिन टीकाकरण किया जाता है। शत प्रतिशत बच्चों का नियमित टीकाकरण विभाग की प्राथमिकता में शामिल है इसलिए माइक्रोप्लान बनाते समय सावधानी बरतें हर क्षेत्र की अपनी विशेषताएं और दिक्कतें है उनको ध्यान में रखते हुए माइक्रोप्लान बनाएं जिन बच्चों को जन्म के बाद एक भी टीका नहीं लगा (जीरो डोज़) ऐसे बच्चों की पहचान करें और उसका टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें दो साल तक की आयु के सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें सुरक्षा चक्र टूटना नहीं चाहिए। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अरुण कुमार वर्मा ने ज़ीरो डोज वाले बच्चों के मुद्दों और चुनौतियों पर जानकारी देने के साथ ही जीरो डोज इंप्लिमेंटेशन प्लान पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में नियमित टीकाकरण में संचार की भूमिका और शहरी क्षेत्र में नियमित टीकाकरण को गति देने पर चर्चा हुई।प्रशिक्षणार्थियों को हेडकाउंट सर्वे करने और ड्यू लिस्ट भरने का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही मीजल्स रूबेला सर्विलांस अपडेट के बारे में बताया गया। यूविन, वैक्सीन सप्लाई चेन, कोल्ड चेन मैनेजमेंट और एचएमआईएस पर डाटा अपलोड करने संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई।

# जाम में फंसे रहे वाहन, राहगीर हलकान

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार देर रात से बांदा बहराइच हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। ट्रकों की लंबी कतारे कस्बा स्थित रेलवे ओवरब्रिज के दोनों और लगी रहीद्य जिससे यात्रियों और राहगीरों को विषम समस्याओं का सामना करना पड़ा। बांदा बहराइच हाईवे पर रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर एक ट्रक में तकनीकी कमी आ गई। जिससे वह खड़ा हो गया। तभी उसके पीछे से दो अन्य हैवी लोडेड लोडर ट्रक निकल न पाने से उसके पीछे खड़े हो गए। गुरुवार देर रात को इसी के चलते जाम लग गया। हाईवे पर फायर स्टेशन तक ट्रकों की लंबी कतारें लगी रही। वही ओवरब्रिज के दूसरी ओर शिवगढ़ की तरफ भी लगभग दो किलोमीटर तक ट्रकों की कतारे लग गई। जिसके चलते सुबह के समय स्कूली बच्चों समेत यात्रियों व राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। जाम के चलते कई स्कूलों के बच्चे समय से विद्यालय नहीं पहुंच पाए। लगभग सात घंटे तक यातायात बाधित रहा है। जाम खुलने के बाद भी लगभग एक घंटे तक वाहन रेंगते रहे। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि ओवरब्रिज से ट्रक को हटवा कर यातायात बहाल करवाया गया है।

# बहू की पिटाई करने वाले सास, ससुर सहित चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




थाना क्षेत्र के दामोदर खेड़ा में बहू को पीटकर घायल कर देने के मामले में सास, ससुर सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई हैद्य पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दामोदर खेड़ा मजरे चुरूवा की रहने वाली कंचन पत्नी रामदेव ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है, उनके पति लखनऊ में ड्राइवरी करते है। उनकी पुत्री को उसके बड़े चेचरे बाबा ने 5 रूपए कुछ खाने के लिए दे दिया था। इसी बात से नाराज उनके ससुर रामदुलारे, सास राजरानी तथा देवर रामसागर और नंद सुषमा ने उनकी बेटी तथा उन्हें लाठी डंडे तथा लात घूंसो से जमकर पिटाई कर दीद्य जिससे उन्हें तथा उनकी बेटी को गंभीर चोटे आ गई । मारपीट की इस घटना को उन्होंने अपने पति को फोन करके बताया तब उनके पति गांव पहुंचा। पुलिस ने कंचन की रिपोर्ट पर सास ससुर सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# बीए एवं बीएससी के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




शुक्रवार को न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ़ हायर एजुकेशन के प्रांगण में बी.ए. एवं बी.एस.सी.के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉज़ शशिकांत शर्मा, संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि शर्मा, प्रधानाचार्य एन.एस.पी.एस. सलेथू राजीव सिंह, प्राचार्य डॉ. शिव ओम श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती मां की पूजा के पश्चात अंजली यादव ज्योति गीता देवी के द्वारा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई स्वागत गीत रामा तिवारी और ग्रुप ने प्रस्तुत किया।

बीएससी पूर्वार्ध के छात्रों ने गणमान्य अतिथियों को टीका एवं बैज लगाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा अपने सीनियर को टीका लगाकर स्वागत किया।

बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्रों ने अपने सीनियर को तथा बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के छात्रों ने बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के सीनियर्स को स्मृति चिन्ह व ग्रुप फोटो प्रदान कर विदाई दिया।

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में गीता के ग्रुप के द्वारा गरबा डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी गई और फेयरवेल गीत कीर्ति लता के ग्रुप ने प्रस्तुत किया ।महिमा शुक्ला ने एकल गीत के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति दिया तथा अंशिका आदि के ग्रुप ने शैक्षिक नाटक प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने विदाई प्राप्त करने वाले छात्रों का तथा महाविद्यालय के अन्य छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन गौरव सिंह रिचा त्रिपाठी सौरभ, श्रेया के द्वारा किया गया। विद्यालय की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। इसी क्रम में कुछ छात्र व छात्राओं को पूरे- वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रदर्शन के लिए शत प्रतिशत उपस्थित के लिए उर्वशी तिवारी, अनुष्का सिंह एवं सुशील को, मोस्ट सेंशियर अवार्ड तनु अवस्थी, प्राजंलि अवस्थी एवं सुशील को, शैक्षिक प्रगति का उपहार अमन मौर्य एवं वंदना यादव को दिया गया। इस मौके पर प्रबंधक महोदय डॉ. शशिकांत शर्मा जी ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाती है इसलिए इसलिए यदि सफल बनना है तो हमें लोगों के बीच से हटकर अलग परिश्रम करना पड़ेगा जिसकी आलोचना होती है वही सफलता को प्राप्त करता है, शिक्षा ही वह सफलता की कुंजी है जो हर खुशियों के द्वार को खोल देती है, उम्मीद करता हूं कि आगे भी आप सभी ऐसी ही लगन और मेहनत से अपने सभी कार्य करते रहेंगे आप सभी को हम सब की तरफ से आने वाले सुनहरे भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# बेटी को लेने गए पिता को ससुराली जनों ने पीटा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




कस्बे के बबुरिया खेड़ा के रहने वाले रज्जब अली पुत्र ननकू अपनी बेटी रुबीना बानो का विवाह 10 वर्ष पूर्व सुदौली गांव निवासी राजू के साथ किया था। रुबीना बानो ने बताया कि उनके देवर बाबू , नफीस, अनीस आए दिन उनको परेशान करते हैं तथा अभद्रता करते हैं, जिससे वह परेशान होकर शुक्रवार दोपहर 4 बजे अपने पिता रज्जब अली को फोन कर ले जाने को कहा पिता रज्जब अली जैसे ही सुदौली गांव अपनी बेटी को लेने पहुंचे कि तीनों लोग मिलकर लाठी डंडों से रज्जब अली पर प्रहार कर दियाद्य जिससे उनके सिर में गंभीर चोटे आई चीख पुकार पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल रज्जब अली को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक उपचार किया। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक घायल




**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार दोपहर बछरावां मौरावा मार्ग पर टांडा गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में बाइक सवार दीपक पुत्र संतोष निवासी समोधा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया की तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।



### प्रशिक्षुओं ने स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में बिन बर्तन बनाया पकवान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** श्री महावीर सिंह स्मारक महाविद्यालय हरचंदपुर रायबरेली में डीएलएड 2021 के प्रशिक्षुओं का स्काउट गाइड का प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम चल रहा है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान ध्वज शिष्टाचार, टोली विभाजन, आधारभूत सिद्धांत, रस्सी से कई प्रकार की गाँठे बंधन की विशेष जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन सभी टोलियों ने अल्प समय में बिन समुचित सामग्री के टेंट का निर्माण किया और विभिन्न प्रकार के बिना बर्तन के पकवान बनाएं। डीएलएड महाविद्यालय के प्राचार्य अनुराग चौधरी ने प्रबंधक व पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत अवधेश सिंह को शिविर का निरीक्षण कराते हुए टेंट निर्माण व भोजन बनाने की बारीकियाँ बताई। अवधेश सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं को शिविर के संबंध में विभिन्न ज्ञानवर्धक जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण शिविर का संचालन श्रीराम यादव, लीडर ट्रेनर एवं मोहिता उपाध्याय, जिला कमिश्नर गाइड द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय मिश्र , विनय प्रताप सिंह, अमन कुमार झा, दीप नारायण ललिता, मनीषा आदि उपस्थित थे।

### विवाद में युवक को पीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के हसनगंज गांव में गुटखा खाकर थूंकने से मना करने पर एक युवक को पीट-पीट कर घायल कर दिया गया ।इस मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। दीनसाह गौरा थाना गदागंज के रहने वाले अभिषेक सोनी पुत्र अशोक सोनी बीते कई वर्षों से अपने मामा के घर हसनगंज में रहते हैं। अभिषेक का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले गोलू और मुन्ना ने गुटखा खाकर घर के सामने थूंक दिया। जब उन्होंने मना किया तो दोनों लोग उनको लात घूंसों से पीटने लगे जिससे उनको गंभीर चोटे आ गई। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**गाड़ी सं. 01109/01110 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.-गोरखपुर जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज ट. विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| गाड़ी सं. 01109 आगमन | गाड़ी सं. 01109 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01110 आगमन | गाड़ी सं. 01110 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 23:15 | — |
| 02:35 | 02:40 | लखनऊ | 16:50 | 16:55 |
| 08:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:20 |

**चलने के दिन:** **01109 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.** से 28.04.2024 (रविवार) एवं 02.05.2024 (गुरूवार) को तथा **01110 गोरखपुर जं. से** 30.04.2024 (मंगलवार) एवं 04.05.2024 (शनिवार) को।
**स्थान:** 3 टियर वाता. इकॉनॉमी।
**ठहराव:** दादर, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**गाड़ी सं. 09557/09558 भावनगर ट.- दिल्ली कैंट - भावनगर ट. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| गाड़ी सं. 09557 आगमन | गाड़ी सं. 09557 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 09558 आगमन | गाड़ी सं. 09558 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 15:15 | भावनगर ट. | 12:25 | — |
| 13:10 | -- | दिल्ली कैंट | -- | 15:25 |

**चलने के दिन:** **09557 भावनगर ट.** से 03.05.2024 से 28.06.2024 तक (शुक्रवार) तथा **09558 दिल्ली कैंट** से 04.05.2024 से 29.06.2024 तक (शनिवार)
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** भावनगर पारा, सिहोर जं., धोला जं., बोटाद, सुरेन्द्रनगर गेट, विरमगाम जं., चांदलोडिया 'बी', मेहसाना जं., पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा जं., रींगस जं., नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी जं. एवं गुड़गाँव स्टेशन।

**गाड़ी सं. 09044 बरौनी जं.-बांद्रा टर्मिनस विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09044 आगमन | गाड़ी सं. 09044 प्रस्थान |
|---|---|---|
| बरौनी जं. | — | 10:20 |
| बारांबकी | 01:33 | 01:35 |
| बांद्रा टर्मिनस | 07:05 | -- |

**चलने के दिन:** **09044 बरौनी जं.** से 29.04.2024 (सोमवार) को।
**स्थान:** शयनयान।
**ठहराव:** समस्तीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरूच जं., सायन, सूरत, उधना जं., वलसाड, वापी, बोईसर एवं बोरीवली स्टेशन।

**गाड़ी सं. 03423/03424 भागलपुर जं.- हरिद्वार- भागलपुर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| गाड़ी सं. 03423 आगमन | गाड़ी सं. 03423 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03424 आगमन | गाड़ी सं. 03424 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 13:55 | भागलपुर जं. | 21:20 | — |
| 17:55 | -- | हरिद्वार | -- | 19:55 |

**चलने के दिन:** **03423 भागलपुर जं.** से 29.04.2024 से 24.06.2024 तक (सोमवार) तथा **एवं 03424 हरिद्वार** से 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर जं., पटना जं., आरा जं., बक्सर, प.दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद जं. एवं लक्सर जं. स्टेशन।

**गाड़ी सं. 06225/06226 हुब्बल्लि जं.- योग नगरी ऋषिकेश- हुब्बल्लि जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| गाड़ी सं. 06225 आगमन | गाड़ी सं. 06225 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 06226 आगमन | गाड़ी सं. 06226 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 21:45 | हुब्बल्लि जं. | 17:30 | — |
| 18:45 | -- | योग नगरी ऋषिकेश | -- | 17:55 |

**चलने के दिन:** **06225 हुब्बल्लि जं.** से 29.04.2024 से 27.05.2024 तक (सोमवार) तथा **एवं 06226 योग नगरी ऋषिकेश** से 02.05.2024 से 30.05.2024 (गुरूवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
**ठहराव:** धारवाड़, बेलगवि, घटप्रभा, मिरज जं., सातारा जं., पुणे, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ह. निज़ामुद्दीन, गाज़ियाबाद जं., मेरठ सिटी, खतौली, मुज़फ्फरनगर, देवबन्द, टपरी, रूड़की एवं हरिद्वार स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

1266/2024

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रेल रोकने का औचित्य

पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित शंभू रेलवे स्टेशन में जारी किसानों के आंदोलन के चलते रेल यात्रियों को बिना किसी अपराध के सजा भुगतनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर रेलवे को भी भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से रोज 40 से 50 ट्रेनें रद्द की जा रही हैं। यात्रियों को ज्यादा समय व पैसा लगाकर अपने गंतव्य स्थानों तक जाना पड़ रहा है। रेलवे के पार्सल बुकिंग केंद्र में भी पचास फीसदी की कमी आने की बात बतायी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि किसानों की न्यायसंगत मांगों को पूरा किया ही जाना चाहिए। वे लंबे समय से आंदोलनरत रहे हैं। ऐसे में सत्ताधीशों का भी नैतिक दायित्व बनता था कि वे किसानों से बातचीत की टेबल पर बैठकर बात करते। जिससे सड़क व रेल यातायात बाधित भी नहीं होता। वैसे किसानों को भी आंदोलन करने से पहले देशकाल-परिस्थितियों का आकलन कर लेना चाहिए था। देश इस समय चुनावी मूड में है। कोई भी सरकार किसानों से जुड़े किसी मुद्दे पर बड़ा फैसला लेने में सक्षम नहीं है। किसानों को नये जनादेश का इंतजार करके किसान आंदोलन को दिशा देनी चाहिए थी। किसानों को देश व समाज के अहसासों का भी ध्यान रखना चाहिए। कल्पना कीजिए कि रेल यात्रा करने वाले लोगों को जब अचानक सूचना मिलती है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है तो उन पर क्या बीतती होगी? लोग घंटों रेलवे टिकट बुकिंग केंद्रों पर खड़े होकर अपने लिये टिकट आरक्षित करवाते हैं। कई महीने पहले एडवांस में रिजर्वेशन करवाना पड़ता है। फिर एक दिन यात्रा से ठीक पहले पता चलता है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है। आंदोलनकारियों को सोचना चाहिए कि उस ट्रेन से कोई मरीज कहीं दूर उपचार हेतु जा रहा होगा। कहीं कोई बेरोजगार नौकरी के लिये साक्षात्कार देने जा रहा होगा। हो सकता है कि सही समय पर न पहुंच पाने के कारण कई छात्र परीक्षा या नौकरी पाने से वंचित हो गए होंगे। समय-समय पर देश की शीर्ष अदालत के मार्गदर्शक फैसले आते रहे हैं कि हमें किसी आंदोलन के नाम पर नागरिक जीवन को बंधक नहीं बनाना चाहिए। यदि आंदोलनकारियों के अधिकार हैं तो आम नागरिकों के भी अपने अधिकार हैं। एक पुरानी कहावत है कि जहां से दूसरे व्यक्ति की नाक शुरू होती है, वहां पर पहले व्यक्ति की आजादी खत्म हो जाती है। यानी हमारी किसी भी तरह की आजादी का मतलब किसी की आजादी का अतिक्रमण करना नहीं हो सकता। वैसे भी एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर भी हमें सोचना चाहिए कि यातायात के साधनों, वह चाहे बस हो या ट्रेन, के परिचालन में बाधा डालना एक अपराध जैसा है। ट्रेन को थामना देश के विकास के पहिये थामने जैसा ही है। हमारे कारोबार, जीवन व्यवहार, तीर्थाटन तथा सेना के आवागमन को गति देने वाली ट्रेनों को रोकना निस्संदेह, दुर्भाग्यपूर्ण ही है।

# विरासत टैक्सः जिंदगी भर टैक्स तले दबे हैं साहब, मौत के बाद तो छोड़ दीजिए!

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है के दुनियां की कोई भी सरकार शासन प्रशासन आर्थिक स्तंभ के बिना खड़ी नहीं हो सकती सबसे बड़ी प्राथमिकता वित्तीय उपलब्धता करना है, जिसका एक ही मार्ग है टैक्स! टैक्स! टैक्स !पूरी दुनियां में शायद ही कोई ऐसा देश होगा जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से टैक्स न लगता हो।यानें अपने नागरिकों प्रवासियों अप्रवासियों पर बिना टैक्स लगाए कोई भी सरकार शासन प्रशासन नहीं चला सकती है। हर देश अपने नागरिकों पर अपनी परिस्थितियों स्थितियों के अनुसार टैक्स का प्रावधान करता है, जो अपने प्रतिवर्ष पेश होने वाले बजटमें कर दिया जाता है। यह चर्चा आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि व्यक्ति फर्म कंपनियां या फिरएचयूएफ जब तक जीवित हैं तब तक टैक्स भरेंगे जो लाजमी भी है, परंतु यदि व्यक्ति की मृत्यु पर उसके द्वारा पूर्ण टैक्स भरी हुई संपत्ति को उसके बेटों बेटियों या वंशजों को अगर वह संपत्ति हस्तांतरित की जाए तो उसपर भी भारी भरकम टैक्स लगाए जाने की बात अगर की जाए तो मेरा मानना है कि यह कुछ हद तक नाइंसाफी जरूर होगी। पिछले दो दिनों से विरासत टैक्स की चर्चा तब शुरू हुई जब पूर्व बड़े अधिकारी और बड़ी राजनीतिक पार्टी से जुड़े एक शख्सियत ने अमेरिका की तर्ज पर भारत में भी विरासत टैक्स शुरू करने के अपने विचार साझा किया तो, बात दूर तरह तलक चली गई। सत्ताधारी पार्टी ने मुद्दे को लपक लिया क्योंकि वैसे भी इलेक्शन महापर्व शुरू है,इसलिए माननीय पीएम महोदय ने भी इस मुद्दे पर अपने विचार साझा कर विरासत टैक्स पर असहमति जता दी जबकि विरासत टैक्स भारत में पहले वसूला जाता था, जो 1985 में तत्कालीन पीएम ने समाप्त कर दिया था। जबकि कुछ समय पूर्व ही सत्ताधारी पार्टी के दो पूर्व वित्त मंत्री विरासत टैक्स की वकालत करते रहे हैं परंतु मेरा निजी मत है कि विरासत, टैक्स जिंदगी भर टैक्स तले दबे हैं, अब मौत के बाद तो छोड़ दो सरकार,क्योंकि विरासत टैक्स के विचार के खिलाफ गरीब से अमीर तक के आक्रोश का तूफान उठने की संभावना को रेखांकित करना होगा। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत का हरजागरूक नागरिक अपने बाप दादाओ से विरासत में मिली संपत्ति पर विरासत टैक्स देना बर्दाश्त नहीं करने की संभावना है,जो वोट देकरउ सका जवाब देगा। साथियों बात अगर हम विरासत टैक्स पर मचे घमासान की करें तो एक विपक्षीपार्टी से जुड़े बहुत पुराने नेताकेअमेरिका जैसा विरासत कर वाले बयान पर सियासी घमासान मच गया है।हालांकि विरासत कर की अवधारणा भारत के लिए नई नहीं है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अतीत में इस विचार पर विचार किया है और दोनों दलों के नेता इसके पक्षधर रहे हैं। विपक्षी पार्टी के नेता द्वारा अमेरिका जैसा विरासत कर की वकालत करने के बाद भारत में चुनावी माहौल गर्म हो गया है।




**पार्टी नेता ने बयान पर चर्चा की।इन दिनों सियासी पारा पूरी तरह से गर्म है। भाजपा और कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। बीते कुछ दिनों से कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर भाजपा हमलावर है। पीएम अपनी रैलियों में आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति इकट्ठा कर बंदरबांट करेगी। यह विवाद थमा नहीं था कि कांग्रेस नेत ने अमेरिका के विरासत कर की वकालत करके एक नई बहस छेड़ दी है। बयान के बाद भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियां देश को बर्बाद करने वाली हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख ने बुधवार को कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारी मेहनत से बनाई संपत्ति का आधा हिस्सा छीन लिया जाएगा।इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा था,अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है।**

पार्टी नेता ने बयान पर चर्चा की।इन दिनों सियासी पारा पूरी तरह से गर्म है। भाजपा और कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। बीते कुछ दिनों से कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर भाजपा हमलावर है। पीएम अपनी रैलियों में आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति इकट्ठा कर बंदरबांट करेगी। यह विवाद थमा नहीं था कि कांग्रेस नेत ने अमेरिका के विरासत कर की वकालत करके एक नई बहस छेड़ दी है। बयान के बाद भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियां देश को बर्बाद करने वाली हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख ने बुधवार को कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारी मेहनत से बनाई संपत्ति का आधा हिस्सा छीन लिया जाएगा।इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा था,अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है,और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है। आगे कहा, भारत में आपके पास ऐसा नियम नहीं है। अगर किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता। इसलिए लोगों को इस तरह के मुद्दों पर बहस और चर्चा करनी होगी।आगे कहा, यह एक नीतिगत मुद्दा है। कांग्रेस पार्टी एक ऐसी नीति बनाएगी, जिसके माध्यम से धन का बांटना बेहतर होगा।

साथियों बात अगर हम दिनांक 25 अप्रैल 2024 को विरासत टैक्स पर विपक्षी पार्टी के बड़े लीडर के बयान की करें तो, विरासत टैक्स को लेकर पीएम के बयान पर स्पष्टीकरण दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस मेनिफेस्टो की बुकलेट लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारे घोषणा पत्र में कहीं भी विरासत टैक्स का जिक्र नहीं है।आगे कहा,सच यह है कि 1985 मेंतत्कालीन पीए ने इस विरासत टैक्स को खत्म कर दिया था। हमने कभी भी विरासत टैक्स का जिक्र नहीं किया। अरुण जेटली और जयंत सिन्हा जैसे भाजपा नेताओं ने विरासत टैक्स के पक्ष में वकालत की है। वास्तव में यह हमारा नहीं, भाजपा का एजेंडा है।आगे कहा, पीएम असत्यमेव जयते का प्रतीक हैं। उनका प्रचार झूठ पर आधारित है। वे बोल रहे हैं कि हमारे मेनिफेस्टो में प्रॉपर्टी बांटने का जिक्र है। मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि हमारे 50 पेज के मेनिफेस्टो में एक शब्द भी ऐसा नहीं है जो प्रॉपर्टी बांटने का जिक्र करता हो। पीएम ने हाल ही में अपने कई चुनावी भाषणों में कहा है कि कांग्रेस चुनाव जीतने के बाद माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर टैक्स लगाएगी। साथियों बात अगर हम विरासतकर को जाननेऔर संविधान के अनुच्छेद 39(बी) की व्याख्या की करें तोविरासत कर एक व्यक्ति द्वारा विरासत के हिस्से के रूप में मिली संपत्ति पर लगाया जाने वाला कर है। यह राज्य द्वारा लगाई जाने वाली कर व्यवस्था है। अमेरिका की विरासत कर या इनहेरिटेंस टैक्स व्यवस्था उस धन, संपत्ति पर लगती है जिसे कोई व्यक्ति मरने के बाद दूसरों के लिए छोड़ देता है। जिसे संपत्ति मिलती है उसे ही विरासत कर का भुगतान करना होता है। हालांकि, इस कर को लागू करने में कई कारकों की भूमिका होती है। ये कारक यह निर्धारित करते हैं कि कितना कर भुगतान किया जाना चाहिए।

## विचार

# चण्डीगढ़ से सूरत वाया खजुराहोः वन पार्टी और नो इलेक्शन

**बादल सरोज**

सूरत में जो हादसा हुआ है वह किसी भी सभ्य समाज और परिपक्व लोकतंत्र पर एक बदसूरत धब्बा है। जैसा कि अब तक लगभग सब जान चुके हैं कि इस संसदीय क्षेत्र के चुनाव अधिकारी, जो आम तौर से कलेक्टर होता है, ने 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में सूरत संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया है। यह काम जिस तरह से किया गया है वह इंडिया दैट इज भारत में जनादेश की चोरी से शुरू हुई यात्रा के लोकतंत्र के अपहरण से होते हुए मताधिकार की लूट की खतरनाक स्थिति पहुंच जाने के संकेत देता है। यह दोहराने में हर्ज नहीं है कि जैसा सूरत में हुआ वैसे निर्विरोध निर्वाचन के लिए जरूरी होता है कि सिर्फ एक प्रत्याशी बचे- उसके सामने कोई न हो। अब ऐसा अपने आप तो होने से रहा। लिहाजा सबसे पहले तो उनके विरुद्ध इंडिया गठबंधन के साझे उम्मीदवार, कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुम्भानी और उनके डमी उम्मीदवार सुरेश पाडसाला का नामांकन रद्द करवाया गया उसके बाद बाकी बसपा और 3 छोटी पार्टियों जिनमे सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर बनी पार्टी भी शामिल थी. के उम्मीदवारों को श्बिठवायाश् गया और इस तरह भाजपा के मुकेश भाई दलाल को जितवाया गया । भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने खुद कह दिया कि श्निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव मैदान से हटाने के लिए प्रयत्न किये थे। अब यह कैसे हुआ होगा इसका पक्का अनुमान लगाने के लिए राकेट साईंस का ज्ञाता होने की आवश्यकता नहीं है । दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले देश के लिए यह सचमुच अशुभ और अशोभनीय दोनों है। इससे पहले, इसी तरह का काम दूसरे तरीके से मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट, जहां से भाजपा के मध्यप्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं, पर किया गया। यहां से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी मीरा दीपक यादव का नामांकन पत्र भी खारिज करवा दिया गया । इसका आधार प्रत्याशी द्वारा हस्ताक्षर न किया जाना बताया गया - जबकि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी नामांकन फॉर्म को अधूरा भरा होने की वजह से रद्द नहीं किया जा सकता। साफ प्रावधान है कि यदि प्रत्याशी से कोई जगह भरने से छूट जाती है तो उसका सुधार कराने की जिम्मेदारी स्वयं निर्वाचन अधिकारी की है। निर्वाचन कार्यालय में ठीक इसी काम के लिए दो दर्जन से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी तैनात रहते हैं। मगर जब सैयां ही कोतवाल हैं, सैयां ही सीएम और पीएम हैं, उन्हीं के हुकूमबरदार चुनाव आयोग में हैं तो काहे के निर्देश, कैसे कानून!! सूरत काण्ड ने नोटा- इनमें से कोई नहीं- के स्वांग की भी कलई उतार दी है। सैद्धांतिक रूप से यदि एक के अलावा दूसरा उम्मीदवार नहीं था तब भी नोटा ने तो नाम वापस नहीं लिया था, उन्हें तो इस कथित रूप से निर्विरोध चुने गए दलाल को अस्वीकार करने का अवसर दिया जाना चाहिए था।

**केन्द्रीय चुनाव आयोग को इसे सुनिश्चित करना चाहिए था। पहले इस तरह के छल, धनबल, बाहुबल की प्रपंची कारगुजारियां पंची और सरपंची के चुनाव में आजमाई जाती थीं, कालेजों के छात्र संघ चुनावों और सहकारिताओं में अपनाई जाती थीं। इन दिनों वहां भी ये पहले की तुलना में कम हुई हैं। लोकसभा चुनाव में तो इस तरह की खुले खजाने निर्लज्जता के ये पहले उदाहरण हैं। कुछ महीने पहले चंडीगढ़ में यह काम अलग तरीके से किया गया था।**

केन्द्रीय चुनाव आयोग को इसे सुनिश्चित करना चाहिए था। पहले इस तरह के छल, धनबल, बाहुबल की प्रपंची कारगुजारियां पंची और सरपंची के चुनाव में आजमाई जाती थीं, कालेजों के छात्र संघ चुनावों और सहकारिताओं में अपनाई जाती थीं। इन दिनों वहां भी ये पहले की तुलना में कम हुई हैं। लोकसभा चुनाव में तो इस तरह की खुले खजाने निर्लज्जता के ये पहले उदाहरण हैं। कुछ महीने पहले चंडीगढ़ में यह काम अलग तरीके से किया गया था। इसीलिए यह सिर्फ सूरत भर की बात नहीं है। भारतीय प्रायद्वीप के नामचीन शायर रघुपति सहाय फ़िराकघ् गोरखपुरी साहब ने एक शेर में कहा है कि यजिसे सूरत बताते हैं पता देती है सीरत काइबारत देख कर जिस तरह मानी जान लेते हैं।

इस तर्ज पर कहें तो सूरत में जो हुआ वह इस देश के लोकतंत्र की आज की जो सीरत है उसका उदाहरण है । पिछले 10 वर्षों से इस देश में संविधान और संविधान सम्मत संस्थाओं के साथ जो हो रहा है उसका भयावह और विद्रूप संस्करण हैं । यह कॉरपोरेटी हिन्दुत्व द्वारा मोदी राज की दो पंचवर्षीय अवधि में तैयार किया गया आगामी भारत का सांचा है। अगर इनकी चली और इसी तरह चली तो चंडीगढ़ से बरास्ते खजुराहो सूरत तक पहुंचना, आने वाले दिनों की सीरत की बानगी भी है। यह इन 10 वर्षों में जिन कारपोरेट घरानों के लिए छप्परफाड़ मुनाफे कमवाये गए हैं उनकी छीजन के सहारे तंत्र पर कब्जा करके लोक से अपना जन प्रतिनिधि चुनने के जनता के मूलभूत अधिकार का अपहरण है।

अब तक जनादेश चुराने, चुनी चुनाई सरकारों को अगवा कर भगवा बनाने, सांसदों, विधायकों, गुटों. समूहों, दलों को ईडी, सीबीआई से डरा कर, लालच प्रलोभन से लुभाकर खरीदे जाने की कार्यनीति अपनाई जा रही थी- अब उस आड़ को भी छोड़ दिया गया हैय थैलियों और नौकरशाहों की दम पर सीधे सांसदी ही अपहृत की जा रही है। लूट की हिस्सेदारी में वसूली गई अकूत कमाई और उसकी तलछट के एक रूप इलेक्टोरल बांड में इकठ्ठा किया हजारों करोड़ रुपया इसी तरह के दलदल पैदा कर सकता है। ये दलदल भारतीय लोकतंत्र को हमेशा के लिए डुबो देने की विनाशकारी ताकत रखता है। इस दलदल तक बहला फुसला कर लाने के सारे प्रबंध पहले ही किये जा चुके हैं। चुनाव आयोग में नियुक्ति के तरीके को बदलने के पीछे का कपट सामने आ चुका है। किसी टीवी चौनल ने इस खबर के अन्दर की खबर नहीं ढूंढी, अभी तक जितने अखबार देखे हैं।

# मतदान के दूसरे चरण में किसे बढ़त?

पहले चरण में संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया द्वारा बढ़त लेते हुए दिखने के बाद अब इस बात की उत्सुकता बढ़ गई है कि 18वीं लोकसभा के लिये शुक्रवार को होने जा रहे मतदान के दूसरे चरण में कौन आगे निकल जायेगा। यह भी सवाल है कि भारतीय जनता पार्टी एवं उसके गठबन्धन यानी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) को नुकसान भरपाई करने का मौका मिलेगा या इंडिया इसके बाद ऐसी बढ़त बना लेगा कि भाजपा-एनडीए को उसकी बराबरी कर पाना मुश्किल हो जायेगा? राजनीतिक पर्यवेक्षकों तथा विश्लेषकों का मानना है कि अगर इंडिया ने इस राउंड में एनडीए को पहले जैसी टक्कर दी तो भाजपा का 370 व 400 सीटों के पार जाने का नारा तो हवा में उड़ ही जायेगा, उसे बहुमत (272 का आंकड़ा) के भी लाले पड़ जायेंगे। अनुमान कुछ ऐसे ही बतलाये जा रहे हैं। एक सप्ताह पहले यानी 19 नवम्बर को 21 राज्यों की 102 सीटों के लिये मतदान हुआ था। अब 13 राज्यों की 88 सीटों के लिये मतदान होने जा रहा है। इस चक्र का महत्व सिर्फ इस लिहाज से नहीं है कि इसमें राहुल गांधी (वायनाड-केरल), अरूण गोविल (मेरठ-उत्तर प्रदेश), शशि थरूर (तिरुअनंतपुरम-केरल), कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक-मांड्या) आदि की प्रतिष्ठा दांव पर है या इस राउंड में 16 फीसदी सीटों के लिये लोग मतदान करेंगे, बल्कि वह इसलिये है कि अब लगभग सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि इसमें भी इंडिया को बढ़त मिलने की पूरी सम्भावना है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया की हुई विशाल रैली में दावा किया था कि पहले चरण में विपक्षी गठबन्धन को 80 से 90 सीटें मिल रही हैं। यह सभा वहां के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर जेल में डाले जाने के खिलाफ 21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। वैसे लोग यह दावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनी प्रचार सभाओं में इस्तेमाल की जा रही भाषा से भी कर रहे हैं जिसके स्तर में अभूतपूर्व गिरावट दर्ज हुई है। प्रथम चरण के मतदान के बाद ही मोदी ने अनेक ऐसी बातें कही हैं जिनसे न सिर्फ उनके पद की गरिमा और भी गिरी है वरन वह समाज के लिये ही खतरनाक साबित हो सकती है।

उन्होंने राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रचार रैली को सम्बोधित करते हुए 18 वर्ष पहले दिये तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के उस बयान को तोड़-मरोड़कर उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार भारत के वंचितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि का है।श् इस बयान को बड़े ही घृणित तरीके से प्रस्तुत करते हुए मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मंगलसूत्र छीनकर अधिक बच्चे वालों के बीच बांट दिये जायेंगे। उनका इशारा मुस्लिमों की तरफ था। अगले दिन इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में यह कह दिया कि कांग्रेस की नजर आपकी सम्पत्ति पर है। बुधवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में भी उन्होंने इसी आशय का भाषण दिया- बावजूद इसके कि उनके खिलाफ कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। एनडीए के सहयोगी अकाली दल ने भी इस पर आपत्ति जताई है। वैसे तो इस मामले पर उन्हें माकूल जवाब कांग्रेस के कई लोगों की ओर से मिल गया, साथ ही मनमोहन सिंह का असली बयान क्या है, यह भी सामने आ गया है। लोग जान गये हैं कि डॉ. सिंह ने श्मुस्लिमश् शब्द का इस्तेमाल ही नहीं किया था। वैसे तो कांग्रेस का न्याय पत्र (घोषणापत्र) जब जारी हुआ था, उसके दूसरे दिन ही मोदी ने इस पर मुस्लिम लीग की छाप बतलाई थी। हालांकि यह कोई समझ नहीं पाया कि इसमें ऐसा क्या है जिससे मुस्लिम लीग का असर दिखे। ऐसे ही, कांग्रेस को बदनाम करने के उद्देश्य से उन्होंने देश में संचार क्रांति लाने वाले सैम पित्रोदा के उस बयान को भी तोड़-मरोड़कर पेश किया जिसमें पित्रोदा ने विरासत टैक्स पर बात की थी। इसका सन्दर्भ व अवसर एकदम अलग था लेकिन मोदी उसका भी कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल करने से नहीं चूके।



# राशिफल

**मेषः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**मिथुनः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्कः-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

**तुलाः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृश्चिकः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनुः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**मकरः-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा। कार्यालय का वातावरण अनुकूल होगा। अपूर्ण कार्य पूर्ण होंगे।

# निजी स्वास्थ्य सेवा में सुधार की तत्काल आवश्यकता

**डॉ. अभय शुक्ला**

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर सम्बंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती। गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं।



विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है। और यह संख्या हर साल बढ़ रही है,खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीजों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है। यह परिदृश्य हाल ही में जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है। पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं। अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं - न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में

**विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है। और यह संख्या हर साल बढ़ रही है,खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीजों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है। यह परिदृश्य हाल ही में जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है। पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं।**

बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है। लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए। यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हजारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है।

बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिजेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48फीसदी) में सरकारी अस्पतालों (14फीसदी) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीजेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15फीसदी अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में ये कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और जरूरत से ज्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा। रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# पराली जलाने से बचें किसान : जिलाधिकारी

> गर्मी के दिनों में अग्निकांड से बचाव के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी, जिलाधिकारी ने दिए टिप्स

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

तेजी से बढ़ रही गर्मी के दृष्टिगत संभावित अग्नि काण्डों से बचाव को लेकर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने जनसामान्य को बचाव के टिप्स देते हुए सचेत किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही अग्निकाण्ड की घटनाएं भी प्रारम्भ हो गई हैं। गर्मी के दिनों में जब तेज पछुआ हवा चलती है तो गांवों में अग्निकांड की घटनाएं बड़े पैमाने पर घटित होती हैं जिसके फलस्वरूप हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण इन घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है।

जिलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में बताया कि बहुत छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर हम अग्निकांड की घटनाओं को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में लगने वाली आग से गांव अत्यधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में रसोई घर यदि घास फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी



तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर लें। शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें एवं उनकी निगरानी अवश्य करते रहें। गर्मी के दिनों में दिन में तेज व गर्म हवाएं चलती हैं इसलिए जहां तक सम्भव हो गर्मियों में दिन का खाना 09 बजे सुबह से पूर्व बना लें तथा रात का खाना शाम 06 बजे के बाद बनाएं। बिजली के ढीले तारों से निकली चिंगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है। इसलिए जहां कहीं भी ढीले तार दिखें उसकी सूचना बिना देर किए बिजली विभाग को दें। खेतों के पास लगे बिजली खंभें के फसल को पहले काट लें, जिससे चिंगारी से आग लगने की संभावना कम हो जायेगी। आग लगने पर सर्वप्रथम समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। आवश्यकता होने पर आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड एवं प्रशासन को तुरंत सूचित करें। अगर कपड़ों में आग लगे तो जमीन पर लेटकर या लुढ़क कर उसे बुझाने का प्रयास करें।

आग से बचाव हेतु जागरूक करते हुए बताया कि दीपक, लालटेन, मोमबत्ती को ऐसी जगहों पर न रखें जहां से गिरकर आग लगने की संभावना हो। फसल कटने के बाद खेत में छोड़े डंठलों में आग नहीं लगाएं। भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय न करें। जलती हुई माचिस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पीकर इधर-उधर न फेंकें। खाना बनाते समय ढीले-ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े न पहनें। हमेशा सूती कपड़े पहनकर ही खाना बनाएं। सार्वजनिक स्थानों, ट्रेनों एवं बसों आदि में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। जिलाधिकारी ने बताया कि गांवों में आग न लगे, इससे बचाव के लिए प्रचार-प्रसार के लिए समस्त विभागों एवं क्षेत्रीय लेखपालों को भी निर्देशित किया गया है।

# एएसपी ने पुलिस लाइन में लोकसभा चुनाव को लेकर दिए जरूरी निर्देश

> प्रचलित अभियानों के संबंध में समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में जनपद स्तर पर नामित क्षेत्राधिकारी (अभियोजन) एवं थाना स्तर पर निरीक्षक, उपनिरीक्षक (अभियोजन) के द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी।जिसमें जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उनको न्यायालय व थानों से संबंधित समस्त रजिस्टर अपडेट करते हुए न्यायालय में समय से गवाही करवाने व गंभीर एवं विशेष अपराधों में विधिवत पैरवी करने के संबंध में निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में ऑपरेशन कन्विक्शन/ऑपरेशन् त्रिनेत्र, आईजीआरएस पोर्टल से संबंधित प्रार्थना पत्र के निस्तारण व सीएम डैशबोर्ड से संबंधित समस्त बिंदुओं पर प्राप्त जनशिकायतों (आईजीआरएस) के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर जनपद के सभी थानों को रैंकिंग में सुधार हेतु प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये। एएसपी द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस बल के संचरण तथा पीएसी, सीएपीएफ, पुलिस बल के ठहरने के स्थानों का चिंहीकरण/सत्यापन व एलओआर के दृष्टिगत की गयी कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## खबरें एक नजर में

### पांच आरोपियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ भास्कर मिश्र द्वारा आरोपी संजय यादव पुत्र श्यामसिंह यादव निवासी ग्राम बछेछरखुर्द, धीरेन्द्र सिंह पुत्र जानकी प्रसाद राजपूत निवासी ग्राम बागौल, अभय यादव पुत्र रामसिंह निवासी मुहल्ला सतियनपुरा, धीरेंद्र अनुरागी पुत्र कमल अनुरागी निवासी मुहल्ला टौरियापुरा व रामकिशन पुत्र गुरुवा उर्फ गोरेलाल निवासी टिकरिया पनवाड़ी के विरुद्ध 3 यूपी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गयी। सभी आरोपी शातिर किस्म के अपराधी है एवं इनके आपराधिक क्रियाकलापों से क्षेत्र की आम जनता में भय व आतंक व्याप्त रहता है। सभी के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई है। पुलिस के अभियान से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। आरोपियों पर कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र, कां दिनेश सिहं सेंगर व महिला कां प्रिया सिंह शामिल रहे।

### विवाद के चलते महिला को पीटकर किया घायल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** खन्ना थाना के ग्राम खन्ना निवासी महिला केशर अहिरवार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया 21 अप्रैल को वह घर पर अकेली थी। तभी जमीनी विवाद के कारण राजेश पुत्र कल्लू अहिरवार निवासी ग्राम डहर्रा आया और दरवाजे पर खड़े होकर गालियां देने लगा। इसका विरोध करने पर गला दबा दिया और मारपीट की गई। उसके साथ दो व्यक्ति और थे। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पीड़िता महिला ने इसकी सूचना खन्ना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी राजेश व अज्ञात साथियों के के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर खासा हड़कंप मचा रहा।

### दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित अपराधी को किया गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में होने वाले आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के तहत प्रभारी निरीक्षक खरेला गोपालचंद्र कनौजिया द्वारा गठित टीम के उपनिरीक्षक अजीत नारायण त्रिपाठी द्वारा धारा 452, 376 व 4 पाक्सो एक्ट एससी/एसटी एक्ट से संबंधित वांछित आरोपी विक्रम उर्फ संदीप राजपूत पुत्र तुलसीदास राजपूत निवासी ग्राम गहरौली थाना मुस्करा हमीरपुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और बाद में उसे जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई अजीतनारायण त्रिपाठी व कां राघवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### पैसा लेने के बाद शव वाहन चालक ने दिया शव, शिकायत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शव वाहन के चालक पर शव ले जाने पर तीन हजार रुपए रिश्वत लेने का मृतक किशोर के स्वजनों आरोप लगाया है। मामले में जांच की मांग की है। कोतवाली के बिलरख गांव निवासी कल्लू ने बताया कि 18 अप्रैल को उसके घर पर पुत्र सागर की शादी थी। शादी में रिश्तेदार घर आए थे। जिसमें बालचंद्र निवासी पराबारी थाना महोबकंठ जनपद महोबा आए थे। 19 अप्रैल की दोपहर वह व सभी रिश्तेदार शादी में व्यस्त थे। तभी बालचंद्र का पुत्र 15 वर्षीय हिमांशु तालाब में नहाने गया था। जिसकी तालाब में डूब गया। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। बताया कि सीएचसी से शव वाहन पराबारी गांव शव को छोड़ने गया था। शव वाहन का चालक तीन हजार रुपए शव के छोड़ने के मांगने लगा। बताया कि रुपए न देने पर चालक शव को नहीं दे रहे थे। तब उनके रिश्तेदारों ने शव वाहन चालक को तीन हजार रुपए दिए। तब कहीं शव दिया। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। न कोई शिकायत करने आया है।

### सड़क दुर्घटना में चाचा की मृत्यु,भतीजा घायल

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह से भतीजे के साथ बाइक से घर लौट रहे चाचा की चार पहिया वाहन की टक्कर से मौत हो गई। जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। मुस्करा थाने शिवनी का डेरा गांव निवासी दयाराम निषाद(60) अपने भतीजे गोविन्द पुत्र बल्दी पथरेटा गांव में अपने चचेरे साले की लड़की की शादी समारोह में गया था। रात करीब साढ़े नौ बजे शादी समारोह से वापस बाइक से लौट रहे थे। तभी जलालपुर-धौहल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठे चाचा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### व्यापारी की मौत से बाजार में पसरा सन्नाटा

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** बीती रात राठ से मौदहा आते समय हुई दुर्घटना में पिता की मौत हो गई तो वहीं साथ मे बैठा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद मौदहा के व्यापारियों में सारा दिन सन्नाटा पसरा रहा है। नगर के आभूषण विक्रेता प्रदीप सोनी पुत्र मदारी सोनी तथा पुत्र तनिष्क सोनी के साथ निजी सेन्ट्रो कार से मौदहा के लिए रवाना हुआ था तभी राठ से एक किलोमीटर निकलने के बाद अनियंत्रित रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। वहीं टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस कार के अगले हिस्से में चढ़ गई जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही प्रदीप सोनी की मौत हो गई थी तथा जेसीबी से कार को काटकर मृतक का शव निकाला गया तो वहीं बगल में बैठे बेटे तनिष्क को गंभीर हालत में एंबुलेंस के माध्यम से उरई के मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। इस घटना की सूचना नगर में पहुंचते ही परिजनों तथा व्यापारियों में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटियां व एक छोटा पुत्र समेत पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# स्कूल बस व इको में भिडंत से बच्चों में हड़कंप

> कस्बा के बस स्टैंड के समीप घटित हुई दुर्घटना

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



स्कूली वाहन व इको कार में भिडंत से बच्चों में हड़कंप मच गया। हालाकि कोई भी छात्र घायल नही हुआ है। वाहन जरूर क्षतिग्रस्त हुए है। दोनों चालकों के मध्य काफी देर तक मुंहाचाही होती रही,बाद में सुख समझौते की प्रक्रिया शुरू हुई,तब जाकर मामला शांत हो सका। बता दें कि एक स्कूल बस कुलपहाड़ से बच्चों के लेने के लिए पनवाड़ी आया और यहां से बच्चों को लेकर वापस जा रहा था। आरोप है कि इस बीच बस स्टैंड के समीप स्कूली बस व इको वाहन में भिडंत हो गई। भिडंत होते ही बस में सवार स्कूली बच्चों ने चीख पुकार मच गई। हालाकि कोई भी बच्चा घायल नही हुआ है,बल्कि दुर्घटना से दहशत में आ गए थे। उधर से टक्कर से दोनों चालकों में एक दूसरे पर दोषारोपण को लेकर कहासुनी हुई और बाद में कुछ संभ्रांत लोगों ने आपस में सुलह का रास्ता निकाला है। पुलिस का कहना है कि मामले में किसी ने तहरीर नहीं दी है।

# वीवीआईपी की सुरक्षा को लेकर रिंग राउंड टीम का गठन

> गठित टीम को माकड्रिल के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जिले में होने वाले लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अति महत्वपूर्ण महानुभावों (वीवीआइपी) के जिले में प्रस्तावित कार्यक्रमों के दौरान उनकी सुरक्षा कि लिए %वीआइपी सिक्योरिटी एवं रिंग राउंड टीम% का गठन किया गया है।

इसके लिए जिला पुलिस से चिन्हित किए गए तेजतर्रार पुलिसकर्मियों को टीम में शामिल किया गया, जो वीवीआईपी की सुरक्षा हेतु अत्याधुनिक हथियारों से लैस रहेंगे। पुलिस लाइन महोबा में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् द्वारा रिंग राउंड टीम के सभी पुलिस कर्मियों को मॉकड्रिल के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं सभी को ड्यूटी के दौरान उनके दायित्वों का बोध कराते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान वीवीआइपी के विभिन्न कार्यक्रमों के देखते हुए जनपद स्तर पर उनकी सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया गया है। वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए रिंग राउंड टीम गठित की गई है। टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को वीवीआइपी सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी है। टीम में शामिल पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान अत्याधुनिक हथियारों से लैस रहेंगे। वीवीआइपी की लैंडिंग, जुलूस, बैठक एवं रोड शो में किस तरह की सुरक्षा दी जानी है, इस संबंध में भी मॉकड्रिल के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम्, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित रिंग राउंड टीम में शामिल किये गये जनपदीय पुलिस के तेजतर्रार अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# संसद में जितने मुद्दे मैंने उठाये देश के किसी सांसद ने नहीं उठाये : पुष्पेंद्र सिंह

> भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन
> संपत्ति व्यौरा में करोड़पति है भाजपा प्रत्याशी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने नामांकन पत्र का पहला सेट दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने के बाद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि पार्लियामेंट में उन्होने जितने मुद्दे उठाये है वह देश का किसी सांसद ने नही उठाये। उन्होने कहा कि वह सांसद व विधायक बनने के लिये जनता की सेवा नही करते बल्कि वह एक विचारधारा के नाम पर काम करते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुंदेलखंड के लिये जो काम किया है वह किसी सरकार ने नही किया है। उन्होने कहा कि वह जो काम करते है वह सोशल मीडिया में नही डालते अपने मुंह महिमा मंडन नही होना चाहते है। उनका कहना है कि वह संसद में प्रायवेट बिल लाकर अन्ना प्रथा समाप्त करने की वकालत की थी। पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने दो मर्तवा सेट दाखिल किया। अपनी संपत्ति का व्यौरा भी दिया है। भाजपा ने तीन पर्चे खरीदे जिसमे दो सेट दाखिल कर दिये है। इसके अलावा दीपाली सिंह, धीरज, भुवनेंद्र नारायण सिंह, पुष्पेंद्र सेन, देवराज, राजेश सिंह, राजबहादुर, फतेहमोहम्मद खान ने पर्चे खरीदे है। .राज्य स्तरीय दल के तीन,पंजीकृत दल के तीन व निर्दलीय प्रत्याशियों ने नौ पर्चे खरीदे गये है। पत्रकारों के तीखे सवालों से प्रत्याशी बचते रहे।

### पिता-पुत्रों ने कुल्हाड़ी से हमला कर सिर फोड़ा

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के कैथा गांव में मामूली विवाद को लेकर पिता पुत्रों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दो सगे भाइयों का सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। कैथा गांव निवासी कमलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की सुबह साढ़े नौ बजे दरवाजे के पास अपनी भैंस को नहला रहा था। तभी लक्ष्मीचंद्र ने अपने पुत्र उमेश कुमार, अमित कुमार के साथ मिलकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर कुल्हाड़ी से हमला कर सिर फोड़ दिया।
शोर सुनकर जब उसका भाई राममिलन बचाने आया तो उसका भी कुल्हाड़ी से हमला कर सिर फोड़ दिया। दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं। लक्ष्मीचंद्र ग्राम समाज की जमीन में कब्जा किए हैं। जिससे वह रंजिश मानता है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामला दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकाली बाइक रैली



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज नगरपालिका, विकासखंड एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली निकाली। जिसका शुभारंभ मीरा तालाब के निकट से अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं शिक्षा विभाग द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त रैली मीरा तालाब में प्रारंभ होकर नगर के थाना चौराहा से होते हुए नेशनल चौराहा कांजी हाउस तथा रहमानिया से होते हुए मालिकुआ चौराहा से बड़े चौराहा से वापस मीरा तालाब में सम्पन्न हुई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नगरपालिका, विकासखंड एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आदर्श इंटर कॉलेज ईश्वरीपुर इटावा का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।
हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में ललित कुमार ने 89.16 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, पारुल ने 88.83 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय तथा आरती व उर्वशी ने 85.5 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया । विद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रमुख समाजसेवी डॉ.सुशील सम्राट ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नितेश कुमार ने किया।



कार्यक्रम के अवसर पर प्रबंधक तिलक सिंह राजपूत एडवोकेट, प्रधानाचार्या शशि राजपूत व शिक्षक प्रेमशंकर, विवेक कुमार ,जगत सिंह, गौरव राजपूत, ममतेश कुमार ,योगेश, उपदेश, विजय, दिलीप, आरती, नेहा, नीरू व अभिभावक मौजूद रहे।
फोटो-03 छात्र को सम्मानित करते हुए समाजसेवी डॉ.सुशील सम्राट।

# बसपा ने हमीरपुर व महोवा के जिलाध्यक्षों को किया निष्कासित

> चुनाव के ऐन बक्त पर कार्यवाही होने पर घमासान हुआ तेज

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

बसपा में टिकट वितरण को लेकर दल के अन्दर मचा घमासान रुकने के बजाय और तेज हो गया है। पार्टी हाई कमान ने शुक्रवार को पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप लगाते हुये महोवा व हमीरपुर के बसपा के जिलाध्यक्षों को दल से निष्कासित कर दिया है। उनके स्थान पर नयी नियुक्तियां कर दी गयी है। इस कार्यवाही से दल में खलबली मच गयी है जानकारी के मुताबिक बहुजन समाज पार्टी के हाईकमान ने गुरुवार को निर्दोष दीक्षित को हमीरपुर महोवा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया था तभी से महोवा व हमीरपुर जिले में दल में उथल पुथल शुरु हो गयी थी। ज्यादातर लोग निर्दोष दीक्षित का विरोध करना शुरु कर दिया था। बसपा नेता फतेहखान ने कहा था कि यदि टिकट नही बदला जाता तो वह दूसरे दल से पर्चा दाखिल करेगे। चुनाव के पीक मौके पर दल में उथल पुथल होने का कारण हाईकमान ने हमीरपुर व महोवा के जिलाध्यक्षों का मान रहे है लिहाजा आज हमीरपुर के जिलाध्यक्ष रामकरन अहिरवार गो पार्टी से हटाकर उनके स्थान पर राघवेंद्र अहिरवार को नया जिलाध्यक्ष बना दिया है। इसी प्रकार महोवा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिद्रार्थ को पार्टी से हटाकर उनके स्थान पर गंगादीन अहिरवार को जिलाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। पार्टी हाईकमान का कहना है कि दोनो जिलाध्यक्ष पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे कई मर्तवा चेतावनी भी दी जा चुकी थी मगर दोनो की अनुशासन हीनता लगातार बढ़ती जा रही थी इसलिये दोनो को दल से निष्कासित कर दिया गया है।

### प्रत्याशी ने अपनी संपति का व्योरा भी दिया

जिसमें आवासीय कीमत 54 लाख 50 हजार रुपये,तीन करोड़ 44 लाख 79 हजार 633 रुपये का विभिन्न बैंकों में ऋण है। चार वाहन है जिनकी कीमत 15 लाख रुपये बतायी गयी है। ज्वैलरी व रायफल एवं हैंडगन की कीमत तीन करोड 58 लाख 37 हजार 62 रुपये बतायी गयी है। कई प्लाट है जिनकी कीमत 54 लाख पचास हजार रुपये बतायी गयी है। इसी प्रकार कृषि योग्य भूमि की कीमत करीब छह करोड बतायी गयी है।

# शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम छूता उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंस्ता

> एनएमएमएस की परीक्षा में आर्यन ने लहराया परचम

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

उच्च प्राथमिक विद्यालय के आधा दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति आधारित परीक्षा मे सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। मौदहा विकासखंड के भैंस्ता गांव में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय के आधा दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति आधारित परीक्षा 2023-24 में सफलता पाकर अपने माता-पिता सहित गुरूजनो का नाम रौशन किया है। जिसमें विद्यालय के छात्र आर्यन ने तीसरी रैंक हासिल



कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वहीं इसी विद्यालय के छात्र विपिन कुमार ने 6वीं, राज ने 7वीं, पुष्पेन्द्र 20वीं, आदर्श यादव 26वीं, अमन कुमार 30वीं विमलेश कुमार ने 34वीं रैंक हासिल की है। उक्त परिणाम जारी होते ही पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी दौरान सफल छात्रों का कहना है कि इस छात्रवृत्ति के माध्यम से हमें आर्थिक स्थिरता के साथ आगे बढ़ने के अधिक अवसर प्राप्त होगें। सफल छात्रों के अभिभावकों ने विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षिक गुणवत्ता की तारीफ करते हुए सफलता का श्रेय विद्यालय की इंचार्ज भारती कुशवाहा एवं नोडल शिक्षिका तबस्सुम एवं शिक्षक सुरेन्द्र मोहन को दिया। छात्र आर्यन ने बताया की मैं अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां एवं समस्त गुरू जनों को देना चाहता हूं, मेरी तैयारी के दौरान तबस्सुम मैम ने हमेशा मुझे शिक्षा को लेकर प्रेरित किया। वहीं बताया कि मेरा सपना आईएएस बनकर देश की सेवा करना है। छात्र राज ने बताया की सच कहूं तो मैंने सोचा ही नहीं था कि परिणाम इतना शानदार आएगा। तबस्सुम मैम, सुरेन्द्र सर एवं कर्नल सर का आभारी हूं। मेरा सपना एक शिक्षक बनना है।

# सपा प्रत्याशी जितेंद्र का भव्य स्वागत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा इटावा से इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने आज शहर के विभिन्न मोहल्लों में सपा सहित गठबंधन के नेताओं के साथ डोर टू डोर जनसम्पर्क किया और मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा।

इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने आज नेताओं के भारी हुजूम के साथ विधानसभा इटावा के तहत अकाल गंज, उजैदी, शाहगंज में आदि में जनसम्पर्क कर मतदाताओं से वोट की अपील की और कहा कि एक बार सेवा का मौका दें हम लोकसभा क्षेत्र में अपने वायदों पर पूरी तरह खरे उतरेंगे। इस दौरान जगह जगह सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे का मतदाताओं ने माल्यार्पण कर और पुष्प वर्षा कर मुकुट पहनकर जोशीला स्वागत किया। इस मौके पर सपा महिला शहर अध्यक्ष फरहा नाज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने महिलाओं की टीम के साथ सपा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे के समर्थन में घरों में जाकर महिलाओं से वोट मांगे।

इस अवसर पर सपा नेता राकेश यादव, उदयभान यादव, शहर अध्यक्ष सपा अब्दुल अंसारी, फरहान शकील, आलोक दीक्षित, राकेश यादव, नोमान आलम, धीरेंद्र यादव, शारिक, आनन्द यादव टँटी, केके यादव, प्रवीण कुशवाहा, आदित्य गोविंद यादव, सभासद मिक्की, मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, फरहा नाज शहर अध्यक्ष महिला सपा, मुबीना बेगम, सुनीता कुशवाहा जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस, पल्लव दुबे, प्रमोद शंखवार, संजय दोहरे, आप नेता इकरार अहमद सहित नेताओं का हुजूम उपस्थित रहा।

# श्रमिकों के बच्चों के लिए विहान बालक आवासीय विद्यालय में जायण्ट्स दतावली ने दिये दस बेड

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2015 से पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित कल्याणकारी योजना विहान आवासीय विद्यालय में जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली के संस्थापक अध्यक्ष डॉ शिवराज सिंह यादव सदस्य केन्द्रीय समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन एवं ऊषा यादव निवर्तमान अध्यक्ष फेडरेशन 5 संयोजकत्व में अपनी सुपुत्री डॉ ओजस्वी यादव के जन्मदिन के सुअवसर पर विहान बालक आवासीय विद्यालय में छात्रों शयन की सुविधा हेतु छब्बीस हजार कीमत के 10 बेड भेंट कर समस्त विद्यालय परिवार को स्वल्पाहार कराया।

इस अवसर पर ऊषा यादव ने



बच्चों को स्वच्छता के साथ साथ अध्ययन एवं जीवन में सफलता के लिए विशेष टिप्स दिए। डॉ. शिवराज सिंह यादव ने बच्चों को प्रेरक प्रसंग बताते हुए विद्यालय में पारिवारिक परिवेश में रह रहे अध्यापक एवं बच्चों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि विहान आवासीय विद्यालय योजना श्रमिक वर्ग के बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी योजना है।

विद्यालय अधीक्षक रमाकांत तिवारी सहयोगी अध्यापक, पूजा त्रिवेदी संजय कुमार पाठक राहुल श्रीवास्तव रुचि शाक्य शिवकुमार सिंह, शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण एवं बच्चों समेत विहान आवासीय विद्यालय परिवार छिबरामऊ ने डॉ. ओजस्वी यादव को समवेत स्वर में गीत गायन के साथ हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जायण्ट्स दतावली परिवार का आभार व्यक्त किया। सुषमा यादव निदेशक जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली ने आयोजन में सक्रिय सहभागिता हेतु समस्त विद्यालय परिवार एवं जायण्ट्स परिवार का आभार व्यक्त किया।

# संकलन ऐप से होगा वोटर टर्न आउट का आंकलन

## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सामग्री का मिलान अवश्य करा लें

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**



जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन को संपन्न करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी प्रपत्रों, रजिस्टरों, लिफाफें एवं मतदान के दिन प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्रियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों रवाना होने से पहले सामग्री का मिलान अवश्य करा लें, साथ ही निर्धारित वाहन से ही जाएं।

उन्होंने मतदान दिवस पर मतदान के प्रतिशत को संकलित किए जाने हेतु तैयार किए गए एमपीएस मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के संबंध में बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को मतदान दिवस पर शाम 6 बजे के पश्चात फाइनल वोटर टर्न आउट का आकलन भी एमपीएस मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस ऐप का उपयोग सेक्टर ऑफिसर एवं पीठासीन अधिकारी द्वारा किया जाएगा संबंधित विधानसभा क्षेत्र के बूथ उनकी सेक्टर वार मैपिंग आदि का कार्य संबंधित ए आर ओ द्वारा अपने पोर्टल पर लॉगिन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमपीएस मतदान प्रतिशत संकलन ऐप का उद्देश्य मतदान दिवस के दिन मॉकपोल संपादित होने, प्रातः 7 बजे से मतदान प्रारंभ होने, मतदान प्रारंभ होने के पश्चात प्रत्येक 2 घंटे की अवधि शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत रियल टाइम पर संकलित किए जाने तथा मतदान अवधि के बाद संभावित लाइन तथा मतदान समाप्ति आदि सूचनाओं को ऑनलाइन संकलित कर संबंधित एआरओ को ससमय उपलब्ध कराना व डीईओ, आरओ को भी उनके पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उप निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर ज्योति, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु आरती आदि सहित संबंधित अधिकारी के साथ-साथ मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

## जिम्मेदार अधिकारी नगर में लगे वाटर कूलरों को ठीक कराने की सुध भूले

**जालौन (उरई)।** गर्मी लगातार बढ़ रही है। गर्मी के मौसम में लोगों को गला तर करने के लिए, शीतल जल की आवश्यकता होती है। राहगीरों व दुकानदारों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए नगर में वाटर कूलर लगाए गए हैं। जगह-जगह लगे वाटर कूलर गर्म पानी दे रहे हैं। वाटर कूलर से निकल रहे गर्म पानी के कारण इनका आम जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है। नगर के लोगों को वाटर कूलर की सही कराकर शीतल जल की सप्लाई कराने की मांग की है। गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल की अधिक आवश्यकता रहती है। जब गर्मी अधिक हो तो शीतल जल लोगों को अमृत समान लगता है। नगर में आने वाले राहगीरों और दुकानदारों को शीतल जल उपलब्ध कराने की पहल नगर पालिका द्वारा शुरू की गई थी।

# ट्रक चालक ने कार में मारी टक्कर, दो घायल

**कोटरा,जालौन। समृद्धि न्यूज**



शुक्रवार को कोटरा-उरई मार्ग में तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उरई से ओमिनी कार जो सवारी भरकर कोटरा आ रही थी वह रास्ते में ही तेज टक्कर से दुर्घटना ग्रस्त हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार ओमिनी कार नंबर यूपी 92 के 0673 उरई से कोटरा की ओर जा रही है तभी सामने से कोटरा की ओर से ट्रक नंबर यूपी 92 एटी 1884 तेज रफ्तार में आ रहा था। जिससे अचानक कार को सामने देखकर चालक अपना नियंत्रण खो बैठा जब तक वह कुछ सोच पाता तब तक तेज आवाज के बीच दोनों वाहनों की जोरदार भिड़ंत हो गयी। वाहनों की टक्कर होते ही ओमिनी कार में सवार यात्रियों में चीख पुकार मचनी शुरू हो गयी जिनकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ओमिनी कार में सवार लोगों को किसी तरह से बाहर निकालने के बाद कोटरा थाना पुलिस को सूचना को दी तो मौके पर कोटरा पुलिस भी पहुंच गयी। बाद में पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस बुलाकर उपचार के लिये जिला अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि कोटरा-उरई मार्ग सिंगल मार्ग है लेकिन इससे मौरम व गिट्टी भरे वाहनों की संख्या रहती है जिससे आये दिन इस तरह की दुर्घटनायें घटित होती रहती है।

# एफएसटी व पुलिस ने संयुक्त चेकिंग में 2.60 लाख किए जब्त

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनावों के दौरान कहीं धनबल का प्रयोग न हो। धन देकर मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके। इसके लिए 50 हजार रुपये से अधिक नकदी ले जाने पर चुनाव आयोग द्वारा रोक लगाई गई है।

एफएसटी व कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर चेकिंग के दौरान एक कार में दो लाख 60 हजार रुपये जब्त किए हैं। लोकसभा चुनावों में आचार संहिता के दौरान चुनाव आयोग द्वारा धन देकर मतदाताओं को प्रभावित न किया जा सके इसके लिए 50 हजार रुपये से अधिक नकद धन ले जाने पर रोक लगा रखी है। विशेष परिस्थितियों में यदि अधिक धन की आवश्यकता है तो उसके वैध कागजात व कारण होना जरूरी है। फ्लाइंग स्क्वाड की टीम द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग कर अवैध धन का को जब्त किए जाने की कार्रवाई की जाती है। फ्लाइंग स्क्वाड टीम प्रभारी भानुलाल यादव के साथ कोतवाल विमलेश कुमार, एसआई रमेशचंद्र पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान रात करीब आठ बजे औरैया की ओर से आ रहे चार पहिया वाहन को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई तो एक पॉलीथीन के बंडल में कार से पुलिस ने दो लाख 60 हजार रुपये बरामद किए।

कार चला रहे आमिर निवासी भवानीराम से टीम ने जब रुपये को लेकर पूछताछ की तो वह संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका।

# नौ लाख से निर्मित पिंक शौचालय बना शोपीस

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित पिंक शौचालय की लागत बेकार हो गई। वह निर्माण के दो वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका है और रखरखाव के अभाव में खराब भी हो रहा है।

विदित हो कि पालिका परिषद ने 15 वें वित्त योजना से वन विभाग के पास लगभग 9 लाख की लागत से पिंक शौचालय का निर्माण कराया था जिससे नगर में आने जाने वाली महिलाओं को मुख्य मार्ग पर ही शौचालय की सुविधा मिल सके लेकिन महिलाओं को यह सुविधा नही मिल सकी है और वह अभी भी शर्मिन्दगी का सामना कर रही है।



दुर्दशा का शिकार पिंक शौचालय

सूत्रों की माने तो लाखों की लागत से जनता के इस्तेमाल के लिए बने इस पिंक शौचालय को पालिका ने शुरू ही नहीं किया है। इतना ही नहीं रखरखाव के अभाव में यह शौचालय खराब हो रहा है और आलम यह है कि उसके टैंक की छत टूट चुकी है और गढ्ढे में कचड़ा भर गया है तो अन्दर भी साफ सफाई न होने से गंदगी का अम्बार लगा है। सूत्रों की मानें तो पालिका द्वारा निर्मित उक्त पालिका बाजार की जमीन पर वन विभाग के दावा ठोक देने के बाद पालिका परिषद बैकफुट पर आ गयी थी और शायद इसी के चलते पालिका प्रशासन ने उक्त शौचालय को भी तबज्जो नही दी है। इस मामले में पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी अवनीष शुक्ला की मानें तो वह कुछ दिनों पहले ही आये हैं। इसलिये जानकारी नहीं है फिर भी अगर उक्त मामले में कोई समस्या नहीं होगी तो उसे शीघ्र ही शुरू कराया जाएगा।

## रास्ते से निकलने को लेकर तीन लोगों ने चालक को पीटा

**जालौन (उरई)।** रास्ते से निकलने को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों ने मिलकर ट्रैक्टर चालक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इटवां निवासी रामू ने पुलिस को बताया कि वह शहजादपुरा गांव में शादी समारोह के बाद टैंट का सामान लेने के लिए ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। गांव में अंदर पहुंचने पर शीलू अपना भूसा खाली कर रहे थे। जब उसने कहा कि वह साइड दे दे तो वह आगे निकल जाएगा। लेकिन वह अपना वाहन रास्ते के बीच में ही खड़ा करने पर अड़े रहे। जब उसने कुछ देर बाद कहा कि उसे देर हो रही है। वह अपना वाहन हटा ले तो शीलू और उसके साथी आर्यन व मोनू उसके साथ गाली, गलौज करने लगे।

# एसडीएम व सीओ ने किया बूथों का निरीक्षण, दिए निर्देश

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। पोलिंग बूथों पर मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं में कोई कमी न रहे, इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। एसडीएम ने सीओ व पुलिस फोर्स के साथ क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण किया और बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और उन्हें बेहतर करने के निर्देश दिए।

चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ ही मतदाता बूथ पर पहुंचें तो उन्हें किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। बुधवार को इसी प्रयास को लेकर एसडीएम अतुल कुमार

> किसी की बातों में आकर नहीं बल्कि अपने विवेक से अच्छा जनप्रतिनिधि चुने

सीओ रामसिंह,के साथ ग्राम सुढार ,सलाबादगांव में बने पोलिंग बूथों पर पहुंचे। जहां उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि मतदाता पोलिंग बूथ तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। किसी की बातों में आकर नहीं बल्कि अपने विवेक से अच्छा जनप्रतिनिधि चुने। इसके अलावा उन्होंने बूथों का निरीक्षण कर वहां सफाई व्यवस्था, शौचालय में पानी की उपलब्धता, छाया, रैंप, बिजली व्यवस्था, पंखा बल्ब आदि की व्यवस्थाएं देखीं।

## खबरें एक नजर में

### अग्निकांड से प्रभावित किसान ऑनलाइन करें आवेदन

**उरई (जालौन)।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारी व समस्त मण्डी सचिव को बताया कि जनपद में विगत कई दिनों से अग्निकांड से फसल नष्ट होने की कई घटनायें हुई है। उपरोक्त अग्निकाण्ड से प्रभावित कृषकों को खेत-खलिहान अग्निकाण्ड दुर्घटना सहायता हेतु वेबसाईट पर जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन किये जाने की व्यवस्था है। अतः उपरोक्त के संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अग्निकांड से प्रभावित कृषकों को खेत-खलिहान अग्निकाण्ड दुर्घटना सहायता के संबंध में तत्काल अवगत कराये तथा उक्त पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को नियमानुसार यथाशीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रशिक्षित किया।

### ईवीएम मशीनें वेयरहाउस में की गई सील

**उरई (जालौन)।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत ईवीएम मशीन की विधानसभा बार छटाई करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम मशीन वेयरहाउस में सील की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, उप जिलाधिकारी उरई सुरेश कुमार पाल, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

### खनुवां में हर घर नल से जल योजना बनी सफेद हाथी

**जालौन (उरई)।** नमामि गंगे योजना के तहत गांव में पानी की टंकी बनावाकर कनेक्शन भी लगवा दिए गए हैं। लेकिन अब तक घरों में पानी पहुंचने की आस ग्रामीण लगाए हैं। लेकिन टोंटी से पानी की बूंद तक नहीं टपक रही है। ग्रामीणों ने गर्मी के मौसम में पानी की सप्लाई शुरू कराने की मांग एडीएम नमामि गंगे से की है। इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। ग्रामीण इस गर्मी में पेयजल को लेकर परेशान। ग्रामीणों को उनके घर तक हर घर जल के तहत कनेक्शन देकर पानी पहुंचाए जाने की योजना है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में नमामि गंगे योजना के तहत पानी की टंकी बनवाई गई। टंकी बनवाकर गांव की गलियों में पाइप लाइन डलवाकर घरों में कनेक्श तक दे दिए गए। यह कार्य लगभग दो वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है। इसके बाद घरों में पानी की सप्लाई की टेस्टिंग भी शुरू हो गई। लेकिन लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंचा है। खनुआं गांव के बृजेश कुमार, अवधेश, राजेश, मुकेश, देवेश आदि बताते हैं कि खनुवां गांव में नमामि गंगे योजना के तहत दो-तीन वर्ष पूर्व ठेकेदार द्वारा रास्तों में डाले गए खडंजा, सीसी, इंटरलॉक आदि को जेसीबी से खोदकर गड्ढों में तब्दील कर दिया था। लोगों को उम्मीद थी कि इस योजना के तहत जल्द ही उन्हें शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलेगी। लेकिन अब तक ग्रामीणों को पानी की एक बूंद भी नसीब नहीं हुई। ऊपर से रास्ते गड्ढे में तब्दील होने से जगह-जगह पानी भर जाने से लोग उन रास्तों से निकलने में परेशान हो रहे हैं।

# पिकअप की चपेट में आने से महिला की मौत, दूसरी घायल

**चोपन/ सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

जुगैल थाना क्षेत्र अंतर्गत टोला सिधहवांडांड़ में बिते रात वैवाहिक समारोह में शामिल होने आई दो बुजुर्ग महिलाएं पिक-अप से धक्का लगने से घायल हो गई जिन्हें आनन-फानन में चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां एक महिला की मौत हो गई एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिधहवाडांड़ में बारात आई थी जहां वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए बुधनी देवी उम्र 50 वर्ष निवासी सेमादह गड़ापाथर तथा सुरसतिया उम्र 65 वर्ष निवासी खरहरा बारात देख



रही थी तभी बारात लेकर आई एक पिकअप अनियंत्रित होकर सामने खड़ी दोनों महिलाओं पर चढ़ गया जिससे दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं मौके पर मौजूद प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव ने तत्काल लोगों की मदद से दोनों घायलों को चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने बुधनी को देखते ही मृत घोषित कर दिया वहीं सुरसतिया को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**म्योरपुर, सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव -2024 के मद्देनजर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी मुनं 3360/14 धारा 427, 323, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी/अभियुक्त आदेश उर्फ अवधेश पुत्र सत्यनारायण निवासी ग्राम लौबन्द, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र उम्र 30 वर्ष व मु0नं0 61/20 धारा 323, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी/ अभियुक्त मोहनपाल पुत्र भागवत पाल निवासी ग्राम गड़िया, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# विपक्ष के पास नहीं है कोई एजेंडा : रवीन्द्र जायसवाल

**सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

विपक्ष का एजेंडा झूठ बोलना, भ्रमित करना व एक जाति कार्ड खेलना लड़ाई देश को ताकतवर बनाने व देश को कमजोर करने वालों के बीच प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर एक बैठक सम्पन्न हुयी 2019 से 10 प्रतिशत अधिक वोट पाने के लिए करना है।

प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र विकसित व ताकतवर भारत का सपना देखने वाले बीजेपी के साथ कहा कि बूथ जितना सशक्त होगा, उतना ही परिणाम ऐतिहासिक व शानदार होगा राबर्ट्सगंज स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित किया उन्होंने नव मतदाता, सोशल, आईटी व मीडिया,




युवा, महिला व लाभार्थी व झुग्गी झोपड़ी संपर्क समेत 29 विभागों की वन टू वन समीक्षा की। उन्होंने कहा देश को प्यार व ताकतवर होते देखने वाला हर समाज का व्यक्ति भाजपा को वोट करेगा। उन्होंने कहा 2019 के चुनाव में पार्टी को प्राप्त मतों से 10 प्रतिशत अधिक मत बढ़ाने के लिए हमें कार्य करना है। चुनावी युद्ध के दौरान लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति व कोर कमेटी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। यहां पर आक्रामक रणनीति बनाकर जमीन पर क्रियान्वयन किया जाता है। प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं है। उनका एजेंडा झूठ बोलना, भ्रमित करना व जाति का कार्ड खेलना है। हमारा एजेंडा राष्ट्रवाद,विकसित भारत बनाने व गरीब को मजबूत करने का है।यह लड़ाई देश को तोड़ने व कमजोर करने का सपना देखने वालों व देश को ताकतवर बनाने वालों के बीच है। देश को ताकतवर व विकसित भारत का सपना देखने वाले भाजपा के साथ हैं।

# साल्वर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार



**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

सिनेट की परीक्षा के माध्यम से बीएससी नर्सिंग के इन्ट्रेंस एग्जाम में साल्वरो को बैठाकर छात्रों से लाखों रुपये लेकर एडमिशन कराने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश किया गया है।इस गिरोह का पर्दाफाश करते हुए जिले के तेज तर्रार व व्यवहार कुशल प्रभारी निरीक्षकों में शुमार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम द्वारा गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से गिरोह के सरगना जनपद बाराबंकी निवासी रितांशु मौर्या का अपराधिक इतिहास भी है।

शुक्रवार को यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने पुलिस लाइन्स सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री नैय्यर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कोतवाली अयोध्या में सिनेट की परीक्षा के माध्यम से बीएससी नर्सिंग के इन्ट्रेंस एग्जाम में साल्वरों को बैठाकर छात्रों से लाखो रुपये लेकर एडमिशन कराने से सम्बन्धित अभियोग पंजीकृत किया गया था।यह अभियोग के पंजीकृत होने के बाद से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली अयोध्या व एंटीथेप्ट सेल की टीम संयुक्त रूप से इसकी गहन जांच में लगी हुई थी।इस संयुक्त टीम को शुक्रवार को गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने की कामयाबी हासिल हुई है।इन तीनों अभियुक्तों में जनपद बाराबंकी निवासी रितांशु मौर्या,जनपद सिद्धार्थनगर निवासी अजय सिंह व जनपद सीतापुर निवासी सचिन राजवंशी हैं जिनमें रितांशु मौर्या इस गिरोह का सरगना है।

# यमुना नदी को मंदिरों तथा प्राचीन घाटों तक लाने की सुगबुगाहट

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा-2024 के चुनाव में मतदाताओं को रिझाने के लिए भले ही विभिन्न दलों के नेता एवं प्रत्याशी अपने-अपने तरीके से जुटे हुए हैं। लेकिन कालपी क्षेत्र की अहम समस्याओं के निदान एवं विकास के मुद्दे को लेकर चर्चाएं तो चल रही हैं, अब देखना यह है कि यह कितना असर दिखायेगा।

> लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय मतदाताओं ने इस मुद्दे पर बढ़ाई चर्चा

दरअसल ऐतिहासिक एवं धर्मनगरी कालपी की पहचान यमुना नदी से भी होती हैं। एक दशक पहले तक यमुना नदी का निर्मल एवं शुद्ध जल की धाराएं कालपी की घाटों तथा धर्मस्थलों बिहारी मंदिर, व्यास मंदिर, ढ़ोड़ेश्वर मन्दिर आदि स्थानों से होकर निकलती थी। लेकिन बालू खनन की वजह से यमुना नदी कालपी के मंदिरों तथा प्राचीन घाटों से दूर होती चली गई। यमुना नदी को कालपी के घाटों तक लाने के लिए कई बार आवाजे उठाई जाती रही हैं लेकिन इस दिशा में कोई काम नही हो सका है। नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय महामंत्री अशोक बाजपेई की अगुवाई में बीते वर्ष पहल की थी। क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने भी इस मुद्दे को शासन स्तर पर उठाया था।

## बेटी के लापता होने की तहरीर पिता ने दी

**जालौन (उरई)।** दो दिन से बाजार गई बेटी के लापता होने की शिकायत पिता ने कोतवाली में की। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर यवती की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अब्दुल हमीद ने पुलिस को बताया कि गुरूवार को उनकी बेटी नजमा गुरूवार की शाम करीब पांच बजे घर से बाजार जाकर कुछ सामान लेने के लिए कहकर निकली थी। देर शाम तक जब वह सामान लेकर वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। नाते रिश्तेदारों के यहां और उसकी सहेलियों के यहां पूछतांछ करने के बाद भी बेटी का कोई पता नहीं लग सका। पिता ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार कोतवाली पुलिस से लगाई है।

# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में चार बच्चे चयनित

**उतरौला/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति योजना परीक्षा 2024-25 में, शिक्षा क्षेत्र-उतरौला जनपद-बलरामपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय.बढ़या पकड़ी के 4 छात्र/छात्राओं सुभाष कुमार प्रजापति, नीलम पासवान,मो. शाबान तथा प्रियंका ने जनपद में क्रमशः 10वीं, 26वीं,27वीं एवं 39वीं रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, शिक्षा-क्षेत्र एवं जनपद का नाम रोशन किया है।

इस परीक्षा में सफल छात्र- छात्राओं को प्रदेश के राजकीय, सहायता प्राप्त और स्थानीय निकाय के स्कूलों में कक्षा नौ से बारहवीं तक प्रतिमाह 1000 रुपये या प्रतिवर्ष 12000 रुपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। बताते चले कि पिछले सत्र में भी इस परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़या पकड़ी से 7 छात्र/छात्राओं का चयन हुआ था। छात्र/छात्राओं के इस विशेष परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यालय के सहायक अध्यापक रत्नदीप कुमार श्रीवास्तव को पिछले वर्ष 2023 में जिले स्तर पर व राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया जा चुका है। छात्र/छात्राओं की इस



उपलब्धि पर उनके परिजनों व सम्बंधित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक रत्नदीप कुमार श्रीवास्तव, अनुदेशक अमित कुमार श्रीवास्तव, मीना व अरुण कुमार सिंह,फ़राज़ रिजवी ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी,खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनीता वर्मा,जिला समन्वयक प्रशिक्षण मोहित देव, निरंकार पाण्डेय, अर्जुन सोनकर, संजय श्रीवास्तव, एन.के .सिंह, ए.आए.पी. विक्रम सिंह , विजय कुमार यादव ,कृष्ण कुमार,मलिक मुनव्वर ,अनवार अहमद तथा अध्यापक जीत कुमार सिंह, बीना जायसवाल, जितेन्द्र श्रीवास्तव, रविकांत चौधरी, विवेक राय, अमरनाथ मौर्य, राजेन्द्र, संगीता अवस्थी, असलम ने सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# गन्ने की फसल को अर्ली शूट बोर व टाप बोर से बचाएंः आर एस मिश्रा

**श्रीदत्तगंज/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

बजाज चीनी मिल इंटई मैदा परिक्षेत्र के ग्राम गौर गुमडी़ में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को गन्ने फसल बचाव एव कीटनाशक रोकथाम के लिए सहायक महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा ने किसानों को बताया कि पेंडी़ प्रबंधन करना बहुत ही आवश्यक है पेंडी़ प्रबंधन अपना कर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है पेड़ी प्रबंधन में सिंचाई खाद व गुड़ाई अवश्य करें। जिससे फसल अच्छी होगी साथ ही साथ फसल सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेधक कीटों की रोकथाम के लिए 150 एम एल कोराजन को एक एकड़ खेत के लिए 400 लीटर पानी में धोल बनाकर गन्ने की जड़ों के पास मोटे फव्वारे से ड्रेंचिगं करें। तथा दो किलो फरटेरा प्रति बीघा के दर से डालकर सिंचाई कर दें जिससे गन्ने की फसल को बेधक कीटों से बचाया जा सके।उक्त कृषक गोष्ठी में चीनी मिल अधिकारी एवं गन्ना विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किसानों को गन्ना पैदावार बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया जिसमें गन्ना किसान संस्थान रजनपुर गोंडा के वैज्ञानिक एस पी शुक्ला एवं नरेंद्र सिंह कृषक शेषराम लोकयी रामचंद्र तुलाराम श्यामनन्द,मोती लाल सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# दर्जन भर भाजपा नेताओं ने ली सपा की सदस्यता

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

समाजवादी पार्टी द्वारा मिल्कीपुर क्षेत्र के इनायतनगर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के दर्जन भर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों को इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद तथा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने सदस्यता दिलाई और कहा कि इन सभी के मान सम्मान में समाजवादी पार्टी हमेशा इनके साथ खड़ी रहेगी। इन सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के शामिल होने से लोकसभा चुनाव



में समाजवादी पार्टी को फायदा मिलेगा। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से विपिन तिवारी,हरनाथ यादव, सत्यबक्स तिवारी, पंकज पाठक, चिरकुट पासी, रामचंद्र विश्वकर्मा, शेर बहादुर यादव,सुनील तिवारी व परवाज अहमद सहित दर्जनों नेताओं ने भाजपा छोड़कर सपा की सदस्यता ली। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महासचिव बख्तियार खान ,विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव, प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव,डॉ माखनलाल यादव व जिला पंचायत प्रतिनिधि अजय रावत आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद रहे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने बताया कि 30 अप्रैल को 11 बजे समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद नामांकन करेंगे।

# रैकी कर महिलाओं से जेवरात छीनने वाला बाइकर्स गिरफ्तार

- लूट के जेवर खरीदने वाला ठठिया का सर्राफा व्यवसायी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा
- 22 व 24 अप्रैल को ठठिया क्षेत्र के दो गांवो में लूट की दो घटनाओं को दिया था अंजाम

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**बाइकर्स** गैंग द्वारा रेकिंग कर सुनसान क्षेत्र में महिलाओं के आभूषण व नगदी छीन लेने की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के एक सदस्य को ठठिया पुलिस ने शुक्रवार को सुर्सी अण्डरपास के निकट से चेंकिग अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूटी गई नगदी व आभूषण के अलावा एक बाइक भी बरामद की। लूटे गए आभूषण को ठठिया कस्बे में एक सर्राफ की दुकान पर ब्रिकी करने के मामले में दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रियंका बाजपेई ने बताया कि ठठिया क्षेत्र में गत 22 अप्रैल व 24 अप्रैल को राहजनी की दो घटनाएं हुई थी। इन दोनो घटनाओं में उक्त बाइकर्स गैंग के सदस्य ने महिलाओं से आभूषण व नगदी लूट ली थी। मामले में पीड़ित महिला मालती राजपूत पत्नी महेन्द्र सिंह राजपूत निवासी पट्टी पवोरा कोतवाली तिर्वा ने ठठिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने बताया था कि गत 24 अप्रैल की शाम 06 बजे के करीब दौलतपुर गांव के निकट स्थित पेट्रोल पम्प के समीप एक बाइक सवार ने पीछे से आकर उसका मंगलसूत्र छीनकर तिर्वा की ओर भाग गया था। दूसरी घटना में पीड़ित महिला ने भी 22 अप्रैल को ठठिया थाने में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दोनो



पुलिस हिरासत में मौजूद दोनो आरोपी व खड़ी बाइक

मामलों के खुलासे के लिए पुलिस लगी हुई थी। शुक्रवार को ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने सुर्सी अण्डरपास के निकट वाहनों की चेंकिग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर पुलिस लिखा देख थानाध्यक्ष ने उसे रोका, तो बाइक सवार भागने लगा। इसपर पुलिस ने उसे पकड़ा। जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने दोनो घटनाओं में शामिल होना स्वीकार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसका नाम विकाश जोशी पुत्र आनन्द जोशी निवासी नसेनिया थाना बिठुर जनपद कानपुर नगर है। उसकी ससुराल पुरानी ठठिया में है। उसने फरवरी माह में बाइक खरीदी थी। वह ससुराल आते समय रास्ते में जेवरात पहने महिलाओं की रैकी कर सुनसान क्षेत्र में जेवरात छीनकर फरार हो जाता था। इन छीने गए आभूषणों को वह ठठिया में स्थित बैष्णवी ज्वैलर्स के मालिक सोनू यादव पुत्र जयवीर सिंह यादव निवासी कुरियाना थाना ठठिया को ब्रिकी कर देता था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर पांच मंगलसूत्र, दस हजार की नगदी व एक बाइक को बरामद किया है। मामले में पुलिस ने विकाश व सोनू को गिरफ्तार कर लिया है।

# बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर ने समधन में किया जनसंपर्क

- बसपाईयों नें विधानसभा प्रभारी के साथ बनाई रणनीति

समधन, समृद्धि न्यूज़

**लोकसभा** चुनाव तीसरे चरण के नामांकन होते ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई। जहां एक ओर सभी प्रत्याशी वोटरों को रिझानें में लगे हैं। वहीं दूसरी ओर कन्नौज लोकसभा बसपा के प्रत्याशी इमरान बिन जफर ने बसपा विधानसभा प्रभारी के आवास पर पहुंचकर रणनीति बनाई है। शुक्रवार को समर्थकों के साथ बसपा के प्रत्याशी इमरान बिन जफर नें कस्बा समधन में बसपा विधानसभा प्रभारी समाजसेवी सैय्यद अहमद उसैव उर्फ वद्दू के आवास पर पहुंचकर चुनावी रणनीति तय की। इसके बाद प्रत्याशी


समर्थकों के साथ समधन में चुनाव की रणनीति तय करते बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर समृद्धि न्यूज

इमरान बिन जफर ने नगर के मुख्य बाजार के अलावा कई मोहल्ले में दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर मतदान करनें की लोगों से अपील की है। इस दौरान वसपा जिलाअध्यक्ष बब्लू गौतम, संजय भारती, कैप्टन जफर, दिनेश भारती, रामसिया कठेरिया, अवनीश जाटव, बकार अहमद, काजी इरफान, शुसील गौतम, जितेंद्र सत्यार्थी, मोहम्मद मुजीब, साजिद,शकील, सुल्तान खां, डाक्टर हासिम, मुल्तान सिंह वर्मा, अलमशाद, बसीम, राजा खान, गुड्डू, डाक्टर अकरम आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** हसेरन क्षेत्र के सादिकपुर गांव के पेट्रोल पम्प के निकट शुक्रवार की दोपहर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। बाइक चला रहा उसका पुत्र मामूली रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए सीएचसी हसेरन में भर्ती कराया गया है। हसेरन के बैसपुर गांव निवासी विद्यावती (50) पत्नी कृष्ण स्वरूप बाथम अपने पुत्र गुल्लम के साथ बाइक पर बैठकर अपनी बहन के घर जरियापुर गांव गई थी। दोपहर तीन बजे के करीब वह अपने पुत्र के साथ बाइक से वापस घर आ रही थी। सादिकपुर गांव के निकट पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे महिला उछलकर दूर जा गिरी। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे को अंजाम देकर वाहन चालक भाग निकला। घायल पुत्र गुल्लम को पुलिस ने सीएचसी हसेरन में भर्ती कराया। हादसे की तहरीर अभी तक पुलिस को नहीं मिली है।

## वार्ड नंबर दो के सम्मानित मतदाताओं को किया गया जागरूक

**छिबरामऊ कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देश पर ज़िलाधिकारी के आदेशानुसार वार्ड 02 Patel agar एवम वार्ड नंबर 13 हर्ष नगर में अधिसाषी आधिकारी सुनील कुमार सिंह ने पालिका टीम द्वारा भ्रमण कर नागरिकों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं वार्ड में गोष्ठी आयोजित कर मतदान करने की अपील की गई। तथा नागरिकों को मतदान हेतु शपथ, दिलाई हीरा लाल कॉलेज के प्रधानचार्य जितेंद्र यादव सभासद प्रतिनिधि गोविन्द कुमार, रामनारायण सभासद कानूगो सतेंद्र शुक्ला लेखपाल विमल मिश्रा, पालिका के कर्मचारी अमरदीप, प्रदीप कश्यप, ज्ञानेंद्र, फिरोज, प्रवेश कुमार, मनोज राठौर, सुभाष चंद्र, कैलाशचन्द्र, प्रभुदयाल, सलाउद्दीन, राजीव कुमार, राजेंद्र कुमार, बबलू शाक्य, दिनेश चन्द्र, सर्वेश कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ एक अन्य युवक ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी पवन जाटव पुत्र सियाराम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि गुरुवार की शाम वह घर के बाहर खड़ा था तभी ग्राम खाडेदेवर निवासी बॉबी गिहार आया और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## ग्लोबल हॉस्पिटल मरीजों को देगा बेहतर स्वास्थ्य सेवायें: डा. मुकेश

**जालौन (उरई)।** नगर में ग्लोबल हॉस्पिटल का शुभारंभ चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश राजपूत ने किया। इस मौके पर नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। नगर में औरैया रोड पर चुंगी नंबर चार के पास ग्लोबल हॉस्पिटल का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। हॉस्पिटल का शुभारंभ झांसी में चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश राजपूत ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर में एक हॉस्पिटल की आवश्यकता थी। जिसे ग्लोबल हॉस्पिटल पूरा करेगा। उन्होंने हॉस्पिटल के संचालकों से अपील की क्षेत्र की जनता कृषि आधारित है। ऐसे में मरीजों को उचित दर पर इलाज मुहैया कराएं। संचालन कर रहे डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने बताया कि हॉस्पिटल में यदि मरीज और तीमारदारों को सुविधाएं मिलती हैं तो निश्चत ही मरीज किसी अन्य जगह नहीं जाएगा। लोग अपने नजदीक स्थान पर ही इलाज कराना उचित समझते हैं। बस उन्हें ऐसा न लगे कि उन्हें बेवजह तंग किया जा रहा है। हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अमित ने कहा कि उनकी मंशा है कि आगे चलकर हॉस्टिल को ट्रामा सेंटर के रूप में विकसित किया जाए।

# चोरी के माल व तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**पुलिस** अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद डॉ संसार सिंह के कुशल निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में छिबरामऊ पुलिस द्वारा 'चोरी की घटनाओं की रोकथाम' हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एक नफर अभियुक्त को मय चोरी किये गये माल के साथ 09 अदद घण्टे में 01 अदद नाजायाज देशी तमंचा 315 वोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया। अज्ञात व्यक्ति द्वारा ब्रह्मदेव के पेड़ से 8-9 पीतल के घण्टे चुरा लेने के सम्बन्ध में थाना



छिबरामऊ पर मु0अ0सं0- 245/2024 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया। चोरी की घटनाओं की रोकथाम' हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा दौराने गस्त बाबा बगिया मोड़ सौरिख रोड़ से 01 नफर अपराधी- कुर्बान अली पुत्र समी अहमद अली निवासी ग्राम नादेमऊ थाना सौरिख जनपद कन्नौज उम्र करीब 31 वर्ष को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया । जिसके कब्जे से एक झोले में चोरी किये गये 09 अदद घण्टे व पेंट की जेब से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । माल बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट बनाम- कुर्बान अली पुत्र समी अहमद अली निवासी- गढ़ी मोहल्ला, निकट मस्जिद ग्राम नादेमऊ थाना सौरिख जनपद कन्नौज उम्र करीब 31 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# रिश्तेदारी में आए युवक ने ईश नदी पुल से छंलाग लगाकर दी जान

- पुल से करीब चार सौ मीटर दूर ग्रामीणों ने बरामद किया शव

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**रिश्तेदारी** में तिर्वा क्षेत्र में आए एक युवक ने शुक्रवार की दोपहर ईशन नदी के पुल से नदी में छंलाग लगा दी। करीब एक घण्ट के प्रयास के बाद ग्रामीणों ने पुल से करीब चार सौ मीटर दूर उसका शव बरामद किया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जेब में मिले आधार कार्ड के जरिए परिजनों को सूचना दी।

शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। कानपुर देहात जनपद के मंगलपुर थाना क्षेत्र के सवलपुर गांव निवासी महेश कुमार (35) पुत्र मुन्नीलाल अविवाहिता था। वह गुरूवार को तिर्वा क्षेत्र के गूरा गांव में रिस्तेदारी में अपनी बुआ के घर आया था। गूरा गांव से शुक्रवार को वह पैदल ईशन नदी पुल पर पहुंचा। पुल से ही उसने नदी में छंलाग लगा दी। उस दौरान ईशन नदी में आसपास गांव के कुछ लोग नहा रहे थे। युवक को छंलाग लगाने के बाद उसे बहता देख इन युवकों ने बचाने का प्रयास किया। करीब चार सौ मीटर दूरी पर उसे पकड़कर नदी से बाहर निकाला। पुलिस को सूचना दी। पर तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली, तो जेब में आधार कार्ड मिला। इसपर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव को लाकर मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। युवक के आत्महत्या किए जाने की बजह पता नहीं चल सकी है।

# गुरु कृपा इण्टर कालेज के मेधावी हुये सम्मानित




गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड परीक्षा 2024 में गुरुकृपा इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिजनों का नाम रोशन किया। विद्यालय परिवार द्वारा मेधाबियों को पुरस्कृत कर एवं मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया।

शुक्रवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित गुरु कृपा इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में हाई स्कूल के विद्यार्थियों खुशी प्रजापति 92.8, हर्षित कुशवाहा 92.1, अनुष्का पाल 91, इण्टरमीडिएट में अंजुलि द्विवेदी 92.6, पायल अग्निहोत्री 88.6, रेनू वर्मा 87.4, नव्या गुप्ता 86.8, पलक 82.2 को विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार पाल ने शील्ड एवं मेडल प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि भविष्य में भी इस कार्यक्रम को दखकर अन्य छात्र भी प्रतिस्पर्धा करेंगें। इस दौरान प्रबन्धक राजाराम पाल, डा. आरके कटियार, संजीव चौहान, राजेश वर्मा, सुधीर मिश्रा, अनिल, शिवम गुप्ता, अर्चना, सर्वेन्द्र, दुरवेश पाल, प्रिंस पाल, आरके पाल, सेवाराम पाल, अखिलेश प्रजापति, अरूण शर्मा, मानव गुप्ता, नासिर सिददीकी, संजेश यादव सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा में सात छात्रों का चयन हुआ




छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**तहसील क्षेत्र** के ग्राम निजामपुर में स्थित स्कूल के राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा में 7 छात्रों का चयन हुआ। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में निजामपुर के छात्रों ने लहराया परचम.. गत वर्ष 5 नवंबर को संपन्न हुई राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा मैं निजामपुर के 8 छात्रों ने 135 छात्रों में स्थान बनाया। छात्र अंश तिवारी ने 180 में से 154 अंक पाकर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया.जिले के टॉप 10 छात्रों में निजामपुर स्कूल के पांच छात्रों ने जगह बनायी प्रथम अंश- प्रियंका -2. दिव्या,वैष्णवी -7. रोशनी-8 स्थान पर टॉप 10 में जगह बनाई. ज्ञात हो कि पिछले सालों में भी निजामपुर विद्यालय से छात्राओं का चयन हो चुकाहै.सत्र2021-2022 में जिले मे सर्वाधिक 7 बच्चों का चयन भी इसी विद्यालय से हुआ था.एसएमडी अध्यक्ष एंव ब्लॉक कोडीनेट बृजपाल भदौरिया,श्रीमती आंकाक्षा सिंह, सहायक अध्यापक द्वारा छात्रो को तिलक लगाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरविंद पाठक,दिनेश प्रताप सिंह, नरोत्तम कुमार, जितेन्द्र सिंह, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नामांकन पत्रों की जांच के बाद 11 पर्चे हुए निरस्त

- आगामी 29 अप्रैल को नाम वापसी के बाद कन्नौज संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों की तस्वीर आएगी सामने

कन्नौज,समृद्धि न्यूज




**लोकसभा** चुनाव के चौथे चरण की प्रक्रिया चल रही है। 42-कन्नौज लोक सभा निर्वाचन के तहत बीते 18 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरु हुई थी, जोकि निर्धारित अतिंम तिथि 25 अप्रैल गुरुवार तक चली। भाजपा सपा व बसपा समेत अन्य पार्टियों के कुल 28 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल किए गए। नामांकन के बाद शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच रिटर्निंग ऑफिसर शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और प्रेक्षक संदीप कुमार की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट स्थित न्यायालय कक्ष में हुई। विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियो द्वारा दाखिल पर्चो की गहनता से परीक्षण किया गया। 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों में त्रुटि के कारण दाखिल पर्चे निरस्त किए गए हैं। शुक्रवार को रिटर्निंग ऑफिसर शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और प्रेक्षक संदीप कुमार की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट स्थित न्यायालय कक्ष में 42-कन्नौज लोक सभा सामान्य निर्वाचनके अंर्तगत विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियो द्वारा दाखिल पर्चो की गहनता से परीक्षण किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया है कि नामांकन 18 अप्रैल से शुरू होकर अंतिम तिथि 25 अप्रैल तक प्रमुख दलों सहित अन्य पार्टियों के कुल 28 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जिसमें गरीब आदमी पार्टी के प्रत्याशी श्रीकृष्ण, राष्ट्रीय जनसंचार दल के प्रत्याशी अंकुर प्रताप सिंह, अनारक्षित समाज पार्टी के प्रत्याशी राम लखन, संयुक्त जनादेश पार्टी के प्रत्याशी आनंद कुमार, राष्ट्रीय समाज दल के प्रत्याशी सुनील कुमार एवं निर्दलीय प्रत्याशी जर्रार खां, शिवांक, विजय कुमार, शोभित सिंह, राजेश सिंह चौहान तथा राधारानी समेत कुल 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों में त्रुटि के कारण दाखिल पर्चे निरस्त किए गए हैं। रिटर्निंग ऑफिसर शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि 29 अप्रैल को अपराह्न 3:00 बजे तक नाम वापसी होगी और इसी दिन अपराह्न 3:00 बजे के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। इसके बाद स्थिति साफ हो जाएगी कि कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। गौरतलब है कि चौथे चरण में आगामी 13 मई को जनपद में मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना का कार्य संपन्न होगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री स्मृति मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित विभिन्न पार्टी के प्रत्याशी व प्रस्तावक मौजूद रहे।

निरीक्षण | स्ट्रांग रुम की देखी सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के दिये निर्देश

# प्रेक्षक ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**लोकसभा** निर्वाचन को निष्पक्ष, शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शुक्रवार को मतगणना स्थल तथा स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था समेत आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

शुक्रवार को प्रेक्षक संदीप कुमार ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय के जीटी रोड स्थित नवीन मंडी समिति में बनाए गये मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम और उसकी सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि समस्त तैयारियां अभी से पूर्ण कर ली जाये। उन्होने कहा कि स्ट्रांग रूम से संबंधित सभी कक्षों को सुव्यवस्थित कर लिया जाए। इसके






स्ट्रांग रुम का निरीक्षण के बाद मतगणना स्थल का निरीक्षण करते प्रेक्षक संदीप कुमार समृद्धि न्यूज

साथ ही परिसर की नियमित साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेटिंग व्यवस्था भी पूर्व से सुनिश्चित की जाए। खिड़की दरवाजे सहित सभी प्रकार की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने मतगणना स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए स कहा कि सीसीटीवी की निगरानी में मतगणना का कार्य संपन्न होगा। निर्देश दिए कि रूट प्लान तैयार करते हुए वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों के लिए पेयजल सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होने साफ लहजे में कहा कि निर्वाचन के कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कन्नौज सदर अविनाश कुमार गौतम समेत निर्वाचन से संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जांच के दौरान आठ उम्मीदवारों के आवेदन निरस्त

- कुल 17 उम्मीदवारों ने किया था आवेदन
- किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष का भी आवेदन निरस्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**लोकसभा** चुनाव के लिए 17 उम्मीदवारों ने अपने-अपने आवेदन किये थे। जांच के दौरान विभिन्न त्रुटि होने पर आठ लोगों के आवेदन रिटर्निंग आफिसर ने निरस्त कर दिये। 9 लोगों के आवेदन वैध पाये गये। नाम वापसी की तिथि 29 अप्रैल निर्धारित है। अब देखना यह है कि वैध नामांकन पत्रों में से कौन उम्मीदवार अपना नाम वापस लेता है।

शुक्रवार को हुई नामांकन पत्रों की जांच में बहुजन क्रांति पार्टी के रंजीत सिंह पुत्र जीवा लाल निवासी धन्सुआ फतेहगढ़, स्वतंत्र लेवर पार्टी के विक्रांत सिंह उर्फ राना सरकार निवासी पांचाल घाट, निर्दलीय प्रत्याशी मान सिंह यादव निवासी खलवारा, भाकियू जिलाध्यक्ष (भानु) निर्दलीय नरेंद्र सिंह, अखिल भारतीय अशोक सेना के यदुनाथ सिंह पुत्र हरकरन सिंह निवासी हरकरनपुर सिकन्दरपुर खास, निर्दलीय संतोष पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी पंचम नगला कुम्हरौर, संयुक्त जनादेश पार्टी इरशाद पुत्र इमदार हुसैन निवासी जरारी जहानगंज, निर्दलीय दीपक कुमार निवासी सिठऊपुर जैतपुर के नामांकन पत्र निरस्त किये गये है। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि कुल 8 नामाकंन पत्र जांच के दौरान कमी मिलने पर खारिज कर दिये गये है। 17 आवेदनों में से 9 प्रत्याशियों के आवेदन पत्र वैध पाये गये।



नामांकन पत्रों की जांच के दौरान मौजूद प्रेक्षक — समृद्धि न्यूज

### सपा, बसपा, भाजपा सहित नौ उम्मीदवार मैदान में

**फर्रुखाबाद।** आवेदन पत्रों की जांच पड़ताल के बाद बसपा, सपा, भाजपा सहित नौ उम्मीदरवार मैदान में रह गये है। अब देखना यह है कि नाम वापसी की तिथि तक इनमें से कौन-कौन अपना आवेदन वापस लेता है या नहीं। रिटर्निंग आफिसर ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच पड़ताल के बाद मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैति दलों के नौ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। जिसमें बहुजन समाज पार्टी के क्रांति पांडेय, समाजवादी पार्टी के डा0 नवल किशोर शाक्य, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत, भारतीय राष्ट्रीय मोर्चा के अमर सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के दिनेश, भारतीय जवान किसान पार्टी के विद्याप्रकाश, भारतीय नागरिक पार्टी के श्यामवीर सिंह और निर्दलीय के रुप में सांसद पत्नी/पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सौभाग्यवती राजपूत व हरनंदन सिंह अब मैदान में रह गये है।

# तपिश और गर्म हवाओं के थपेड़ों से जनजीवन हुआ बेहाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सूरज की** आग उगलती किरणें व हवा के गर्म थपेड़ों से लोगों का हाल बेहाल है। शुक्रवार को सुबह से ही सूर्य की तीखी किरणों ने बदन को झुलसाना शुरू कर दिया। दोपहर होते-होते सड़कों पर चलना भी दूभर हो गया। गर्मी के कारण आम जनमानस के साथ ही पशु पक्षियों की हालत भी खराब है। मई-जून का महीना भले ही अभी न शुरू हुआ हो, लेकिन गर्मी पूरे शबाब पर है। शुक्रवार को सुबह आठ बजने के साथ ही सूर्य की तपिश जारी हो गई और गर्म हवा ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। 10 बजते-बजते घरों से निकलना मुश्किल हो गया। वहीं दोपहर के 12 बजे तक सूर्य की किरणें इतनी तीखी हो गई कि सड़कों पर चलना दूभर हो गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान लगभग 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंखा व कूलर भी बढ़ती तपिश में राहत नहीं दे पा रहे थे। हवा के गर्म थपेड़े ऐसे वार कर रहे थे जैसे कि बदन झुलस रहा हो। यूं तो सड़कों में आम दिनों की अपेक्षा सन्नाटा रहा। आवश्यक कार्य में ही लोग बाहर निकले। रेलवे स्टेशन व बस स्टाप पर यात्री बेहाल दिखे।


गर्म हवाओं के थपेड़ों से बचने के लिए मुंह ढके युवतियां

# दबंगों ने फोटोग्राफर व उसके सहयोगी को पीटा, आठ का शांतिभंग में चालान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बारात** में भांवरों के दौरान फोटोग्राफर के कैमरे की बैट्री डाउन होने से वधू पक्ष ने जमकर मारपीट कर दी। जिससे बाद एक कैमरा मैन को बंधक भी बना लिया। जानकारी मिलने पर कैमरामैन के परिजन मौके पर पहुंचे, तो दोनों पक्षों में पथराव हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला निवासी खतराना निवासी बबलू शुक्ला के पुत्र अमन शुक्ला की बारात बढ़पुर मधुर मिलन गेस्ट हाउस में आई थी। विवाह जनपद एटा के अलीगंज ग्राम गाही से हो रहा था। सुबह लगभग चार बजे विवाह की रस्में चल रहीं थीं कि कैमरामैंन गोलू राज पुत्र विनय अग्निहोत्री निवासी कुचिया के कैमरे की बैट्री डाउन हो गई। वधू पक्ष फोटो खींचने का दबाव बना रहा था। गोलू ने बताया कि बैट्री चार्ज होने तक रुकना पड़ेगा। जिस पर बधू पक्ष के लोग भड़क गये। उन्होंने कैमरामैंन गोलू व उसके सहयोगी दीपांशु पुत्र महेश नगला दीना भोलेपुर के साथ जमकर मारपीट कर दी। दीपांशु किसी तरह से अपनी जान बचाकर भाग आया और परिजनो को सूचना दी। सूचना मिलने पर गोलू के परिजन मौके पर आ गए। आरोप है की बधू पक्ष ने गोलू के कैमरे छीन लिए तथा कपड़े भी फाड़ दिये। परिजनों के गेस्ट हाउस के बाहर पंहुचने पर दोनों पक्षों में पथराव हो गया। सूचना मिलने पर थाना कादरीगेट से उप निरीक्षक जगदीश वर्मा, आईटी आई चौकी प्रभारी सुरजीत सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों के आठ लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने पीड़ित गोलू पक्ष को हवालात में बंद कर बधू पक्ष को कार्यालय में बैठाया है। उप निरीक्षक जगदीश वर्मा ने बताया की जांच की जा रही है।



घटना की जानकारी पुलिस — समृद्धि न्यूज

# स्कूटनिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 मई तक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**यू.पी.** बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के परीक्षाफल में किसी विषय में मिले अंकों पर यदि किसी छात्र को आपत्ति है तो उत्तर पुस्तिकाओं की स्कूटनिंग के लिए 14 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु प्रत्येक विषय पर पांच सौ रुपये का चालान राजकीय कोषागार में जमा करना होगा। 14 मई के बाद होने वाले आवेदनों को मान्य नहीं माना जायेगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद से मिली जानकारी के मुताबिक हाईस्कूल व इण्टर का परीक्षाफल घोषित होने के पश्चात बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं की स्कूटनिंग के लिए 14 मई तक का समय दिया है। किसी छात्र को ऐसा लग रहा है कि उसने प्रश्न पत्र को सही हल किया था, परन्तु अंक कम मिले हैं, तो ऐसे छात्र अपनी संबंधित विषय की उत्तर पुस्तिका की स्कूटिनिंग के लिए 14 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। स्कूटनिंग के लिए छात्रों को प्रति प्रश्नपत्र पांच सौ रुपये का चालान फीस के रुप में कोषागार में जमा करना होगा। इसके बाद स्कूटनिंग आवेदन का प्रिंट आउट, चालान की मूल कॉपी को रजिस्टर्ड डाक से यू.पी. बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय को 14 मई तक भेजना होगा। ऑफलाइन भेजा गया आवेदन मान्य नहीं होगा। डी.आई.ओ.एस. नरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि उत्तर पुस्तकाओं की स्कूटनिंग की तिथि घोषित हो गयी है। इस संबंध में बोर्ड से आदेश आ गया है।

## खबरें चलते-चलते

### मायके में रह रही महिला ने लगायी फांसी, पति ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मायके में रह रही कथावाचक की पत्नी ने बीते दिनों परिवारीजनों से विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष के लोगों ने पति को सूचना नहीं दी। नाते रिश्तेदारों द्वारा सूचना मिलने पर पति ने आज थाने में तहरीर दी है। जनपद एटा के थाना नयागांव खरसुलिया क्षेत्र के गांव नगला गंजी निवासी अमर सिंह पुत्र वेद सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में में बताया कि उसकी ससुराल नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव आसलपुर में है। उसकी शादी करीब 11 वर्ष पूर्व गजराज सिंह की पुत्री स्नेह लता के साथ हुई थी। उसकी पत्नी स्नेह लता एक कथा वाचक थी। इस वजह से वह ससुराल में कम अपने मायके में ज्यादा रहती थी। पीड़ित के बताएं अनुसार उसकी पत्नी तथा पिता, भाई से बीते 24 मार्च को वाद विवाद हो गया था। जिसके चलते उसकी पत्नी स्नेह लता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी और मायके वालों ने आत्महत्या के बाद उसका दाह संस्कार भी कर दिया, लेकिन पीड़ित को इसकी जानकारी नहीं दी। जब नाते रिश्तेदारों द्वारा पत्नी के मरने की जानकारी पीड़ित को हुई तो एक माह बाद पीड़ित थाने पहुंचा और ससुर गजराज के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। खबर लिखे जाने तक पीड़ित थाने में बैठा था। वहीं थाना पुलिस के बताए अनुसार मामले की जांच की जा रही है। पुलिस बल मौके पर भेजा गया है। पुलिस वापस नहीं लौटी थी।

### दोस्त ने रंगशाला संचालक के पार किये 5500 रुपये

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर में सो रहे रंगशाला संचालक के पर्स से दोस्त ने 5500 रुपये निकाल लिये। जानकारी करने पर जब रुपये नहीं मिले, तो पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर त्योरी निवासी निवासी सत्यवीर सिंह पुत्र जंग सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रंगशाला संचालक का काम करता है। जिसमें उसने अपना ट्रैक्टर भी लगाया है। बीती रात नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही गांव बलोखर में एक शादी में रंगशाला चलाकर आया था और वह अपने घर पर आकर लेट गया, तभी सुबह उसके गांव का ही उसका दोस्त प्रभात कुमार पुत्र बाजी लाल राजपूत उसके घर आया और उसकी चारपाई पर बैठ गया। वहीं पीड़ित के बताएं अनुसार उसने अपनी पेंट की जेब से पर्स निकालकर सर के नीचे रख लिया था और नींद में फिर सो गया, तभी आरोपी ने उसकी पर्स से रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने दोस्त द्वारा रुपए निकालने की आशंका जताकर थाना पुलिस को तहरीर दी।

### अतिरिक्त दहेज को लेकर महिला को ससुरालीजन कर रहे प्रताड़ित

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कन्नौज जिला के हाजीगंज मोहल्ला सुल्तान पट्टी निवासी मोहम्मद नदीम पुत्र नसीम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मेरी बहन फराना की शादी करीब 3 वर्ष पूर्व शानू पुत्र मुन्ने शाह निवासी गांव ईसापुर के साथ हुई थी। पीड़ित के पिता ने संपूर्ण दान दहेज दिया था। फिर भी ससुरालीजन शानू, मतीन, मोहसीन व शकील पुत्रगण मुन्ने शाह और सास पीड़ित की बहन फराना से अतिरिक्त दहेज की मांग कर प्रताड़ित करते हैं। जब मेरी बहन ने अतिरिक्त दहेज देने से मना किया, तो उपरोक्त लोगों ने मेरी बहन के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। जिसकी जानकारी मेरी बहन फराना ने हम लोगों को फोन कर दी। जब हम अपनी मां के साथ अपनी बहन से मिलने पहुंचे। तब उपरोक्त लोगों ने हम लोगों को भी गाली दी और हम लोगों को बहन से मिलने तक नहीं दिया। घर से भगा दिया और बहन को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# आलू के दामों में आया उछाल, अन्नदाता खुश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू के दामों में अचानक आये उछाल से अन्नदाता खुश नजर आ रहा है। उसका कहना है कि अब उसे आलू की फसल में घाटा नहीं होगा।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों आलू पर छायी मंदी के चलते अन्नदाता काफी मायूस था। उसके लागत के दाम सीधे नहीं हो रहे थे। वह अपने आलू को औने पौने दामों में बेचने को मजबूर था, लेकिन अब काफी मात्रा में आलू बाहर चला जाने के कारण आलू के दामों में एकदम उछाल आ गया है। फुटकर में अब आलू 25 रुपये किलो बिक रहा है। जबकि पहले आलू 15 रुपये किलो ही बिक रहा था। जिन किसानों ने अपना आलू बेच दिया है अब वह पछता रहे हैं, जबकि जिन किसानों ने अपना आलू रोक रखा है, वह काफी प्रसन्न है। उनका कहना है कि अब उन्हें अच्छे दाम मिल जायेंगे। वहीं आलू आढ़ती अरविंद का कहना है कि आलू बाहर जाने के कारण दाम में उछाल आया है। उन्होंने किसानों से कहा कि अब वह अपना-अपना आलू लाकर बेच सकते हैं।


खेत में खुदा पड़ा आलू

# साहब! आवारा पति करता है सेक्सी दवाओं का सेवन

- दहेज उत्पीड़न सहित कई धाराओं में नौ लोग फंसे

संकिसा, समृद्धि न्यूज

**फतेहगढ़** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के आदेश पर मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव पमरखिरिया निवासी मोहित उर्फआकाश की पत्नी अनुराधा ने अपने पति मोहित उर्फआकाश पुत्र मुन्नालाल, सास नीलम देवी उर्फ कृष्णा, ससुर मुन्ना लाल, ननद अनुपम व शान्ति देवी, देवर अर्पित व अंकित तथा विकास एवं तहेरे जेठ विवेक पुत्र प्रेमचंद्र के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज तथा जानसे मारने की धमकी देने एवं दहेज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 10 दिसम्बर 2021 को अनुराधा का विवाह हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार मोहित उर्फ आकाश के साथ हुआ था। अनुराधा के माता-पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दहेज में 5 लाख रुपए की नकदी, एक पल्सर बाइक, अलमारी, फ्रिज, कूलर, टीवी, सोफा, वाशिंग मशीन, सिलाई मशीन, पीतल के वर्तन आदि ग्रहस्थी के सामान के अलावा ननद व देवरों को एक-एक सोने की चैन व अंगूठी दी थी। जिससे ससुरालीजन काफी खुश थे। विवाह के पश्चात मोहित के संसर्ग से अनुराधा ने 21 मार्च 2022 को पुत्र शिव को जन्म दिया। जिसके जन्मोत्सव में अनुराधा के माता-पिता उपहार स्वरूप शिव के लिए चांदी का खडुआ व कमरधनी, सोने की चैन व हाय तथा वाली एवं कपड़े लेकर आए. तो घर पर मौजूद पति मोहित, सास नीलम देवी, ससुर मुन्ना लाल, ननद अनुपम व शांति देवी तथा देवर अर्पित व अंकित व विकास एवं तहेरे जेठ विवेक पुत्र प्रेम चन्द्र ने कहा कि पूरे परिवार के लिए कपड़े व सोने के आभूषण लेकर आओ। इसी कारण 19 सितम्बर 2023 को उक्त सभी ससुरालीजनों ने समस्त आभूषण व कपड़े छीनकर अनुराधा के साथ मारपीट कर मासूम पुत्र शिव के साथ घर से निकाल दिया। पति मोहित कामोत्तेजक दवाओं का सेवन करता है। जो कि आवारा किस्म का है। तहेरे जेठ विवेक ने मोहित का दूसरा विवाह करवा देने की धमकी दी। तब से अनुराधा अपने मायके में रह रही है। आज तक ससुरालीजन विदाई के लिए नहीं आए। विवश होकर 24 अप्रैल 2024 को मेरापुर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस जांच करने ससुराल गई, तो पुलिस के सामने ही उक्त ससुरालीजनों ने अनुराधा व उनके मायके वालों के साथ अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि वगैर दहेज लिए इस घर में आई तो जान से मार देगें। मेरापुर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच महिला दरोगा साधना यादव के सुपुर्द कर दी।

### छत से गिरकर किशोर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** छत पर कपड़े फैला रही किशोरी अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर गयी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शमशाबाद नगर के मोहल्ला दलमीर खां निवासी शरीफ खाँ की 15 वर्षीय पुत्री गुड़िया जो कपड़े धोने के बाद सुखाने के लिए छत पर गई थी। बताते हैं जिस वक्त गुड़ियां छत पर कपड़े डाल रही थी, उसी दौरान असंतुलित हो गई और नीचे गिर गई। छत से नीचे गिरने के कारण किशोरी की हालत गंभीर हो गई। चीख पुकार सुन घर परिवार तथा मुहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। परिजन किशोरी को देखकर चीखने चिल्लाने लगे। आनन-फानन में उसे कस्बे के एक प्राइवेट चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन रोने बिलखने लगे। किशोरी के परिजन मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। वहीं किशोरी पिता के कार्य में हाथ बंटाती थी।

# मौत बनकर फर्राटा भर रहे डग्गामार वाहन


डग्गामार वाहन में खड़ी सवारियां — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**प्रशासन की** तमाम कोशिशों के बाद भी डग्गामार वाहनों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। डग्गामार वाहन भूसे की तरह सवारियां भरकर पूरे दिन फर्राटा भरते नजर आते हैं। यही नहीं सवारियों से मनमाना किराया वसूलते हैं। नानुकुर करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं।

जानकारी के अनुसार कायमगंज फर्रुखाबाद तथा लालगेट से राजेपुर, अमृतपुर, पांचालघाट तक डग्गामार वाहन पूरे दिन फर्राटा भरते है। जिससे जहां राजस्व को हजारों का चूना लग रहा है, वहीं यात्रियों की जान भी जोखिम में रहती है। सात-आठ सवारियों की जगह बारह से चौदह सवारियां भरकर तेजी से भगाते हैं। हालांकि इन वाहनों से कई दुर्घटनायें भी हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस से महीनाबंदी के चलते इनके हौसले बुलंद हैं। जिससे यह बेरोकटोक चल रहे हैं। सुबह होते ही डग्गामार वाहन चालक सक्रिय हो जाते हैं। सबसे ज्यादा इनकी संख्या कायमगंज से फर्रुखाबाद रोड पर देखी जा सकती है। जबकि लालगेट के सामने पिकेट डियूटी करती है, उसके बावजूद इन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। डग्गामार वाहन चालकों का कहना है कि वह पुलिस को महीना बंदी देते हैं। जिससे पुलिस उन पर कोई कार्यवाही नहीं करती है और वह आराम से डग्गामारी करते हैं।

**अव्यवस्था** — न गेट, न बाउंड्रीवाल, न ही विद्युत कनेक्शन, प्रधान ने डीएम को भेजा पत्र

# अव्यवस्थाओं का शिकार प्रा.वि. छिछौनापुर पट्टी, कैसे होगा मतदान

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**विकास खंड** शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम छिछौनापुर पट्टी जहां स्थित प्राथमिक विद्यालय आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र बनाया गया। जिसकी बूथ संख्या 176 है। जिस पर दबंगो की दबंगई के चलते अव्यवस्थाओं का आलम देखा जा रहा है। ग्राम प्रधान संजय कुमार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कहा 2004 में नवनिर्मित एवं संचालित उक्त प्राथमिक विद्यालय जहां न तो आने जाने का रास्ता है ना ही गेट और ना ही बाउंड्री वॉल और तो और विद्यालय में बिजली का कनेक्शन भी नहीं है। जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान ने अव्यवस्थाओं का हवाला देकर व्यवस्थायें ठीक कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कराए जाने के लिए कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की गई। मगर दबंगों की दबंगई के चलते अव्यवस्थाएं ज्यों की त्यों बरकरार हैं। बताते है पूर्व की भांति इस बार भी उक्त विद्यालय को मतदान केंद्र बनाया गया है। आगामी चुनाव की नजदीकियों के चलते यहां प्रशासनिक अधिकारियों का भी आना होगा और चुनाव की पूर्व संध्या पर मतदान कर्मियों का आना होगा। शिकायती पत्र के अनुसार विद्यालय में विद्युत कनेक्शन नहीं है। पास के नलकूप से बच्चे पानी आदि पीने जाते हैं। फिलहाल ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर व्याप्त अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कराए जाने को मांग की।



अव्यवस्थाओं का शिकार प्रा0वि0 छिछौनापुर पट्टी — समृद्धि न्यूज

# सैनिक प्रकोष्ठ ने जन सम्पर्क कर सपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने अपनी टीम के साथ सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के लिए जन सम्पर्क किया। ग्राम गड़रियन नगला, गदनपुर चैन, भटपुरा गांव में चौपाल लगाकर पार्टी का प्रचार किया। गड़रियन नगला में केके यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व सपा सरकार में गरीब जन कल्याणकारी चलायी गई योजनायें धरातल पर दिख रही थी। भाजपा सरकार में सभी लोग परेशान है, किसान परेशान है, नौजवान परेशान है, युवा बेरोजगार है, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और फिर भी भाजपा लगातार झूठ पर झूठ बोलती जा रही है। इस जुमलेवाज सरकार को बदलने के लिए उन्होंने सपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस मौके पर प्रदीप पाल, रविन्द्र यादव, जी पाल, सरोज पाल, विश्राम पाल, महेन्द्र पाल, रामलड़ैते पाल मौजूद रहे। गदनपुर चैन में जन सम्पर्क किया। इस दौरान मुल्तान कुशवाहा, शोभित गंगवार, नवीन गंगवार, शिव कुमार राठौर, सुनील शाक्य, अमित शाक्य, हरितीरथ यादव, सुरेन्द्र, राजकुमार पाल, लालाराम, हरपाल आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही मुरली नगर में जन सम्पर्क के दौरान रमेश चन्द्र, श्रीपाल शाक्य, देवकीनंदन, जयसिंह, संजीव कुमार, राधेश्याम शाक्य व कप्तान सिंह बृजवासी, रामकिशन बृजवासी, ब्रह्मानंद शर्मा, जबर सिंह, कुलदीप आदि लोग मौजूद रहे।



जन सम्पर्क के दौरान मौजूद केके यादव व अन्य समृद्धि न्यूज

# भारतीय किसान यूनियन प्रधान के विधि जिलाध्यक्ष बने देवेन्द्र सिंह यादव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय** किसान यूनियन (प्रधान) के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रजीत यादव ने मानिकपुर जैतपुर निवासी देवेन्द्र सिंह यादव पुत्र वीरेन्द्र सिंह को भारतीय किसान यूनियन प्रधान विधि प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। वह अपने क्षेत्र में किसान, मजदूर भाइयों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए निस्तारण करायेंगे, साथ ही भारतीय किसान यूनियन की लोकप्रियता बनाये रखने के लिए संगठन को मजबूत करेगें। देवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रजीत यादव द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका मैं निर्वाह्न करूंगा और संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए किसान भाईयों को समस्याओं का निस्तारण कराने में मदद करूंगा।



मनोनयन पत्र प्राप्त करते देवेन्द्र सिंह यादव समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### अधिवक्ताओं ने बार एसो. से न्यायालय का समय परिवर्तन की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन सचिव को कोर्ट का समय परिवर्तन कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि 1 मई से 30 जून तक सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक न्यायालय का समय किया जाये। ग्रीष्मकालीन समय हर वर्ष 1 मई से 30 जून तक 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहता है। हर साल की तरह समय का परिवर्तन किया जाये। समस्त अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन को ज्ञापन सौंपकर, जनपद न्यायाधीश के समक्ष प्रस्ताव भेजने की जिला बार एसोसिएशन से मांग की है। मांग करने वाले अधिवक्ता शिवेन्द्र मोहन मिश्रा, अरविन्द सिंह, प्रबल त्रिपाठी, अमित कुमार गोस्वामी, सुरेन्द्र बाबू शर्मा, विमल कुमार सिंह, एकलव्य राजपूत, मानसिंह यादव, बृजेश कुमार सिंह, सचिन कुमार, जयप्रकाश यादव आदि अधिवक्ताओं ने समय परिवर्तन की मांग की है।

### मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव कुरेली निवासी संदीप कुमार पुत्र सेवक राम ने लिखाए गए मुकदमे में बताया की 18 अप्रैल को उसका भाई अनुज कुमार अपनी पत्नी सोनी देवी व कृतिका, नहरा के साथ अपनी ससुराल कन्नौज जिला के गांव बहरीन जा रहा था, तभी रास्ते में कतरौली पट्टी के मजरा पट्टिया के पास पीछे से आ रही बाइक ने तेजी व लापरवाही से चलते जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आगे बैठी कृतिका आगे उछलकर रोड पर गिर गयी तथा मेरे भाई व भाभी के चोट लग गई। मौके से गुजर रहे लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज में भर्ती करवाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने के कारण उसका इलाज सिटी हॉस्पिटल में चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### गाय के हमले में वृद्धा घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** गाय के हमले में वृद्धा घायल हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी गंगा देवी (55) पर गाय ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** युवक की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी विकास (28) पुत्र गुंजा की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गए।

### ऊंचाई से गिरकर युवती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ऊंचाई से गिरकर युवती घायल हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव अताईपुर निवासी सुमन (18) ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गयी। परिजनों ने अस्पताल भर्ती कराया।

### बालक को जहरीले सांप ने डसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** किशोर को जहरीले सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जाकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव मझोला निवासी राजकिशोर के 14 वर्षीय पुत्र ललित को जहरीले सांप ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। जिलाधिकारी के ओएसडी नीरज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दिन शनिवार 27 अप्रैल को पहले बैठक शाम 5 बजे होना तय हुआ था। अब समय में संसोधन कर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अपराह्न 12 बजे सम्पन्न होगी। बैठक से संबंधित अधिकारीगण समय पर बैठक में उपस्थित रहे।

# ग्राम नूरपुर में चुनाव पाठशाला के तहत मतदाता जागरुकता की दिलायी गई शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डा0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में तथा सहायक अधिकारी नोडल स्वीप जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम नूरपुर में चुनाव पाठशाला चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा ने चौपाल में लोगों से अपील की कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, हम सबको गर्व है कि इतने बड़े लोकतंत्र की सरकार चुनने में एक मत हमारा अपना भी होता है। भारतीय संस्कृति दान के महत्व को समझाती है कि दान मनुष्य के कष्टों को दूर करता है और मतदान सबसे बड़ा दान है जो देश को उन्नति की ओर ले जाने वालों को चुनकर सरकार में भेजता है, इसलिए अपने मत का महत्व समझे और 13 मई को बूथ पर जाकर अपना मतदान करें। साथ ही अपने समस्त परिवार और रिश्तेदारों से भी मतदान कराने का संकल्प लें। लोगों ने उपस्थित लोगों ने संकल्प पत्र भरे तथा शपथ ग्रहण की। प्रधानाध्यापक संविलियन विद्यालय नूरपुर गोविंद चौरसिया ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर सुमन यादव, प्रीति चौहान, नेहा यादव, राहुल सिंह, अनीता वाजपेई, रोशनी, मीरा देवी, शिवांशु, आकाश, अनमोल, ईश्वर देवी, जमुना देवी, गुनगुन, प्रियंका, अनामिका, सुलेखा, रानी, वीरपाल, आशा देवी, श्यामा देवी, धर्मेंद्र, शिवदत्त, कमलेश, रतिराम, महेंद्र, सिद्धार्थ, रवि, मोहित, राजकुमार, नागेश, पंछी, शीतल, उषा आदि मौजूद रही।




मतदाता की जागरुकता की शपथ दिलाती भारती मिश्रा

# 97वें रक्तदान करने वाले राजीव गोयल को भाविप पांचाल शाखा ने दी बधाई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारत** विकास परिषद पांचाल शाखा के सदस्य इंजीनियर राजीव गोयल ने 56वीं बार रक्तदान कर जनपद में रिकार्ड बनाया है। वह 41 बार प्लेटलेट व कुल 97 बार रक्तदान किया है। पांचाल शाखा के सभी सदस्यों ने राजीव गोयल को बधाई दी है।

शाखा के अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन, सचिव देवेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनुपम पुरवार, संगठन सचिव कन्हैया शुक्ला व महिला संयोजिका ममता सक्सेना ने कहा कि हमें ऐसे सदस्य पर गर्व है जो लोगों के लिए सोचते है और 97वें बार रक्तदान करते हुए शाखा को गौरवांवित किया है। शाखा की ओर से उन्हें सम्मानित किया जायेगा। सभी ने राजीव गोयल को रक्तदान करने के लिए बधाई दी है।



रक्तदान करते राजीव गोयल

# अंगूठी लेकर भागने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अंगूठी दिखाने** के बहाने अज्ञात युवक दो अंगूठी लेकर भाग गया। हालांकि दुकानदार ने उसका पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

पीड़ित संतोष बाबू वर्मा पुत्र स्व0 राधेश्याम निवासी महावीरगंज द्वितीय का रहने वाला है। पीड़ित की दुकान आवास में ही है। पीड़ित की दुकान पर दिनांक 24 अप्रैल को 12 बजे के लगभग एक लड़का आया तथा जनानी अंगूठी दिखाने को कहा। अंगूठी देखने के बाद पीड़ित से शाम को लेने के लिए कहा। इसके बाद वही लड़का शाम को दुकान पर आया और वही अंगूठी दिखाने के लिए कहा। पीड़ित ने उस लड़के को वही अंगूठी दिखायी। थोड़ी देर तक वह लड़का दोनों अंगूठी देखता रहा और मौका देखकर एकदम अचानक हमारी दुकान से दो अंगूठी जिनका वजन लगभग 9 ग्राम है दोनों अंगूठी को लेकर तिवारी गली से होता हुआ भाग गया। पीड़ित ने उसका पीछा किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# कनोडिया बा.इं.का. की दस छात्रों का छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए हुआ चयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मदन** मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 में विद्यालय से 10 छात्रों का चयन हुआ।

प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी और प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल के द्वारा छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की नोडल प्रभारी पूनम शुक्ला ने बताया कि जनपद से 147 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। जिसमें विद्यालय की शिवानी और रिया दिवाकर ने जनपद में पांचवा स्थान, कीर्ति ने छठा स्थान, अरसला ने 18वां, हर्षिता देवी 27वां, कहकशा ने 30वां, नीतू और सौम्या राजपूत ने 35वां, दीपाली राजपूत ने 36वां और आकांक्षा ने 42वां स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय के लिपिक पंकज औदिच्य, राघव मिश्रा, राधा वर्मा, कंचन नागर, नेहा व अन्य शिक्षिकाएं उपस्थिति रही व छात्राओं को बधाइयां दी।



चयनित छात्रायें मौजूद प्रधानाचार्या व प्रबंधक आदि समृद्धि न्यूज

# खेत से पौधशाला हटाने को लेकर दबंगों ने दी जानमाल की धमकी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**खेत** से पौधशाला हटाने को लेकर दबंगों ने गाली-गलौज कर जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने पांच अरोपियों के खिलाफ क्षेत्राधिकारी कायमगंज को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। पीड़ित के अनुसार मामला कायमगंज कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बावजूद आरोपी दबंगई का परिचय देकर उत्पीड़न कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हंसापुर गौराई निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र रघुवर दयाल ने गांव के रविंद्र, सुरेंद्र, रघुवर दयाल, योगेश कुमार, कृष्णा पुत्र रविंद्र सिंह के खिलाफ क्षेत्राधिकारी कायमगंज को शिकायत पत्र देकर कहा कि गांव के पास उसका खेत है। खेत में पूर्व से पौधशाला का कार्य करता आ रहा है। शुक्रवार की सुबह खेत में स्थित पौधशाला जिसमें कार्य रहा था। इसी दौरान आरोपी आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा अगर शाम तक पौधशाला नहीं हटाई तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। आरोप है सभी आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जेल भिजवाने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार उक्त प्रकरण कायमगंज न्यायालय विचाराधीन। साथ ही कोर्ट द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का आदेश भी है। पीड़ित के अनुसार आरोपी दबंग हैं और उनको स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। इसी के चलते आरोपी तरह-तरह से उत्पीड़न कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार इससे पूर्व में भी स्थानीय पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध शिकायत की गई। मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यही कारण है आरोपियों के हौसले बुलंद है और तरह-तरह से धमकियां देकर उत्पीड़न ही नहीं कर रहे, बल्कि झूठे मुकदमो में जेल भिजवाए जाने की भी धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने पांचों आरोपियों के खिलाफ क्षेत्राधिकारी कायमगंज को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# नई ई-पॉस मशीन से राशन वितरण में कोटेदारों को आयी दिक्कतें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**खाद्यान्न वितरण** में प्रयोग की जाने वाली ई-पॉस मशीन के इस बार बदल जाने से उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। साथ ही कोटेदारों को भी मशीन ठीक प्रकार न चलने से कई दिनों तक उपभोक्ताओं को धीरे-धीरे राशन बांटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार इस खाद्यान्न वितरण में प्रयोग की जाने वाली ई-पॉस मशीन का स्वरुप बदल गया है। पहले कोटेदारों को छोटी मशीन मिलती थी, लेकिन इस बार टेबलेट की तरह बड़ी मशीन मिल गयी है, लेकिन यह मशीन काफी रुक-रुककर चली। जिससे एक दिन में करीब 10-12 लोगों को ही राशन वितरित किया जा सका। पूछने पर बढ़पुर के कोटेदार राजू ने बताया कि इस बार नई मशीन आने से दिक्कत हुई है। जिससे उन्हें राशन बांटने में कई दिनों का समय लगा। जिसका कारण मशीन का ठीक प्रकार से न चलना रहा। उन्होंने कहा कि शायद इस बार व्यवस्था ठीक आ जाये। साथ ही यह मशीन टाकिंग मशीन है। जो कितने यूनिट राशन वितरित किया गया है बताती है। राशन वितरण के बाद हर उपभोक्ता के मोबाइल पर मैसेज भी आता है कि आपको राशन मिल गया है या नहीं। अगर कोई शिकायत है तो टोल फ्री नंबर पर कर सकते हैं।




नई ई-पॉस मशीन समृद्धि न्यूज

# हाईवे पर जाम लगने से बस स्टैण्ड पर यात्रियों की उमड़ी भीड़

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**इटावा-बरेली** हाईवे पर अचानक जाम लगने से बस अड्डे पर घंटों रोडवेज बसें नहीं पहुंच सकीं। जिससे भीषण गर्मी से यात्री बेहाल नजर आये। जानकारी के अनुसार इटावा-बरेली हाईवे पर रामगंगा के पुल पर शुक्रवार को दोपहर अचानक जाम लग गया। जाम काफी लंबा होने से उसमें फर्रुखाबाद की तरफ आ रहीं रोडवेज बसें भी फंस गयीं। काफी देर बसों के जाम में फंस जाने से लाल दरवाजा रोडबेज बस अड्डे पर यात्रियों की काफी भीड़ नजर आयी। काफी देर बाद जाम खुला तो बसें पहुंची। तब कहीं जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली। यात्रियों का कहना था कि उन्हें भीषण गर्मी में कई घंटे रोडवेज बसों का इन्तजार करना पड़ा। जब रोडवेज बसें बस स्टैण्ड पर पहुंची, तो यात्री अपने-अपने गंतव्य को रवाना हुए।




बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ समृद्धि न्यूज

**दबंगई** | आरोपी भाजपा ब्लॉक प्रमुख पुत्र की गिरफ्तारी न होने से दहशत में कर्मचारी

# सत्ता की हनक में डूबे भाजपा ब्लाक प्रमुख के बेटे की दबंगई का दौर जारी

कदौरा (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**क्षेत्र** पंचायत कदौरा में लगातार बिना कार्य के भुगतान कराने को लेकर मामले सामने आते रहते है। फर्जी भुगतान को लेकर बीडीओ सहित अन्य कर्मचारियों पर सत्ता की हनक दिखाकर दबाव डाला जाता है। फर्जी भुगतान न करने पर उनके साथ कार्यालय के अंदर घुसकर मारपीट और ब्लॉक कार्यालय में तैनात आने जाने वाले कर्मचारियों को ट्रक या अन्य वाहनों से टक्कर मरवाने की धमकी दी जाती हैं। हैरानी की बात तो यह है कि भाजपा की ब्लाक प्रमुख के पुत्र द्वारा जिस तरह से क्षेत्र पंचायत कार्यालय में अधिकारियों व कर्मियों के साथ दबंगई देखने को मिल रही है वह क्षेत्रीय जनता को सपा शासनकाल की याद दिला रही है। हालांकि अभी तक इस मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष ही नहीं बल्कि जि मेदार पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने चुप्पी साध रखी है। तो वहीं क्षेत्रीय जनता भी इस मामले में टकटकी लगाये बैठी है।

गुरुवार को बीडीओ प्रतिभा शाल्या की तहरीर पर भाजपा ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी देवी के पुत्र उपेंद्र गौतम के विरुद्ध धारा 186, 386, 427, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद ब्लॉक परिसर में तैनात कर्मचारियों में अनहोनी की आशंका से भय व्याप्त रहा। कर्मचारियों का कहना है कि क्षेत्र पंचायत फर्जी कार्यों का भुगतान का दबाव डाला जाता है न करने पर मारपीट और धमकी दी जाती हैं। कई घटनाएं भी हो चुकी है, जिनका मुकदमा कदौरा थाने में दर्ज है। बीडीओ प्रतिभा शाल्या ने बताया कि एलईडी लाइट सहित अन्य फर्जी कार्यों का भुगतान के लिए दबाव डाला जाता है, न करने पर धमकी दी जाती है। विगत दिनों जेई के साथ ब्लॉक परिसर में मारपीट हुई थी। सुरक्षा के लिए उन्होंने डीएम से मांग की हैं।



बीडीओ को धमकी देने की घटना के बाद कार्यालय में पसरा सन्नाटा

# ईंट-भट्टे में लोगों को जिंदा जलाने के दोषी पूर्व मंत्री को उम्र कैद

एजेंसी

**नेपाली कांग्रेस में थे मंत्री, 16 साल बाद सुनाई गई सजा**

**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री रहे आफताब आलम को रौतहट जिला अदालत से आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना के 16 साल बाद सजा की घोषणा हुई है।

रौतहट जिले के बाहुबली नेता और नेपाल सरकार में श्रम मंत्री रहे आफताब आलम को पहले संविधान सभा चुनाव के दौरान कई लोगों को जिन्दा भट्ठी में झोंकने के मामले में दोषी पाया गया है। साल 2008 में हुए पहले संविधान सभा के दौरान रौतहट से नेपाली कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे आलम ने बूथ कब्जा कर चुनाव जीतने के लिए सीमावर्ती बिहार के कुछ अपराधियों को बुलाकर उनसे बम बनवा रहा था। बम बनाने के दौरान उसके घर में धमाका हो गया और बम बनाने वाले सभी बुरी तरह घायल हो गए। घटना को छिपाने के लिए सभी घायलों का इलाज कराने की बजाय उन सभी को अपने ईंट भट्ठे में ले जाकर जिन्दा झोंक कर उनकी हत्या कर दी थी।

# 2024-25 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान

## वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए की घोषणा, निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह मुख्य वजह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फी फीसदी रहने का अनुमान जताया है। डेलॉयट ने निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह को इसकी मुख्य वजह बताया है।




डेलॉयट इंडिया ने शुक्रवार को भारत की आर्थिक परिदृश्य पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों एवं सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। वित्तीय परामर्श कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के पूर्वानुमान को भी संशोधित कर 7.6 फीसदी से 7.8 फीसदी के बीच कर दिया है। डेलॉयट ने जनवरी में पिछले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.9 से 7.2 फीसदी की सीमा में रहने का अनुमान जताया था। डेलॉयट ने अपने आर्थिक परिदृश्य में कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 फीसदी और उसके अगले वित्त वर्ष में 6.75 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने जारी बयान में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एक दिन पहले जारी की गई मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

### क्या है सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) यह मापने का एक महत्वपूर्ण उपकरण है कि किसी देश की अर्थव्यवस्था कैसी चल रही है। यह सरकारों को यह पता लगाने की सुविधा देता है कि वे कितना कर और खर्च वहन कर सकते हैं, और व्यवसायों को यह निर्णय लेने में मदद करता है कि अधिक लोगों को काम पर रखना है या नहीं।

### वर्तमान में भारत की जीडीपी

सांख्यिकी मंत्रालय के अनुमान के मुताबिक , वित वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नए आंकड़ों में वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में 4.1 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जब यह 4.3 प्रतिशत थी।

# ओबीसी विरोधी पार्टी है कांग्रेस : शाह

## अमित शाह ने गुना लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में पिपरिया के मंडी परिसर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

एजेंसी

**अशोकनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि इस देश के संसाधन पर सबसे पहला हक आदिवासी, दलित गरीब, ओबीसी का है, लेकिन कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मंशा हम पूरी नहीं होने देंगे। कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी है। उसने ओबीसी आयोग नहीं बनाया। वर्षों तक ओबीसी वर्ग के लोगों को केंद्रीय संस्थानों में आरक्षण नहीं दिया गया।



प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश के विकास में सबसे पहली प्राथमिकता एससी, एसटी और ओबीसी को दी है। नीट परीक्षा, मेडिकल दाखिल में 27 फीसदी आरक्षण देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। अमित शाह गुना लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में पिपरिया के मंडी परिसर में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ को फिर से लागू करना चाहते हैं। ट्रिपल तलाक फिर से लाना चाहते हैं। यह देश शरियत कानून से चलेगा क्या। इस पर्सनल लॉ को नहीं आने देंगे। यह देश समान नागरिक संहिता से चलेगा। हमने उत्तराखंड में यूसीसी लाया है, यह वादा है कि हम देशभर में इसे लागू करेंगे। कांग्रेस 70 साल तक अनुच्छेद 370 को अपने बच्चे की तरह पालती रही, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अगस्त 2019 को एक झटके में कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया।

शाह ने कहा कि गुना वालों को दो नेता मिलेंगे। एक ज्योतिरादित्य और दूसरे मौजूदा सांसद केपी यादव। केपी यादव ने क्षेत्र की बहुत सेवा की है, उनकी चिंता आप मुझ पर छोड़ दो। सिंधिया घराने ने इस क्षेत्र का लालन-पालन अपने बच्चे जैसे किया है। मैं राजा साहब के लिए वोट मांगने आया हूं। सिंधिया मेरे मित्र भी हैं, भाजपा के वरिष्ठ नेता भी हैं। इन्हें जिताते हुए यह याद रखना, सिंधिया को दिया वोट नरेन्द्र मोदी को जाएगा। उन्होंने कहा कि नेशनल हाई-वे मुगांवली- कुरवाई 260 करोड़ लागत से बना। 112 करोड़ गुना में आवास योजना, 45 करोड़ से एयरपोर्ट, 83 करोड़ स्वास्थ्य केंद्र, 560 करोड़ चंदेरी माइक्रो इरीगेशन प्रोजेक्ट, 90 करोड़ मल्हारगढ़ माइक्रो इरीगेशन में लगाए।

### एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग से नफरत करती है कांग्रेस



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग से नफरत करती है। नड्डा ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन का छुपा हुआ एजेंडा है कि एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के अधिकारों को छीनना और मुसलमानों को देना है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने यह बयान गलती से नहीं दिया था। उन्होंने जानबूझकर ऐसा किया क्योंकि अप्रैल 2009 में मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल पर वह अपने बयान पर कायम रहे थे। डॉ. सिंह ने कहा था कि अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और देश के संसाधनों पर पहला अधिकार उनका होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के जरिए गलत बयानबाजी की गई और कहा गया कि मुसलमानों की हालत दलितों से भी बदतर हैं।

# जांच के आदेश के खिलाफ बंगाल सरकार पहुंची सर्वोच्च न्यायालय

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर 5 जनवरी को भीड़ द्वारा हमला किया गया था जब वे कथित राशन वितरण घोटाला मामले में अब निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी के लिए संदेशखाली गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को लोकसभा सचिवालय और अन्य को संसद के निचले सदन की विशेषाधिकार समिति द्वारा तलब किए जाने के खिलाफ पश्चिम बंगाल के शीर्ष नौकरशाहों द्वारा दायर याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था।

संदेशखाली हिंसा में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच के खिलाफ ममता बनर्जी की पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था, जहां इन मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। अदालत ने सीबीआई को आरोपों की जांच करने और एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)



के अधिकारियों पर 5 जनवरी को भीड़ द्वारा हमला किया गया था जब वे कथित राशन वितरण घोटाला मामले में अब निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी के लिए संदेशखाली गए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को लोकसभा सचिवालय और अन्य को संसद के निचले सदन की विशेषाधिकार समिति द्वारा तलब किए जाने के खिलाफ पश्चिम बंगाल के शीर्ष नौकरशाहों द्वारा दायर याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद सुकांत मजूमदार द्वारा उनके खिलाफ दायर कदाचार की शिकायत पर लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने उन्हें तलब किया था, जब वह उत्तर 24 परगना जिले के एक गांव, हिंसा प्रभावित संदेशखाली का दौरा करने की कोशिश कर रहे थे।

# खबरें एक नजर में

### रांची में पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी सहित तीन गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी की मोराबादी टीओपी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ मकान मालिक, किरायेदार और पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बरियातु थाना क्षेत्र के संजय सिंह, रातु थाना क्षेत्र के पीएलएफआई उग्रवादी विशाल स्वांसी और सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम निवासी विक्की साव शामिल हैं। इनके पास से बाइक एमटी–15 (जेएच 01 ईएन 1539), बाइक (जेएच 01 एफएम 8265) पुलिस ने बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एसएसपी के निर्देश पर मोरहाबादी मैदान के रजिस्ट्री ऑफिस के पास मोरहाबादी टीओपी पुलिस वाहन चेकिंग चला रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की एक एमटी–15 को रोका गया। बाइक में लगा नंबर (जेएच 01डी 0270) स्पष्ट नहीं था। चेसिस नंबर से जांच करने पर पता चला कि इसका मूल रजिस्ट्रेशन (जेएच 01 ईएन 1539) है, जो चान्हो थाना क्षेत्र के पतरातु निवासी राहुल कुमार के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने बाइक के साथ पकड़े गये संजय सिंह से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने यह बाइक मकान मालिक विक्की कुमार साव से खरीदी है। उसकी निशानदेही पर विक्की कुमार को पकड़ा गया। आरोपित विक्की ने एक और बाइक चोरी की बात स्वीकार की। विक्की की निशानदेही पर पूर्व के पीएलएफआई उग्रवादी विशाल स्वासी को पकड़ा गया। विशाल के पास से चोरी की बाईक (जेएच–01 एफएम 8265) बरामद हुई। बरामद बाइक कोतवाली थाना क्षेत्र के विष्णु साव की चोरी की बतायी जा रही है। गिरफ्तार विशाल के खिलाफ पूर्व से छह मामले दर्ज हैं।

### मेयर का चुनाव स्थगित होना भाजपा की साजिश : सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने नई दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार कुलदीप कुमार के साथ शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने भाजपा पर विभाजनकारी और नफरत फैलाने वाली राजनीति करने का आरोप लगाया। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा तोड़फोड़ की राजनीति में विश्वास करती है। पिछले 10 सालों में भाजपा ने देश के 6–7 राज्यों में विपक्ष की स्थापित सरकारों को तोड़कर अपनी सरकार बना ली। चंडीगढ़ के मेयर और गुजरात के सूरत का लोकसभा चुनाव इसके ताजा उदाहरण हैं। अब दिल्ली के मेयर का चुनाव ही खत्म कर दिया गया। दिल्ली मेयर चुनाव में कांग्रेस का आम आदमी पार्टी को समर्थन था। हमारे पास बहुमत था। हमारा ही मेयर चुना जाता लेकिन भाजपा ने मेयर का चुनाव ही नहीं होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मेयर का चुनाव रोकना भाजपा की दलित व पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। दिल्ली में मेयर का चुनाव होता तो आम आदमी पार्टी किसी दलित के बेटे को ही मेयर बनाती। अब दिल्ली के राज्यपाल ने भाजपा के दबाव में बिना किसी जायज कारण के यह चुनाव स्थगित कर दिया। भाजपा को डर है कि अगर आम आदमी पार्टी का मेयर चुन लिया गया तो उसे 25 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव में नुकसान होगा।

### हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने दिया इस्तीफा

**पोर्ट ऑ प्रिंस।** हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने बृहस्पतिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे कैरेबियाई देश में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हैती में लंबे समय से विभिन्न गिरोहों के बीच जारी हिंसा के कारण अनिश्चितता का दौर बना हुआ है। जनवरी से मार्च तक हिंसा में 2,500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है अथवा घायल हुए हैं। हेनरी ने 24 अप्रैल को लॉस एंजिल्स में हस्ताक्षरित एक पत्र में अपना इस्तीफा दिया। हेनरी के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को उनके इस्तीफे की घोषणा की। साथ ही यह भी बताया गया कि नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल चुनने के लिए एक परिषद का गठन किया गया है। इस बीच हेनरी की शेष कैबिनेट ने अर्थव्यवस्था एवं वित्तीय मामलों के मंत्री मिशेल पैट्रिक बोइसवर्ट को अंतरिम प्रधानमंत्री चुना है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ है कि परिषद अंतरिम प्रधानमंत्री कब चुनेगी।

### न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मैच में पाक को चार रन से हराया

**लाहौर।** टिम रॉबिन्सन (51) रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद विलियम ओ रूर्के की धारदार गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे टी–20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2–1 से बढ़त बना ली है। गद्दाफी स्टेडियम में गुरुवार को 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान की शरुआत खराब रही और 46 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे।

### पलामू में बारातियों से भरी बस पलटी, 12 घायल

**पलामू।** बिहार के औरंगाबाद जिले के देव से बारातियों को लेकर वापस लौट रही गजना मईया नामक बस (बीआर 45 पी 6203) शुक्रवार को पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में नागबाबा चबूतरा के समीप पलट गई। आसपास के लोगों ने बस में फंसे सभी 12 बारातियों को बाहर निकाला और अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। बारात भुनेश्वर प्रजापति के पुत्र अजय प्रजापति की थी और सभी बाराती गुरुवार को पतरिया से बिहार के देव गए थे। वापसी में पतरिया पहुंचने से एक किलोमीटर पहले ही यह घटना घट गई। ग्रामीणों में इस बात को लेकर रोष था कि गत वर्ष ही सरगड़ा मोड़ से वाया बिलासपुर, नौडीहा, सड़ेया गांव की सड़क मरम्मत कराई गई थी।

# लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के आरोपी को एनआईए ने किया गिरफ्तार

एजेंसी

**19 से 22 मार्च 2023 को लंदन में हुई घटनाएं बड़ी साजिश का थीं हिस्सा**

**लंदन।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को ब्रिटेन में 2023 में भारतीय उच्चायोग पर हमले के मुख्य आरोपित इंदरपाल सिंह गाबा को गिरफ्तार कर लिया है। गाबा साल 2023 में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हुए हिंसक हमले और उसके बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान गैरकानूनी कार्रवाइयों से संबंधित मामले में आरोपित था।

एनआईए के अनुसार ब्रिटेन के हाउनस्लो निवासी इंदरपाल सिंह गाबा को 19 और 22 मार्च 2023 को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला है कि 19 मार्च और 22 मार्च 2023 को लंदन में हुई घटनाएं एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं जिसमें भारतीय दूतावासों और उसके अधिकारियों पर गंभीर हमला करने की योजना थी। मार्च 2023 में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हमला खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ की गई पंजाब पुलिस की कार्रवाई की प्रतिक्रिया में था। लंदन में भारतीय उच्चायोग पर बीते साल 19 मार्च 2023 को खालिस्तान समर्थक तत्वों ने हमला बोल दिया था। उस दिन खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलन से जुड़ा एक प्रदर्शन उच्चायोग के सामने रखा गया था। प्रदर्शन के दौरान लगभग 50 अलगाववादी उच्चायोग परिसर के अंदर घुस गए थे। खालिस्तान समर्थक उपद्रवियों ने भारतीय ध्वज को नीचे खींच लिया था और उच्चायोग की बिल्डिंग में तोड़फोड़ की थी। हमले में अधिकारियों को भी चोट आई थी। अप्रैल में भारत के गृह मंत्रालय की ब्रिटेन के गृह विभाग के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद एनआईए ने मामले की जांच दिल्ली पुलिस से अपने हाथ में ले ली। जांच के लिए एनआईए की टीम ब्रिटेन पहुंची थी, जहां उसने प्रदर्शन और हिंसक हमले से जुड़े वीडियो हासिल किए थे।

## ईरान के साथ व्यापार करने वाली तीन भारतीय समेत एक दर्जन कंपनियों पर प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** ईरान-इजराइल के बढ़ते तनाव के बीच अब अमेरिका ने बड़ा एक्शन लिया है. अमेरिका ने ईरानी सेना की ओर से अवैध व्यापार और यूएवी ट्रांसफर्स को सुविधा के आरोप में एक दर्जन से ज्यादा कंपनियों, लोगों और जहाजों पर बैन लगा दिया है। अमेरिका द्वारा लगाए गई बैन कंपनियों की लिस्ट में 3 भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। एजेंसी के मुताबिक अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि इन कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों ने यूक्रेन में रूस के वॉर के लिए ईरानी मानव रहित हवाई वाहनों की गुप्त बिक्री को सुविधाजनक बनाने और फंडिंग करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस मामले में भारत की सहारा थंडर को मुख्य अग्रणी कंपनी के रूप में पहचाना गया है, जो इन कोशिशों के समर्थन में ईरान की कमर्शियल एक्टिविटीज की देखरेख करती है। सहारा थंडर का समर्थन करने के लिए जिन तीन भारत-आधारित कंपनियों पर बैन लगा है, वो ज़ेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड हैं।

# मुर्शिदाबाद रामनवमी हिंसा की एनआईए जांच के संकेत

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भी रामनवमी के दौरान हुए पथराव और आगजनी की घटनाओं की भी एनआईए जांच हो सकती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को रामनवमी पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में झड़पों के संबंध में एक रिपोर्ट सौंपने और यह बताने का शुक्रवार को निर्देश दिया कि क्या इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जानी चाहिए।

अदालत ने कहा कि मुर्शिदाबाद जिले के पुलिस अधीक्षक ने एक रिपोर्ट में 13 और 17 अप्रैल को बेलडांगा और शक्तिपुर में झड़पों के दौरान बम तथा अन्य हथियारों के कथित प्रयोग का उल्लेख किया था जिसके कारण लोगों को चोटें आयीं। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने एनआईए को झड़पों और दो जनहित याचिकाओं में लगाए अन्य आरोपों और बम के कथित इस्तेमाल पर एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।




पीठ ने एनआईए को रिपोर्ट में यह बताने के लिए कहा कि क्या झड़पों के संबंध में दर्ज प्राथमिकियों की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए। एनआईए अधिनियम के तहत बम विस्फोट उन अपराधों में से एक है जिसकी जांच केंद्रीय एजेंसी कर सकती है। अदालत ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 10 मई की तारीख तय की और तब तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। उसने एनआईए को एक याचिका में झड़पों के संबंध में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक कुमार चक्रवर्ती द्वारा लगाए गंभीर आरोपों की जांच करने का भी निर्देश दिया। मुर्शिदाबाद के पुलिस अधीक्षक और अपराध जांच विभाग ने उच्च न्यायालय के निर्देश पर एक हलफनामे के रूप में अदालत में रिपोर्ट दाखिल की। उच्च न्यायालय ने रामनवमी समारोह के दौरान मुर्शिदाबाद जिले में दो समुदायों के बीच झड़पों पर 23 अप्रैल को नाखुशी व्यक्त करते हुए निर्वाचन आयोग को बहरमपुर में लोकसभा चुनाव स्थगित करने की सिफारिश करने का प्रस्ताव दिया था। अदालत मुर्शिदाबाद के बहरमपुर लोकसभा क्षेत्र में हुई झड़पों की जांच सीबीआई और एनआईए से कराने के अनुरोध वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने पर दो समूह लड़ रहे हैं, तो उन्हें किसी निर्वाचित प्रतिनिधि की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में चुनाव एक और समस्या पैदा करेगा। विश्व हिंदू परिषद के कोलकाता क्षेत्र के संयोजक अमिय सरकार और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पश्चिम बंगाल और सिक्किम के क्षेत्रीय संयोजक एस. ए. अफजल ने जनहित याचिकाएं दायर की हैं।

# मोशन एजुकेशन ने जेईई परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, चयन अनुपात 68.01 प्रतिशत किया दर्ज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** एनईईटी और जेईई की तैयारी के लिए अग्रणी संस्थान मोशन एजुकेशन ने जेईई मेन परीक्षा के सत्र 2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया है। 68.01 प्रतिशत का चयन अनुपात हासिल करते हुए, संस्थान के 6,891 से अधिक छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त की है। संस्थान ने शीर्ष 1000 रैंक में स्थान हासिल करने वाले 44 छात्रों के साथ अपनी योग्यता साबित की।



शिक्षा की मात्रा से अधिक गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हुए, संस्थान अधिकतम छात्रों के चयन पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसके लिए यह छात्रों की नींव को मजबूत करने की दिशा में पूरी लगन से काम करता है। सभी पाठ्यक्रमों को सचेत रूप से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य छात्रों की अवधारणाओं का निर्माण करना है, जो किसी विषय को बेहतर ढंग से समझने में प्राथमिक कदम है। इस अवसर पर उत्साहित, मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ नितिन विजय ने कहा, छात्रों के अनुकरणीय प्रदर्शन से हमें उन्हें अपने सपने की ओर बढ़ते हुए देखकर बहुत खुशी होती है। सबसे प्रतिष्ठित जेईई परीक्षा के लिए बड़ी संख्या में छात्रों के उत्तीर्ण होने से यह उनकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए उनके अटूट समर्पण, कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प को रेखांकित करता है। चूंकि 44 छात्रों ने शीर्ष 1000 में स्थान हासिल किया, यह संस्थान के चयन अनुपात में सुधार करने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है, जो छात्रों के अधिकतम चयन पर केंद्रित है। अपने प्रदर्शन से संस्थान का नाम रोशन करने वाले छात्रों में महाराष्ट्र के विशारद श्रीवास्तव और राजस्थान के ईशान गुप्ता ने परीक्षा में सफलतापूर्वक 100 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमशः 40वीं और 46वीं रैंक हासिल की। उनके बाद राजस्थान के जयंत कुमार थे, जो 99.998 प्रतिशत के साथ 77वें स्थान पर रहे। मोशन एजुकेशन प्रा. लिमिटेड कोटा में एक अग्रणी कोचिंग संस्थान है, जो जेईई-मेन और एडवांस्ड, एनईईटी, एम्स, एनटीएसई, केवीपीवाई, ओलंपियाड और बोर्ड की तैयारी के लिए पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

## पाक की जेलों में बंद गुजरात के 35 मछुआरे 30 को किए जाएंगे रिहा

**अहमदाबाद।** पाकिस्तान की जेलों में बंद गुजरात के 35 मछुआरों को 30 अप्रैल को पाकिस्तान सरकार मुक्त करेगी। यह सभी लोग 2 मई को वाघा बॉर्डर पर भारत सरकार को सौंप दिए जाएंगे। मछुआरों के छोड़े जाने की सूचना पर मछुआरों के परिवार में खुशी की लहर दौड़ी है। पोरबंदर बोट एसोसिएशन के पूर्व प्रमुख और मछुआरों के अग्रणी जीवनभाई जुंगी ने बताया कि पाकिस्तान सरकार ने सभी छोड़े जाने वाले भारतीय मछुआरों और एक सिविलियन के नाम जारी किए हैं। इसमें पोरबंदर के विजय मोहन नामक खलासी समेत गुजरात के अन्य 34 मछुआरे शामिल हैं। इसके अलावा एक अन्य सिविलियन को भी छोड़ा जाएगा। जीवणभाई ने बताया कि मुक्त होने वाले सभी मछुआरे पाकिस्तान की विभिन्न जेलों में डेढ़ से दो साल से बंद हैं। मत्स्याटन के दौरान पाकिस्तानी मरीन ने उनका अपहरण कर लिया था।

# याचिका : नोटा को ज्यादा वोट मिले तो रद्द हो चुनाव




एजेंसी

**सूरत में बीजेपी कैंडिडेट की निर्विरोध जीत से उठा मामला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नोटा से जुड़ी एक याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। याचिका शिव खेड़ा ने लगाई है। इसमें चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है। पिटीशन के मुताबिक, अगर नोटा (नन ऑफ द अबव) को किसी कैंडिडेट से ज्यादा वोट मिलते हैं तो उस सीट पर हुए चुनाव को रद्द कर दिया जाए और नए सिरे से चुनाव कराए जाएं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच शुक्रवार 26 अप्रैल को शिव खेड़ा की याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गई है।

सूरत में 22 अप्रैल को बीजेपी कैंडिडेट मुकेश दलाल की निर्विरोध जीत के संदर्भ में याचिका दायर की गई है। दरअसल, यहां से कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और दस्तखत में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस कैंडिडेट समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे। 21 अप्रैल को 7 निर्दलीय कैंडिडेट्स ने अपना नामांकन वापस ले लिया। बीएसपी कैंडिडेट प्यारे लाल भारती ही बचे थे, जिन्होंने सोमवार 22 अप्रैल को पर्चा वापस ले लिया।

### सुप्रीम कोर्ट में दी याचिका में ये दी गईं यह चार दलीलें

1- याचिकाकर्ता के मुताबिक नोटा के स्वरूप में सबसे अहम बदलाव महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और पुडुचेरी में देखा गया। इन राज्यों के चुनाव आयोगों ने ऐलान किया कि यदि किसी चुनाव में नोटा को सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं तो वहां दोबारा वोटिंग होगी। नोटा की शुरुआत के बाद से चुनावी प्रक्रिया में यह पहला बड़ा बदलाव था।

2. राज्य चुनाव आयोगों ने नोटिफिकेशन जारी किया, जिनमें नोटा को एक काल्पनिक उम्मीदवार बताया। इसमें साफतौर पर कहा गया– अगर नोटा को सबसे ज्यादा वोट मिले तो दूसरे नंबर के उम्मीदवार को विजेता घोषित करना नोटा के सिद्धांत और उद्देश्य का उल्लंघन है।

3. सुप्रीम कोर्ट का नोटा लाने का मकसद यह उम्मीद करना था कि इससे चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ेगी, लेकिन ऐसा लगता है कि ऐसा नहीं हुआ। ऐसा तभी हो सकता है जब राज्य और केंद्र चुनाव आयोग महाराष्ट्र, दिल्ली, पुडुचेरी और हरियाणा की तरह नोटाको भी अधिकार दें।

4. महाराष्ट्र, दिल्ली, पुडुचेरी और हरियाणा में पंचायत और नगरपालिका चुनावों से नोटा के लिए जो प्रयास शुरू हुआ है, उसे सभी स्तरों पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए।

### क्या है नन ऑफ द अबव

नोटा एक वोटिंग ऑप्शन है, जिसे वोटिंग सिस्टम में सभी उम्मीदवारों के लिए असहमति दिखाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे भारत में पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के फैसले में 2013 के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद ईवीएम में जोड़ा गया था। हालांकि, भारत में नोटा राइट टू रिजेक्ट के लिए नहीं दिया गया है। मौजूदा कानून के मुताबिक, नोटा को ज्यादा वोट मिलते हैं तो इसका कोई कानूनी नतीजा नहीं होता। ऐसी स्थिति में अगले उम्मीदवार को विजेता घोषित किया जाएगा।